

दिव्यांग दिवस पर वर्ष 2023 के लिए दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करते हुए राष्ट्रपति


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 324 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


## फास्ट न्यूज

### तीनों राज्यों में फेल हुए केजरीवाल

**नई दिल्ली:** अरविंद केजरीवाल घरेलू मोर्चे पर कड़ी लड़ाई का सामना कर रहे हैं। उनके नेता संजय सिंह और मनीष सिसोदिया जेल में हैं, तो स्वयं उनके भी जेल जाने की संभावना जताई जा रही है। लेकिन इसी बीच अरविंद केजरीवाल को तीनों राज्यों में करारी हार का सामना करना पड़ा है। आम आदमी पार्टी ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों में अपनी किस्मत आजमाने का काम किया था, लेकिन उसके ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। कई विधानसभा में आम आदमी पार्टी उम्मीदवारों को नोटा से भी कम वोट मिले हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि अब राजधानी दिल्ली की जनता भी अरविंद केजरीवाल से छुट्टी चाहती है और केजरीवाल की विदाई तय है।

### जनता के दिल में सिर्फ मोदी: अमित शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने तीन राज्यों (मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़) में भाजपा को मतगणना में मिली बढ़त पर खुशी जताई है। शाह ने रविवार को एक्स पर लिखा कि आज के चुनाव परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि तुष्टीकरण और जाति में बांटने की राजनीति के दिन समाप्त हो चुके हैं। नया भारत पॉलिटिक्स ऑफ परफॉरमेंस पर वोट देता है। इस अपार समर्थन के लिए मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की जनता को वह नमन करते हैं। शाह ने कहा कि भाजपा की इस भव्य विजय पर वह प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देते हैं। शाह ने कहा कि मध्य प्रदेश की यह प्रचंड जीत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार की कल्याणकारी नीतियों और सुशासन पर जनता की मुहर है। प्रचंड बहुमत का आशीर्वाद देकर भाजपा को निरंतर सेवा का अवसर देने के लिए जनता का हृदय से आभार व कार्यकताओं का अभिनंदन। इस विशाल जीत के लिए छत्तीसगढ़ की जनता का आभार।

### प्रधानमंत्री 8 दिसंबर को आएंगे उत्तराखंड

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने तीन राज्यों में पार्टी की जीत पर कार्यकताओं को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन की जीत और सनातन विरोधियों की हार बताया है।

# देश में केवल एक ही गारंटी है, मोदी की गारंटी: भाजपा

# चार में से तीन राज्यों में भाजपा, एक में कांग्रेस

## एमपी में शिवराज सिंह तो राजस्थान में वसुंधरा राजे के नाम पर चर्चा

**मोदी ने कहा**

> 8 मोदी ने अपने संबोधन में महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं देश की 'नारी शक्ति' के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में से चार के नतीजे आज जारी कर दिए गए हैं। भारतीय जनता पार्टी फिलहाल चार राज्यों में से तीन में विजयी होती हुई नजर आ रही है। भाजपा छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में सरकार बनाने जा रही है। वहीं, तेलंगाना में पार्टी पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में बेहतर स्थिति में नजर आ रही है। इस बीच पीएम मोदी सहित भाजपा के कई नेता नई दिल्ली स्थिति पार्टी मुख्यालय पहुंचे।

**आज की विजय एतिहासिक:** पीएम मोदी इस दौरान पीएम मोदी ने पार्टी के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की विजय ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। आज सबका साथ, सबका विकास की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि आज ईमानदारी, पारदर्शिता और सुशासन की जीत हुई है।

**देश को जातियों में बांटने की हुई कोशिश: पीएम मोदी**

पीएम मोदी ने कहा कि इस चुनाव में देश को जातियों में बांटने की बहुत कोशिशें हुई लेकिन मैं लगातार कह रहा था कि मेरे लिए देश में चार जातियां ही सबसे बड़ी जातियां है। जब मैं इन 4 जातियों की बात करता हूं तब हमारी नारी, युवा, किसान और हमारे गरीब परिवार इन 4 जातियों को सशक्त करने से ही देश सशक्त होने वाला है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने आदिवासी समाजा के लिए कुछ नहीं किया।

**शक्ति वंदन अधिनियम ने माताओं-बेटियों के मन में जगाया नया विश्वास:** पीएम मोदी ने अपने संबोधन में महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं देश की 'नारी शक्ति' के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं। मैं अक्सर अपनी रैलियों में कहता था कि 'नारी शक्ति' ने तय कर लिया है कि चुनाव में बीजेपी का झंडा बुलंद होगा।

**आदिवासी समाज ने कांग्रेस का किया सफाया:** पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासन के दौरान आदिवासी समाज को कभी पूछा और यही आदिवासी समाज ने आज कांग्रेस का सफाया कर दिया। उन्होंने कहा कि आज मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में यही देखने को मिला। उन्होंने आगे कहा कि इन राज्यों की आदिवासी सीटों पर कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। आदिवासी समाज आज विकास के लिए आकांक्षी है और उन्हें भरोसा है कि इस आकांक्षों को सिर्फ भाजपा पूरा कर सकती है।




### मध्यप्रदेश में कांग्रेस की '11 गारंटी' फेल, भाजपा की 'योजना' बन गई गेमचेंजर

**भोपाल/नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के परिणाम से साफ है कि भाजपा को विजयश्री दिलाने में शिवराज सरकार की लाड़ली बहना योजना गेमचेंजर बनी। महिलाओं ने इस बार बढ़-चढ़कर मतदान किया था। 2,71,99,586 महिला मतदाताओं में से 76.03 प्रतिशत ने मतदान किया, जो 2018 के मुकाबले दो प्रतिशत अधिक है।

**इस योजना से 1 करोड़ 31 लाख महिलाओं को मिल रहा लाभ:** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में एक करोड़, 31 लाख महिलाएं लाड़ली बहनों को लाभ मिल रहा है। लाड़ली बहना और प्रधानमंत्री उज्वला योजना की हितग्राहियों को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर भी दिया जा रहा है। इसे महिला मतदान बढ़ाने में बड़ा कारण माना गया।प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने में हमेशा महिला मतदाताओं की बड़ी भूमिका रही है।

**शिवराज सिंह चौहान ने सत्ता में आते ही शुरू की थी योजना:** मुख्यमंत्री शिवराज



सिंह चौहान ने सत्ता में आने के बाद पहले मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना लागू की, जिससे उनकी छवि मामा की बनी। सामूहिक विवाह योजना लागू करके शिवराज सरकार ने गरीब परिवारों को आर्थिक तौर पर संबल दिया। इससे आगे बढ़ते हुए 28 जनवरी, 2023 को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना लागू करने की घोषणा की गई, जिसमें एक हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाने का वादा किया। मई से राशि बहनों के खातों में आने लगी। रक्षाबंधन के पहले महिलाओं के खातों में राशि जमा की गई।




### गहलोत ने राज्यपाल को त्यागपत्र सौंपा



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल कलराज मिश्र को मुख्यमंत्री पद से अपना त्यागपत्र सौंपा। राज्यपाल मिश्र ने तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र स्वीकार करते हुए उनसे राज्य में नई सरकार के गठन होने तक कार्य करते रहने का आग्रह किया है।

### विस चुनाव : प्रधानमंत्री ने तीन राज्यों में जीत पर जनता का जताया आभार



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनावों की मतगणना में निर्णायक बढ़त पर इन राज्यों की जनता विशेषकर महिलाओं और युवाओं का आभार जताया है। प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया है कि जन कल्याण के लिए हम निरंतर अथक परिश्रम करते रहेंगे। वहीं तेलंगाना की जनता को भी उन्होंने भाजपा का समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स कर कहा, जनता-जनार्दन को नमन! मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम बता रहे हैं कि भारत की जनता का भरोसा सिर्फ और सिर्फ सुशासन और विकास की राजनीति में है। हम विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। हमें ना रुकना है, ना थकना है। हमें भारत को विजयी बनाना है। आज इस दिशा में हमने मिलकर एक सशक्त कदम उठाया है। उन्होंने भाजपा कार्यकताओं का भी धन्यवाद दिया और कहा कि आप सभी ने अद्भुत मिसाल पेश की है। भाजपा की विकास और गरीब कल्याण की नीतियों को आपने जिस तरह लोगों के बीच पहुंचाया, उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वो कम है। तेलंगाना की जनता से मिले समर्थन पर एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में यह समर्थन बढ़ता ही जा रहा है और आने वाले समय में भी यह सिलसिला जारी रहेगा।

## जनता को पसंद है डबल इंजन की सरकार : अनुराग ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश की जनता को प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा है। चुनावी राज्यों ने दिखा दिया है कि गारंटी केवल प्रधानमंत्री मोदी की चलती है और जनता को डबल इंजन की सरकार पसंद है। प्रधानमंत्री मोदी के लिए युवाओं, महिलाओं, किसानों और



गरीबों का हित सर्वोपरि है। ठाकुर ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की गारंटियां फेल हो गई हैं। छत्तीसगढ़ और राजस्थान की कांग्रेस सरकार को जनता ने नकार दिया है। अब जो लोग विदेश यात्रा पर छुट्टी मनाने जाते थे, वह लंबी छुट्टी पर जा सकते हैं। विपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी पर जितने कीचड़ उछाले हैं, उतना ही कमल निखर कर सामने आया है। विपक्ष ने विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी को नीचा दिखाने का प्रयास किया। उन्हें गालियां दीं लेकिन जनता ने प्रधानमंत्री के विकास मॉडल को स्वीकार किया। विपक्ष जाति पर राजनीति करना चाह रही थी लेकिन जनता ने उसे नकार दिया।

## मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का जनादेश स्वीकार्य: गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य राहुल गांधी ने आज कहा कि तीन राज्यों में हुई कांग्रेस की हार को वह स्वीकार करते हैं। राहुल ने रविवार को एक्स पर लिखा कि वह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का जनादेश विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं। विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी। राहुल ने कहा कि तेलंगाना के लोगों को बहुत धन्यवाद। प्रजालु तेलंगाना बनाने का वादा हम जरूर पूरा करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत और समर्थन के लिए दिल से शुक्रिया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने अपने बयान में कहा कि ठीक 20 साल पहले भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हुए विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था।

## कांग्रेस की बुरी हार पर जदयू ने झाड़ा पल्ला

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

चार में से तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद अब इंडी गठबंधन के नेताओं का बयान सामने आने लगा है। सभी विपक्षी दलों को एकजुट करने में अगुवा की भूमिका निभाने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाईटेड ने कांग्रेस की हार को इंडी गठबंधन की हार मानने से इनकार कर दिया है। जदयू का कहना है कि कांग्रेस ने राज्य चुनावों में इंडी गठबंधन के सभी घटकों को साथ नहीं लेकर गलती की है।



**कांग्रेस पार्टी अपने बलबूते पर भाजपा को पराजित नहीं कर सकती:** जेडीयू के वरीय नेता और मुख्य प्रवक्ता केसी त्यागी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि कहा कि यह नतीजे बेहतर भी हो सकते थे। इसको इंडी गठबंधन से मत जोड़िये। इंडी गठबंधन चुनाव में कहीं नहीं था। सिर्फ कांग्रेस पार्टी चुनाव लड़ रही थी। कांग्रेस पार्टी के गढ़ माने जाते है। पिछले चुनाव में भी इन तीनों राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनी थी। लिहाजा यह भाजपा की जीत और कांग्रेस की हार है। इसका इंडी गठबंधन से कोई रिश्ता नहीं है। कांग्रेस ने चुनाव से पहले अपने घटक दलों से दूरी बना ली थी। इन राज्यों में किसी और दल के उपस्थिति के पक्ष में नहीं थी। जदयू, राजद और सपा ने भी प्रयास किया कि नॉमिनल नॉमिनेशन इन दलों को मिलना चाहिए। समाजवादी आंदोलन का इन इलाकों में काफी असर रहा है। अखिलेश यादव और ललन सिंह प्रयासरत थे। अब यह तय हो गया है कि कांग्रेस पार्टी अपने बलबूते पर भाजपा को पराजित नहीं कर सकती है।

## समारोह में आयेंगे राहुल गांधी व प्रियंका गांधी: मुख्यमंत्री

### हिमुडा में उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए यशवंत छाजटा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि 11 दिसंबर को राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर जिला कांगड़ा में एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी शामिल होंगे। यह बात मुख्यमंत्री ने आज हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा की नियुक्ति के लिए आभार व्यक्त करने ओक ओवर पहुंचे समर्थकों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यशवंत छाजटा ने अपने जीवन के 25 वर्ष कांग्रेस पार्टी की सेवा की है, जिसके कारण उन्हें सरकार में नियुक्ति मिली है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पार्टी के अन्य कार्यकताओं को भी पद दिए जाएंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार ने धर्मशाला नगर निगम के चुनाव में महापौर पद का चुनाव जीत लिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी बेहतर रणनीति बनाकर मैदान में उतरेगी और भाजपा को शिकस्त देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी व सरकार व्यवस्था परिवर्तन के दौर से गुजर रही है और आने वाले समय में कई बदलाव देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था परिवर्तन से हिमाचल प्रदेश में विकास की गति तेज होगी और हिमाचल प्रदेश की जनता को लाभ मिलेगा।

**सीएम की दौड़** — अब राज्य में सीएम चेहरे को लेकर पार्टी में मंथन का दौर चलेगा...

## जनता सीएम के तौर पर वसुंधरा से ज्यादा बालकनाथ को कर रही है पसंद

**जयपुर/टीम एक्शन इंडिया**

राजस्थान में रिवाज कायम रहा। राज्य में अशोक गहलोत के जादू छूमंतर हो गया। भाजपा ने राजस्थान में किसी को सीएम चेहरा नहीं बनाया है। इसका मतलब यह है कि अब राज्य में सीएम चेहरे को लेकर पार्टी में मंथन का दौर चलेगा। हालांकि, कई एग्जिट पोल ने दावा किया कि राज्य की जनता सीएम के तौर पर वसुंधरा राजे से ज्यादा बाबा बालकनाथ को देखना पसंद कर रहे हैं। अलवर जिले के तिजारा सीट से बाबा बालकनाथ ने कांग्रेस प्रत्याशी इमरान खान को



शिकस्त दी है। चुनाव जीतने के बाद उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत की। उन्होंने जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा,"यह सीट हमारी पार्टी के

**शिक्सत दी**

> 8 अलवर जिले के तिजारा सीट से बाबा बालकनाथ ने कांग्रेस प्रत्याशी इमरान खान को शिक्सत दी है।

कार्यकताओं और तिजारा के लोगों ने जीती है। उन्होंने मुझे अपनी सेवा करने का सौभाग्य दिया है। सभी निर्णय पीएम मोदी के मार्गदर्शन में लिए गए हैं।"

**सब पीएम मोदी के मार्ग दर्शन में चलेगा:** बाबा बालकनाथ इसके बाद जब उनसे सीएम बनने को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, हमारे मुख्यमंत्री, हमारे प्रधानमंत्री सबकुछ पीएम मोदी हैं। सब उनके मार्ग दर्शन में चलेगा। बता दें कि चुनाव प्रचार के दौरान बाबा बालकनाथ ने कहा था कि राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने के बाद गुंडों और बदमाशों के खिलाफ बुलडोजर चलेगा। इस बात पर उन्होंने हंसते हुए कहा,"तीन तारीख के बाद कोई नजर नहीं आएगा।"

इन दिग्गज नेताओं ने सीएम पद के लिए भरा हुंकार

राजस्थान विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से सरकार बना रही भाजपा में अब मुख्यमंत्री पद के दावेदारों को लेकर कशमकश शुरू हो गई है। भाजपा में मुख्यमंत्री पद के सबसे प्रमुख दावेदारों में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे और केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समर्थक भी उन्हे सीएम बनाना चाहते हैं। हालांकि बिरला ने अपना रूख फिलहाल समर्थकों के बीच भी स्पष्ट नहीं किया है। प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी भी सीएम पद के दावेदार हैं। इनमें दो बार पूर्व में सीएम रही वसुंधरा प्रदेश के नेताओं में सबसे लोकप्रिय है।

### जमानत के हकदार आरोपी को सीमित समय तक ही राहत देना अवैध

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब कोई अदालत यह निष्कर्ष निकालती है कि कोई आरोपी मुकदमे की सुनवाई पूरी होने तक जमानत पाने का हकदार है तो उसे अल्प अवधि के लिए ही राहत देना अवैध है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे आदेश स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत आरोपी एक व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उक्त टिप्पणी की। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने 29 नवंबर को दिए अपने आदेश में कहा कि हकदार होने के बावजूद अल्प अवधि के लिए जमानत देना संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है।

# हरियाणा में भी प्रचंड बहुमत से बनेगी भाजपा सरकारः नायब सैनी

टीम एक्शन इण्डिया/ चंडीगढ़/ झज्जर। जिला झज्जर के बेरी में अपने नागरिक अभिनंदन समारोह में गरजते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ की जीत की तरह ही हरियाणा में भी भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार सरकार बनाएगी। उधर, राष्ट्रीय सचिव नियुक्त होने पर ओम प्रकाश धनखड़ का भी नागरिक अभिनंदन किया गया। श्री धनखड़ ने भी यहां कहा कि तीन राज्यों में भाजपा की जीत मोदी के कुशल नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की कर्मठता के कारण संभव हो पाई है। दोनों नेताओं ने अभिनंदन समारोह में जाने से पहले माता भीमेश्वरी देवी के दर्शन किए और देश प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी और राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ के समारोह में पहुंचने पर सांसद अरविंद शर्मा, जिला अध्यक्ष विक्रम कादियान, पूर्व विधायक नरेश कौशिक, प्रदेश प्रवक्ता विकास वाल्मिकी, प्रवक्ता डा. राकेश, पूर्व मंत्री कांता देवी, जिला परिषद चेयरमैन कप्तान बिरधाना, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप अहलावत, युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नवीन बंटी सहित तमाम पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं और पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में हुई जीत की बधाई दी।



प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा में मनोहर सरकार जनता की भलाई के लिए लगातार काम कर रही है। डबल इंजन सरकार में गरीबों का आत्मविश्वास बढ़ रहा है और आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है। नायब सैनी ने कहा कि डबल इंजन सरकार में देश और प्रदेश का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है। प्रदेश के युवाओं को बिना पर्ची और खर्ची के मैरिट के आधार पर सरकारी नौकरियां मिल रही है। पारदर्शी शासन देकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दलालों को समाप्त कर जनता को घर बैठे सुविधाएं देने का काम किया है। श्री सैनी ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। रसोई गैस कनेक्शन देकर महिलाओं के जीवन को सरल बनाने का काम मोदी और मनोहर सरकार ने किया है। हर घर नल से जल और शौचालय बनवाकर मोदी सरकार ने महिलाओं का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले गरीब व्यक्ति पैसों के अभाव में इलाज नहीं करा पाता था। लेकिन अब मोदी-मनोहर सरकार ने आयुष्मान और चिराग कार्ड योजना देकर गरीबों को इलाज की चिंता से मुक्ति दिलाई है। रविवार को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश से आए चुनाव परिणामों पर बोलते हुए श्री सैनी ने कहा कि तीनों प्रदेशों की जनता ने फ्री की रेवड़ियां बांटने वाली कांग्रेस को नकार दिया है। जनता ने मोदी की नीतियों और गारंटी पर विश्वास जताया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा में भाजपा पन्ना तक पहुंच चुकी है।

# नारनौल में 58 पात्र लोगों को दिए गये मुफ्त गैस कनेक्शन

टीम एक्शन इण्डिया/नारनौल। विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा के दौरान अब तक जिला महेंद्रगढ़ में 58 पात्र परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिए गए हैं। रविवार को गांव मंडलाना में लाभार्थी महिलाओं को गैस कनेक्शन दिए गए। रविवार को गांव मंडलाना में आयोजित एक कार्यक्रम में लाभार्थी प्रियंका, गीता, मीना, रजनी व अंजलि ने कहा कि अब उनकी आंखें धुआं से बच सकेंगी। एलपीजी गैस और चूल्हे से खाना बनाने से न केवल आंखें और फेफड़े बचे रहेंगे बल्कि बहुत सारा समय भी बचेगा। साथ ही लकड़ियां एकत्रित करने की चिंता से भी मुक्ति मिल गई। उन्होंने कहा कि सरकार की उज्ज्वला योजना ने कई गरीब परिवारों के जीवन में उजाला लाने का काम किया है। विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के चौथे दिन रविवार को नारनौल खंड के



गांव मंडलाना व डोहर खुर्द में सामाजिक न्याय एवं आधिकारिक मंत्री ओम प्रकाश यादव भी मौजूद रहे। वहीं खेड़ी में अटेली विधायक सीताराम यादव व कनीना खंड के गांव तलवाना में कनीना एसडीएम सुरेंद्र कुमार व महेंद्रगढ़ खंड के गांव खरखड़ा में बीडीपीओ अनिल कुमार व आदलपुर में सरपंच मनोज कुमार मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। सभी जगहों पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की शपथ भी दिलाई गई। मंत्री यादव ने कहा कि केंद्र व हरियाणा सरकार की सरकार लगातार गरीब व मजदूर का आर्थिक उत्थान करने का कार्य कर रही है। मोदी-मनोहर की डबल इंजन की सरकार में तेज गति से विकास कार्य हुए हैं। अटेली के विधायक सीताराम यादव ने कहा कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सरकार ने असली हकदार को हक देने का कार्य किया है। अब किसी के हक की रोटी दूसरा नहीं छीन सकता।

## फूल लगी कार में छात्रा के अपहरण का प्रयास, नकली बंदूक दिखाकर डराया




टीम एक्शन इण्डिया/फतेहाबाद। जिले के गांव गोरखपुर में रविवार को दिनदहाड़े एक बीटेक फाइनल वर्ष की छात्रा का नकली बंदूक दिखाकर अपहरण करने की कोशिश की गई। वहां इकट्ठा हुए लोगों ने एक युवक को पकड़ लिया और उनकी जमकर धुनाई कर दी, जबकि एक युवक मौके से भाग गया।

घटना की सूचना मिलते ही भूना थानाध्यक्ष शादी राम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल युवक को गंभीर हालत में सीएचसी केंद्र भूना से अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। अपहरणकर्ता युवक अपनी कार को फूलों से सजाकर लेकर आए थे। पुलिस को दी शिकायत में बीटेक छात्रा के परिजनों ने बताया कि रविवार को भूना निवासी योगेश कुमार अपने एक अन्य साथी के साथ कार लेकर उनके घर पहुंचा और उसकी 21 वर्षीय बेटी का नकली बंदूक के सहारे अपहरण करने लगा। जब उसकी बेटी ने शोर मचाया तो आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और हथियारबंद एक युवक को मौके पर दबोच लिया जबकि दूसरा उसका साथी चकमा देकर भाग गया। छात्रा के पिता का कहना है कि आरोपी युवक जब ग्रामीण पर नकली बंदूक तानकर गोली चलाने की धमकी देने लगा तो उन्होंने उसकी पिटाई कर दी और पुलिस को सूचना देकर मौके को बुलाया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उपचार के लिए सीएचसी केंद्र में दाखिल करवाया, परंतु हालत गंभीर होने के चलते उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। इस संबंध में एसएचओ शादी राम ने बताया कि गोरखपुर गांव में एक छात्रा का नकली बंदूक दिखाकर अपहरण करने का प्रयास किया गया था जिसमें आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़कर पीट दिया है। उसकी हालत गंभीर होने के कारण अगर वह मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

## राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरूक्षेत्र की बैठक हुई आयोजित

टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)आज ताज पार्क कुरुक्षेत्र में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई जिसमें त्रिवार्षिक कार्यकारिणी का ऑडिट रिपोर्ट पेश की गई जिसमें सभी पांचों खंडों के प्रधानों ने ऑडिट रिपोर्ट पेश की जिसको ऑडिट ज़िला कार्यकारिणी के सामने प्रस्तुत किया गया।आज राज्य कार्यकारिणी की ओर से प्रेस प्रवक्ता सूबे सिंह सुजान व देवदत्त ने संगठन को मजबूत करने व चुनाव के लिए खंडों को व शिक्षकों को जागरूक करने पर विचार रखे।आज की बैठक में



अध्यक्ष राजेंद्र टंडन ने कहा कि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कोई कार्य ठीक से नहीं किया जा रहा है। शिक्षकों की एल टी सी दो वर्ष से पेंडिंग पड़ी है और बी एल ओ शिक्षकों को व्यवस्थित अवकाश नहीं दिया गया है जबकि अन्य जिलों में यह पत्र जारी किया है। इसके अलावा मौलिक शिक्षा कार्यालय में शिक्षकों के बिल समय पर जारी नहीं किए जाते हैं इसके लिए राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर हो गया है।

## कोहरें के दौरान वाहन चलातें समय बरतें सावधानीः भोरिया

टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक) पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने वाहन चालकों को सर्दी के मौसम में अपने वाहनों को चलाते समय अतिरिक्त सावधानी बरतने और यातायात से संबंधित कुछ जरूरी हिदायतों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। श्री भोरिया ने कहा कि सर्दी के मौसम में कोहरे की वजह से सड़क हादसों की संभावना चालीस फीसदी तक बढ़ जाती है लिहाजा सावधानी बरतनी बेहद आवश्यक है। सुरक्षित ड्राइविंग से सड़क हादसों पर बहुत हद तक रोक लगाई जा सकती है।



अतः जिला के सभी वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए सावधानियां जरूर अपनानी चाहिए। इस सम्बन्ध में दुर्घटना से बचाव के लिए जिला पुलिस ने की एडवाइजरी जारी की है।

## मध्य भारत में हार स्वीकार, कड़े फैसले ले कांग्रेस

टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)आज आए चार विधानसभा के परिणामों को मध्यनजर रखते हुए कांग्रेस नेता सतपाल शर्मा ने कहा कि हम अपनी हार स्वीकार करते हैं लेकिन जिन लोगों ने पार्टी को कमजोर करने का कार्य किया उनके खिलाफ पार्टी कार्रवाई करें। शर्मा ने कहा कि कुछ नेता मुंह में राम-राम और बगल में छुरी रखने का कार्य करते हैं, पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को पता है कि तीन राज्यों में किन-किन लोगों ने पार्टी के खिलाफ कार्य



किया,वह भी अपने स्वार्थ के लिए। राजस्थान के एक नेता ऊपर से पार्टी के साथ है लेकिन नीचे से पार्टी विरोधी कार्य किया उसके खिलाफ पार्टी जल्द कार्रवाई करें नहीं तो लोकसभा में और ज्यादा नुकसान होगा। शर्मा ने कहा अभी लोकसभा चुनाव में 4 महीने का समय बाकी है कांग्रेस पार्टी जल्द अपनी कमियों को दूर करने की कोशिश करें। रही बात भाजपा की 2014 से लेकर आज तक झूठ का जादू चल रहा है शायद वह आगे भी कायम रहेगा। कांग्रेस को रेवंत रेड्डी और डीके शिवकुमार जैसे मेहनती और तेज तर्रार नेताओं की जरूरत है।

## छात्रों में गजब प्रतिभा व संस्कृति के प्रति लगावः संजीव शर्मा

टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में चल रहा शिक्षा विभाग का राज्यस्तरीय सांस्कृतिक उत्सव-2023 रविवार को सम्पन्न हुआ। केशव सदन सभागार में आयोजित समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार संजीव शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि निदेशालय से आए सहायक निदेशक कुलदीप मेहता व राजीव वत्स ने अध्यक्षता की। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया तो जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कल्चरल फेस्टिवल की रिपोर्ट प्रस्तुत की। डीईओ रोहतास वर्मा ने प्रबन्धों में जुटे अधिकारियों व अध्यापकों को सफल आयोजन पर बधाई दी। मंच संचालन सतबीर कौशिक व डॉ भूपेंद्र सिंह ने किया। कक्षा 5 से आठ वर्ग में रेवाड़ी जिला ने ओवर ऑल ट्रॉफी जीती तो कक्षा 9 से 12 में




रेवाड़ी व कैथल जिला ने संयुक्त रूप से ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए केयू के रजिस्ट्रार संजीव शर्मा ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा व लोक संस्कृति के प्रति लगाव प्रभावित करने वाला है। रागनी गायन से लेकर लोकनृत्यों व थियेटर में बच्चों का प्रदर्शन प्रोफेशनल कलाकारों से कम नहीं था। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का रत्नावली उत्सव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध है और स्कूली बच्चों का यह कल्चरल फेस्टिवल मिनी रत्नावली नजर आ रहा था। बच्चों ने कम संसाधनों के बावजूद पूरी भव्य झांकियां सजाई हैं। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक उत्सवों से हमें अपने अतीत,वर्तमान व भविष्य की झलक देखने को मिलती है । हमारे रहन-सहन,खानपान ,रीति रिवाजों का बोध गीत,रागनी,नृत्य के माध्यम से होता रहता है । समाज में संवेदना और आत्मीयता का अहसास स्वस्थ गतिविधियों के आयोजनों में शामिल होने से होगा । उन्होंने सभी विजेता टीमों को बधाई दी और इस बार उपलब्धि प्राप्त न कर पाने वाली टीमों को हतोत्साहित होने की बजाए, और उत्साह से मेहनत करने की प्रेरणा दी। सहायक निदेशक कुलदीप मेहता ने कहा कि शिक्षा विभाग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्प है और खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है। ऐसे आयोजनों के पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे कार्यक्रमों का स्तर व भव्यता बढ़ी है।

## भाजपा की यह जीत कार्यकर्ताओं एवं संगठन की जीतः राजीव जैन

टीम एक्शन इण्डिया/सोनीपत । संजीव कौशिक। राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत पर कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व मंत्री कविता जैन व मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन के सेक्टर-15 स्थित कार्यालय पर ढोल नगाड़ो के साथ नाचते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई एवं आतिसबाजी करके अपनी खुशी का इजहार किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल और भाजपा वरिष्ठ नेताओं के जिंदाबाद के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि इस जीत



से निश्चित ही कार्यकर्ताओं के अंदर नई ऊर्जा व उत्साह का संचार हुआ है। तीनों राज्यो की जनता ने भाजपा को अपना आशीर्वाद देकर एक बार फिर से इतिहास रचने का काम किया है। पूर्व मंत्री कविता जैन व मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने जीत की खुशी में लड्डू बांटे । कविता जैन ने कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रचंड जीत जनता की भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अटूट विश्वास और स्नेह की जीत है। राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में भाजपा की विकास की राजनीति पर जनता ने उस पर फिर एक बार मोहर लगाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश ने हमेशा इतिहास रचने का काम किया है। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि देश की जनता भाजपा की सरकार को चाहती है। उन्होंने कहा कि आने वाले 2024 में लोकसभा और हरियाणा के चुनावो में भी भाजपा भारी बहुमत प्राप्त करके फिर से सरकार बनाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं एवं संगठन की जीत है। इस मौके पर पूर्व मंत्री अनिल ठकर, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मदान, मुकेश बत्रा, नरेश वर्मा, पार्षद हरि प्रकाश सैनी, पूर्व पार्षद महेश लूथरा, बबिता-त्रिभुवन कौशिक, अतुल जैन, सरदार मंजीत सिंह, बिट्टू जैन, पूर्व चेयरमैन अशोक छाबड़ा, प्रदीप गौतम, संजीव वलेचा, नवीन मंगला, नीरज अत्रे, दिव्यांक जैन, राजू कुमार शर्मा, सुरेश कथुरिया, धर्मपाल, संदीप, पवन गुप्ता, प्रवेश, नरेंद्र जोगी, राजपाल बामणिया, मीनू सैनी, सतनारायण मेहरा, महेश, अनिल ढुल, अर्पित मिश्रा, संजय मिश्रा, गौरव, सुमित राजपूत, आर्यन जांगड़ा, रेखा गर्ग, मीनू सैनी, आरती शर्मा, सुनीता पुष्कर, पूनम काजला, पूनम शर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डॉ राजेन्द्र प्रसाद जैसे महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरतः कुलपति

टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी थी । इसलिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए उनका विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी करने की जरूरत है। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को आने वाली पीढ़ियां एक अच्छे शिक्षाविद के रूप में हमेशा याद रखेंगी। वे रविवार को उनकी जयंती पर आर्ट फैकल्टी लॉन में



आयोजित कार्यक्रम में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद बोल रहे थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. शुचिस्मिता, प्रो. सुशीला, प्रो. महासिंह पूनिया, प्रो. परमेश कुमार, कुटा प्रधान डॉ. आनंद कुमार, डॉ. सोमवीर जाखड़, डॉ. गुरचरण सिंह, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, डॉ. हरविन्द्र राणा, सुरेन्द्र राणा सहित सहित शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

## 'युवाओं में नजर आया अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का जोश'

टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) गीता रन में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए महिला और पुरुष प्रतिभागियों को दौड़ते हुए अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 का जोश और उमंग सहजता से देखा जा सकता था। इस जोश और उमंग से ब्रहमसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग की फिजा भी बदली-बदली सी नजर आई। इन खिलाड़ियों ने दौड़ से पहले भारत में गीता जिंदाबाद के जयघोष के नारे लगाए और इन जयघोष की गूंज को दूर-दूर तक सुना जा सकता था। इस गीता रन में देश के विभिन्न राज्यों से सैकड़ों युवक और युवतियों ने अपना पंजीकरण करवाया। इस गीता रन के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 की गतिविधियों



का भी आगाज हो गया है।अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 की गीता रन का शुभारंभ करने के लिए विधायक सुभाष सुधा ब्रहमसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में पहुंचे। यहां पर जिला प्रशासन, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड और जिला खेलकूद विभाग की तरफ से आयोजित गीता रन को विधायक सुभाष सुधा ने हरी झंडी देकर रवाना किया। इसके उपरांत विधायक सुभाष सुधा, एडीसी एवं सीईओ केडीबी अखिल पिलानी, एसडीएम सुरेंद्र पाल, केडीबी मादन सचिव उपेंद्र सिंघल, जिला खेलकूद अधिकारी सतेंद्र कुमार ने पुरुषों की 10 किलोमीटर दौड़ में रोहतक से आरिफ अली प्रथम, सोनीपत से रोहित द्वितीय, रोहतक से परमजीत तृतीय स्थान पर आने पर क्रमशः 31 हजार, 21 हजार और 11 हजार रुपए की नगद राशि देकर सम्मानित किया।विधायक सुभाष सुधा ने 5 किलोमीटर महिला गीता रन में प्रथम स्थान पर आने वाली कुरुक्षेत्र से अंजली, द्वितीय स्थान पर अंबाला से रिंपी व तीसरे स्थान पर आने वाली रोहतक की नेहा पंवार को भी क्रमशः 31 हजार, 21 हजार और 11 हजार रुपए की नगद राशि देकर सम्मानित किया। इसके अलावा पुरुष वर्ग में करनाल से सौरव, राजस्थान से मुकेश कुमार, कुरुक्षेत्र से रवि, रोहतक से सुमित, निखिल, विकास व सौरव तथा महिला वर्ग में करनाल से विजेता, सिमरण, अंबाला से रितिका, कुरुक्षेत्र से गुंजन, महक, हर्षिता व महक को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 2100-2100 रुपए देकर सम्मानित किया। विधायक सुभाष सुधा ने युवाओं के साथ सीधा संवाद करते हुए कहा कि खेलकूद विभाग का इस गीता रन से अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 की गतिविधियों का विधिवत रूप से आगाज हो गया है। इस गीता रन के लिए केडीबी, जिला प्रशासन और तमाम प्रतिभागी बधाई के पात्र है। इस गीता रन में युवाओं के जोश और उत्साह को देखकर उन्होंने कहा कि सभी युवा खिलाड़ियों को मेहनत और लगन से अपने-अपने खेल और क्षेत्र में काम करने की जरूरत है।

# सीएम मनोहर लाल ने की जल संरक्षण योजनाओं की समीक्षा

## मुख्यमंत्री ने मिकाडा के अधिकारियों को तय समयावधि में कार्य पूरा करने और मानसून के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में चल रही जल संरक्षण योजनाओं की समीक्षा करते हुए आज सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चालू परियोजनाओं का तय समयावधि में क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को इन परियोजनाओं का लाभ जल्द से जल्द मिल सके। मुख्यमंत्री आज यहां सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ बजट 2023-24 में घोषित विभिन्न परियोजनाओं, राज्य में जल संरक्षण के लिए जल निकायों और जन संवाद कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अब तक चिह्नित किए गए 1000 एकड़ क्षेत्रफल वाले लगभग 100 जल निकायों पर जल्द से जल्द काम शुरू करने और



मानसून 2024 की शुरूआत से पहले इसे पूरा करने के निर्देश दिए ताकि बारिश के अतिरिक्त पानी के भंडारण हेतु पर्याप्त भंडारण क्षमता उत्पन्न की जा सके। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि जल संरक्षण के लिए अरावली की तलहटी में छोटे तालाब बनाये जाएं। इसके अलावा उन्होंने जन संवाद कार्यक्रमों में ग्रामीणों द्वारा दिए गए कार्यों को भी जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

**सिंचाई कार्यों के लिए बजट में हुई उल्लेखनीय वृद्धिः** बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार (सिंचाई) देवेंद्र सिंह ने बताया कि पहले मिकाडा और सिंचाई विभाग बजट का केवल 50 प्रतिशत ही खर्च कर सकता था, जबकि वर्ष 2023-24 में बजट आवंटन का लगभग 80 प्रतिशत तक खर्च कर सकता है, जोकि चालू वित्त वर्ष के लिए यह लगभग 2000 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015-2016 की तुलना में वॉट कोर्स के निर्माण में 250 प्रतिशत की वृद्धि और सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं में 500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सिंचाई कार्यों को निर्धारित अवधि में पूरा करें और योजना की बाधाओं को कम करने और परियोजना निष्पादन में तेजी लाने के लिए बैंक ऑफ सैंक्शन की निरंतर समीक्षा करें।

**सूक्ष्म सिंचाई हेतु 1.5 लाख एकड़ के लिए 46,512 आवेदन प्राप्तः** मिकाडा के प्रशासक डॉ सतबीर सिंह कादियान ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सूक्ष्म सिंचाई हेतु मिकाडा पोर्टल पर 1.5 लाख एकड़ के लिए 46,512 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 27,341 आवेदनों पर काम पूरा हो चुका है और 7,198 आवेदनों के लिए सहायता राशि जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने लंबित आवेदनों के लिए भी शीघ्र सहायता वितरण का निर्देश दिया।


**खरीफ चैनलों और अधिकतम जल उपयोग पर दिया जाए विशेष ध्यानः** मुख्यमंत्री ने जिला सिरसा में खरीफ चैनलों के विस्तार/निर्माण की मांगों के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि इस संबंध में व्यवहार्यता की जांच कर आगामी कार्यवाही की जाए, ताकि मानसून के मौसम के दौरान अतिरिक्त बाढ़ के पानी का उचित उपयोग किया जा सके। बैठक में ओट्टू में 22 दिन से 54 दिन तक उपलब्ध पानी की मांग पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने इस पानी का भी समुचित उपयोग करने हेतु एक योजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में ईआईसी बीरेंद्र सिंह, ईआईसी राकेश चौहान, सीई सुरेश यादव सहित विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## '2024 में लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ लड़ने के लिए तैयार'

**चंडीगढ़-** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि तीन प्रदेशों में भाजपा की जीत ने पार्टी की नीतियों व जनता के हित के लिए किए गए कार्यों पर मुहर लगा दी है। जनता ने नारों की राजनीति को उखाड़ फेंका है। मुख्यमंत्री रविवार को हिसार में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। हरियाणा में लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव करवाए जाने के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि केंद्रीय चुनाव समिति तथा चुनाव आयोग निर्णय करेगा तो वे लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा चुनाव के लिए भी तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा निचले स्तर तक योजनाओं को पहुंचा रही है। हरियाणा में



जजपा से गठबंधन के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नीतिगत विषय है। समय आने पर ही इस पर कोई फैसला होगा। उन्होंने कहा कि पन्ना प्रमुखों तक के संगठन ने बूथ लेवल पर काम करके सब प्रदेशों में बीजेपी को बेहतर परिणाम दिये है। कांग्रेस जैसा कह रही है कि इन नतीजों का इम्पेक्ट 2024 के चुनाव में आएगा, तो मैं भी कहता हूं कि इनका परिणाम आयेगा।



कोसली से विधायक लक्ष्मण यादव विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत रेवाड़ी जिला में डहीना खंड के गांव मंदौला में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल का अवलोकन करते हुए।

## 'मोदी-मनोहर सरकार की योजनाएं गारंटी के साथ अंतिम छोर तक पहुंच रही'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

केंद्र और प्रदेश सरकार की सभी योजनाएं हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे इसी उद्देश्य से देश व प्रदेश में चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को जिला सोनीपत के खरखौदा ब्लॉक के गांव पाई व नसीरपुर चौलका पहुंची, जहां पर लोगों ने इस यात्रा के अंतर्गत गांव में पहुंची विडियो वैन का ग्रामवासियों ने जोरदार स्वागत किया। यात्रा के अंतर्गत आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ राई से विधायक श्री मोहनलाल बड़ौली ने बतौर मुख्यातिथि किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं को लेकर लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यक्रम में आने वाले हर पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ प्रदान करें। विधायक बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है। सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से जरूरतमंद नागरिकों पहुंचे इसके लिए परिवार पहचान पत्र हरियाणा में योजनाओं के क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम बन गया है।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व सांसद ने जनआक्रोश रैली में सरकार को घेरा

**= प्रदेश के युवा बेरोजगारी के चलते अपना घर, अपने माता-पिता, प्रदेश-देश को छोड़कर दूसरे देशों में जाने को मजबूरः दीपेन्द्र हुड्डा**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान व सांसद दीपेंद्र हुड्डा आज इसराना हलके के मतलौडा अनाज मंडी में आयोजित विशाल जनआक्रोश रैली को संबोधित करने पहुंचे। इस दौरान अनाज मंडी में पैर रखने की भी जगह नहीं बची। वहां उमड़े जनसैलाब को देखकर गदगद हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान व सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने जमकर सरकार को घेरा। उदयभान ने कहा कि जनआक्रोश रैली में उमड़ा जनसैलाब बता रहा कि भाजपा-जजपा जा रही है और कांग्रेस आ रही है। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि आज इतनी बड़ी रैली में आपकी मौजूदगी से हमारा हौसला बढ़ा है। किसान आंदोलन में 750 किसानों की बलि लेने वाली सरकार, दिल्ली की सड़कों पर न्याय मांग रही हमारी खिलाड़ी बेटियों को सड़क पर घसीटने वाली सरकार, कर्मचारियों, सरपंचों, सफाई कर्मचारियों पर लाठी बरसाने वाली अहंकारी सरकार के पास धनबल, सत्ताबल, सरकारी तंत्रबल है लेकिन हमारे



पास जनता का आशीर्वाद है और हम आपके आशीर्वाद की ताकत से इस अहंकारी सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़कर जीतेंगे। हरियाणा को दोबारा से विकास व खुशहाली के रास्ते पर लेकर जायेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि चौ. उदयभान जी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद से पिछले एक साल में करीब 34 विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसदों ने भाजपा, जजपा, इनेलो जैसी पार्टियों को छोड़कर कांग्रेस पार्टी का दामन थामा है। उन्होंने रैली में उमड़े जनसैलाब का आभार प्रकट किया और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये विधायक बलबीर बाल्मिकी को बधाई दी। रैली को संबोधित करते हुए सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस की हुड्डा सरकार के समय विकास दर, प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, खिलाड़ियों के मान-सम्मान में, किसानों के कल्याण और किसान हित में, गरीब कल्याणकारी योजनाओं में और आपसी भाईचारे में देश भर में एक नंबर पर था। लेकिन बीजेपी और बीजेपी-जेजेपी सरकार ने हरियाणा को बेरोजगारी, महंगाई, नशा, अपराध में नंबर 1 बना दिया। आज न प्राईवेट सेक्टर में रोजगार है न सरकारी क्षेत्र में रोजगार मिल रहा है। पक्की नौकरियों को कौशल निगम या अग्निवीर जैसी योजनाओं के जरिये कच्चा किया जा रहा है। हरियाणा की सरकारी भर्तियों में जो लिस्ट आ रही है उसमें ज्यादातर दूसरे प्रदेशों के नौजवानों को हरियाणा की लिस्ट में जगह दी जा रहे है।

### न्यूज फ्लैश

## प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वाभिमान, सेवा, स्वावलंबन और सुशासन देने का काम कर रही है हरियाणा सरकारः स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल

**चंडीगढ़-** हरियाणा के स्कूल शिक्षा, वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री कंवरपाल ने कहा कि विकसित भारत का सपना केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या किसी सरकार का नहीं बल्कि भारत के हर नागरिक का सपना है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश के लोगों के सपने को साकार करने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वाभिमान, सेवा, स्वावलंबन और सुशासन देने का काम कर रहे है। स्कूल शिक्षा मंत्री ने रविवार को जिला यमुनानगर में प्रताप नगर खंड के गांव मुजाफत व भंगेड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। स्कूल शिक्षा मंत्री के संकल्प यात्रा में पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। श्री कंवर पाल ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में भागीदारी करते हुए ग्रामीणों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया, साथ ही उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए अविलंब समाधान के निर्देश दिए। स्कूल शिक्षा मंत्री ने नागरिकों को विकसित भारत बनाने की शपथ भी दिलाई तथा कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि अब हरियाणा में 1 लाख 80 हजार रुपये से कम आय वाले परिवार की बेटी को कॉलेजों में मुफ्त शिक्षा दी जाएगी इसके लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा कर दी है। ऐसे गरीब परिवार जिन के घर में कोई नौकरी नहीं है उसे 5 अंक अतिरिक्त दिए जा रहे हैं। सरकार के इस निर्णय से 100 लोगों में से 60 गरीब परिवार के लोगों को नौकरियां मिल रही हैं।

## पीएम व मुख्यमंत्री राष्ट्र के निर्माण के लिए देश व प्रदेश की जनता का जीवन बना रहे हैं सरल व सुगमः विधायक रामकुमार कश्यप

**चंडीगढ़/ टीम एक्शन इंडिया**

इंद्री के विधायक श्री रामकुमार कश्यप ने टपराना व अब्दुल्लापुर में विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा में जनता से किया संवाद और कहा कि जिस व्यक्ति का जो अधिकार है उसे वह अधिकार आसानी से मिले और जनता का जीवन सरल व सुगम रहे, सही मायने में तभी देश व प्रदेश विकसित राष्ट्र माना जाता है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल काम कर रहे हैं, उनका विजन है कि 2047 तक भारत आत्मनिर्भर और विकसित भारत बन जाएगा।

## विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने यात्रा को लेकर गांव ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

विकसित भारत संकल्प यात्रा, जनसंवाद कार्यक्रम के तहत आज गुरुग्राम जिला के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में केंद्र व हरियाणा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां लोगों को प्रदान की गई। इसी कड़ी में आज संकल्प रथ यात्रा जिला के पटौदी खंड में सुबह गांव घिलनावास व दोपहर के समय गांव ग्वालियर में पहुंची। रविवार की छुट्टी होने के चलते बड़ी संख्या में लोग भारत व हरियाणा सरकार की योजनाओं की जानकारी लेने के लिये घरों से बाहर निकले। पटौदी से विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने बतौर मुख्यातिथि यात्रा का स्वागत कर जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं को लेकर लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। विधायक ने उपस्थित जनसमूह को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने की शपथ दिलवाते हुए कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए हर व्यक्ति के सहयोग की जरूरत है इसलिए सभी मिलकर देश के उत्थान के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही है।

## आढ़ती, किसान, कामगार विरोधी गठबंधन सरकारः सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं हरियाणा की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार पूरी तरह से आढ़ती, किसान व कामगार की विरोधी है। इन तीनों वर्गों को परेशान करने के लिए बार-बार कोई न कोई नया हथकंडा तलाशना प्रदेश सरकार की आदत में शुमार हो चुका है। किसानों को बाढ़ से हुए नुकसान का मुआवजा व फसल बीमा के क्लेम दिलाने में विफल रहने वाली सरकार आढ़तियों का कमीशन रोके हुए है, जबकि कामगारों की मजदूरी भी जारी नहीं कर रही।



मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में धान की सरकारी खरीद 20-25 दिन पहले बंद हो चुकी है। इसके बावजूद आढ़ती अपने कमीशन के लिए सरकार की ओर टकटकी लगाए हुए हैं, तो धान की सफाई से लेकर लोडिंग-अनलोडिंग करवाने में पसीना बहाने वाले कामगारों की आंखें मजदूरी मिलने की आस में पथराने लगी हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार की ओर आढ़तियों के 267 करोड़ रुपये से अधिक और कामगारों के 215 करोड़ रुपये बकाया है। प्रदेश सरकार से जब-जब यह राशि मांगी गई तो कहा गया कि धान खरीद खत्म होते ही भुगतान कर दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब सभी आढ़तियों व कामगारों को 48 घंटे के अंदर उनकी बकाया राशि का ब्याज सहित भुगतान किया जाना चाहिए, ताकि उनके घरों के चूल्हे जलना बंद न हों। कुमारी सैलजा ने कहा कि दूसरी तरफ किसानों को अभी तक जुलाई महीने में बाढ़ से बर्बाद हुई फसल का मुआवजा भी प्रदेश सरकार ने नहीं दिया है। जबकि, कितनी ही बार वे इसके लिए आवाज उठा चुके हैं। क्लस्टर-2 में आने वाले अंबाला, हिसार, गुरुग्राम, जींद, करनाल, महेंद्रगढ़ व सोनीपत जिले में तो किसानों के खाते से रुपये काटने के बावजूद प्रदेश सरकार किसी बीमा कंपनी से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत उनकी फसल का इंश्योरेंस तक नहीं करवा पाई। सिरसा व हिसार में तो किसानों के करीब 04 हजार करोड़ रुपये बीमा कंपनियों की ओर पिछली फसलों के बकाया हैं। सिरसा व हिसार में किसान पक्का मोर्चा भी लगा चुके हैं।

## मोदी की गारंटी पर बढ़ रहा है जनता का भरोसाः राज्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की बडी जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जनता-जर्नादन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा बढ़ रहा है। इसी का नतीजा है कि भाजपा ने मध्य प्रदेश में जीत के सिलसिले को बरकरार रखा और राजस्थान व छत्तीसगढ को कांग्रेस को धूल चटाते हुए सत्ता हासिल की है। महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते साढ़े 9 साल के दौरान किसान हित, महिला हित, युवा हित से लेकर अंत्योदय भावना के आधार पर गरीब, वंचित व जरूरतमंद के उत्थान की दिशा में काम किया है।

उनकी योजनाओं का जन-जन तक पहुंच रहा लाभ और भविष्य की योजनाओं को लेकर उनके द्वारा गारंटी दिए जाने पर मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ के करोड़ों मतदाताओं ने भरोसा जताया और भाजपा की भव्य जीत का आधार बने। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में यह जीत सुनिश्चित हुई है।

## आरक्षण की समीक्षा की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में दाखिल एक याचिका मे जाति आधारित आरक्षण की समीक्षा की मांग को गई है। हाईकोर्ट को बताया गया कि एनसीबीसी की गाइड लाइन के अनुसार और इंदिरा साहनी व राम सिंह मामले में सुप्रीम कोर्ट स्पष्ट कर चुका है कि आरक्षण की हर 10 साल में समीक्षा होनी चाहिए। बावजूद इसके आज तक समीक्षा नहीं को गई है। इस याचिका पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार व राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। स्नेहांचल चैरिटेबल ट्रस्ट ने याचिका दाखिल में हाईकोर्ट को बताया था कि एनसीबीसी की गाइड लाइन के अनुसार और इंदिरा साहनी व राम सिंह मामले में सुप्रीम कोर्ट स्पष्ट कर चुका है कि आरक्षण की हर 10 साल में समीक्षा होनी चाहिए। बावजूद इसके आज तक समीक्षा नहीं की गई है। भारत में आजादी के बाद जब संविधान में आरक्षण का प्रावधान किया गया तब से लेकर अब तक राजनीति के लिए इसका इस्तेमाल किया गया है। वोट बैंक के लिए आरक्षण पाने वाली जातियों की संख्या में बढ़ोत्तरी तो कर दी जाती है परंतु किसी जाति को इससे बाहर नहीं किया जाता है। याची ने कहा कि आरक्षण लागू करते हुए हर 10 वर्ष में समीक्षा करने का प्रावधान रखा गया था लेकिन यह कार्य किसी ने भी नहीं किया। हरियाणा में आरक्षण के लिए मंडल कमिशन की रिपोर्ट को 1995 में अपनाया गया और इस रिपोर्ट के आधार पर शेड्यूल ए और बी तैयार किया गया था। इस रिपोर्ट में भी यह कहा गया था कि 20 साल में पिछड़े वर्ग को दिए गए आरक्षण की समीक्षा की जाए।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को मिल रहा अपार जनसमर्थनः यादव

**रविवार को मंदौला, निखरी, सांपली, निमोठ, आकेड़ा व बगथला में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के तहत रविवार को रेवाड़ी जिला के गांव मंदौला, निखरी, सांपली, निमोठ, आकेड़ा व बगथला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में योजना के लाभार्थियों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई व विभिन्न प्रकार की सेवाओं से लाभांवित किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी देने के साथ-साथ स्वास्थ्य की जांच भी की गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक लाभ पहुंच सके। रविवार को धारूहेड़ा खंड के गांव सांपली में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में हरियाणा के सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल व डहीना खंड के गांव मंदौला में कोसली के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत करते हुए लाभार्थियों को जागरूक व प्रेरित किया और उपस्थित लाभार्थियों को हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ



भी दिलाई। मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया गया। वहीं गांव निखरी में भाजपा नेता सुनील मूसेपुर व पीपीपी के कोऑर्डिनेटर सतीश खोला की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए लोगों से सीधा संवाद किया। गांव सांपली में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने लोगों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और गरीब कल्याण के स्वप्न को साकार करने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है।

# हर व्यक्ति को मिल रहा है योजनाओं का लाभ: कश्यप

## टपराना व अब्दुल्लापुर में विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा में जनता से किया संवाद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री के** विधायक रामकुमार कश्यप ने टपराना व अब्दुल्लापुर में विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा में जनता से किया संवाद और कहा कि जिस व्यक्ति का जो अधिकार है उसे वह अधिकार आसानी से मिले और जनता का जीवन सरल व सुगम रहे, सही मायने में तभी देश व प्रदेश विकसित राष्ट्र माना जाता है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल काम कर रहे हैं, उनका विजन है कि 2047 तक भारत आत्मनिर्भर और विकसित भारत बन जाएगा। विधायक रामकुमार कश्यप रविवार को इंद्री विधानसभा क्षेत्र के गांव टपराना व अब्दुल्लापुर में विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि इस संकल्प यात्रा के तहत सरकार की जनकल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस मौके पर अधिकारियों के सहयोग से लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में बीपीएल बनवाने के लिए लोगों को नेताओं व अधिकारियों के चक्कर काटने पड़ते थे अब बीपीएल कार्ड ऑनलाइन बन रहे हैं। अब इन में सिफारिश नहीं बल्कि ईमानदारी से पात्र व्यक्ति को इस श्रेणी में शामिल किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि अब हरियाणा में एक लाख 80 हजार रुपये से कम आय वाले परिवार की बेटी को कॉलेजों में मुफ्त शिक्षा दी



जाएगी, इसके लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा कर दी है। उन्होंने ने कहा कि ऐसे गरीब परिवार जिन के घर में कोई नौकरी नहीं है, उसे 5 अंक अतिरिक्त दिए जा रहे हैं। उन्होंने ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का उद्देश्य प्रत्येक परिवार में चूल्हा जले इसके लिए लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। अब 1 लाख रुपये से कम आय वाले परिवार के बच्चों को हरियाणा रोजगार कौशल निगम में एक लाख 80 हजार रुपये से कम आय के परिवार को अतिरिक्त अंक अधिक मिलेंगे। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि गरीब लोगों को आत्म निर्भर बनाने के लिए बैंकों से ऋण उपलब्ध करवाकर सरकार स्वरोजगार से जोड़ रही है। ऋण उपलब्ध करवाने के लिए गारंटी सरकार दे रही है और ऋण पर जो ब्याज लगेगा वह भी सरकार देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में करीब 5 हजार सहायता समूह हैं। इन सहायता समूह में काम करने वाली महिलाओं की आर्थिक स्थिति बेहतर हो और इन द्वारा बनाया गए समान की बिक्री एक स्थान पर हो इसके लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोचा है कि प्रत्येक शहर में खाली पड़ी दो एकड़ जमीन में सांझा बाजार बनाया जाए ताकि एक ही स्थान पर महिलाएं अपना सामान रख कर बेच सकें। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आयुष्मान कार्ड की तर्ज पर अतिरिक्त 18 लाख चिरायु कार्ड बनाएं हैं जिन परिवार की आय 1 लाख 80 हजार रुपये से अधिक है उन लोगों को भी 1500 वार्षिक प्रीमियम लेकर चिरायु योजना से जोड़ा जा रहा है, उन्हें भी 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा गरीब परिवारों के बच्चों को मान्यता प्राप्त प्राइवेट विद्यालयों में पढने.के लिए समान प्रदान करने के उद्देश्य से चिराग के नाम से महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र से जोडकर पात्र लाभार्थियों को घर बैठे 397 योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है और बुजुर्गों को पेंशन बनवाने के लिए सरकारी कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ते उनकी आयु 60 वर्ष पूरी होने पर स्वयं ही पात्र व्यक्ति की पेंशन लगाई जा रही है।

## न्यूज फ्लैश

### गांव मुखाला में लगाया रक्तदान शिविर



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एचडीएफसी बैंक** और जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से जिले के गांव मुखाला के सरकारी स्कूल में थैलीसीमिया रोग से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 75 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान करने के लिए रजिस्ट्रेशन किया और 68 यूनिट रक्त इक्ठा किया गया।
शिविर के संचालक कपिल किशोर ने बताया कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है।
उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरूरतमंद की मदद हो सकेगी।
शिविर में मोहित राणा, सरपंच ओमबीर राणा, पंच अंकुश राणा, अजय राणा, सचिन राणा, गोपाल राणा, जोनी पंडित, विक्की राणा, राहुल राणा, जीत राणा, आदि मौजूद रहे।

### रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सैक्टर-7 ने लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**रेजिडेंट वेलफेयर** एसोसिएशन सेक्टर-7 द्वारा कम्युनिटी सेंटर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डाक्टर निखिल गोरे के सहयोग से मुफ्त चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में 65 लोगों



की जांच की गई। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने सभी को निशुल्क दवाइयां प्रदान की।
इस शिविर में मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बटला और पार्षद मुकेश अरोड़ा ने मुख्य रूप से शिरकत की। संजय बटला ने इस प्रकार के शिविर आयोजित करने के लिए रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सैक्टर-7 की की सराहना की, जबकि मुकेश अरोड़ा ने शिविर के सफल आयोजन के लिए रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को बधाई दी।
रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान संजीव बजाज ने सभी सम्मानित सदस्यों और सेक्टर-7 के निवासियों का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि शिविर में अतुल्य लेब द्वारा सभी टेस्ट पर 50 प्रतिशत और सैक्टर-7 एसोसिएशन द्वारा अतिरिक्त 20 प्रतिशत डिस्काउंट पर 70 प्रतिशत डिस्काउंट पर टेस्ट करवाए गए।
शिविर में गीता प्रकाश, रमेश सचदेवा, उमेश वधवा, दीपक लेखी, देविंद शर्मा, पवन शर्मा, शाम सुंदर, इशू गोयल, प्रतीक अरोड़ा, पुनीत मुंजाल, हुकुम चंद, अभिषेक, प्रवीण मेहता, सरदार सुरिंदर सिंह, केपी अग्रवाल, राजीव नागपाल, जगदबा प्रसाद मदान, रविंदर कुमार ने सहयोग दिया।

### कैथल: गोदाम प्रबंधक व सुपरवाइजर ने महिला सफाई कर्मी से की छेड़छाड़

**कैथल/टीम एक्शन इंडिया**
**वेयरहाउस के** गोदाम में सफाई का कार्य करने वाली एक महिला ने गोदाम के प्रबंधक, सुपरवाइजर और एक अन्य आरोपी पर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रविवार को तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शहर के साथ लगते एक गांव निवासी 36 वर्षीय विवाहिता ने पुलिस को शिकायत दी कि वह कुतुबपुर रोड स्थित वेयरहाउस के गोदाम में सफाई का काम करती है। 29 नवंबर को शाम करीब 5-6 बजे जब वह गोदाम में सफाई कर रही थी तो वहां के प्रबंधक त्यागी, सुपरवाइजर योगेश व एक अन्य आरोपी विकास ने अचानक गोदाम के अंदर आकर दरवाजा बंद कर दिया। योगेश ने उसके दोनों हाथ पकड़ लिए और विकास उसके साथ छेड़खानी करने लगा। उसने अपना बचाव करने की कोशिश की तो प्रबंधक ने उसका मुंह दबा दिया और धमकी देने लगा कि जो हम चाहते हैं वो हमें करने दो, नहीं तो उसे किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ेंगे। जब उसने शोर मचाने की कोशिश की तो त्यागी धमकी देने लगा कि इसके मुंह में सल्फास डाल दो, तभी इसका मुंह बंद होगा। वह बड़ी मुश्किल से अपना बचाव कर गोदाम से बाहर निकली। आरोपियों ने उसे जाते हुए जान से मारने की धमकी दी और जातिसूचक शब्द भी कहे।

## करनाल: वेल्डिंग की दुकान से सामान चुराने वाले दो आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिला** पुलिस के बर्गलरी स्टॉफ की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर आरोपी टीलू पुत्र स्व. भगतू और शिवम उर्फ शिवा पुत्र सोमी वासियान डेरा बस्ती चांद सराय मंगल कॉलोनी करनाल को चांद सराय नजदीक शमशान घाट से गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से वेल्डिंग सेट, रिक्शा रेहड़ी, ड्राम लोहा और लोहे का करीब पचास किलोग्राम सामान बरामद किया गया। इस संबंध में शिकायतकर्ता गुरलाल वासी ज्योति नगर करनाल ने शिकायत दी थी कि 14 नवंबर को उसकी कुंजपुरा रोड पर स्थित वेल्डिंग की दुकान से वेल्डिंग सेट, लोहे के ड्राम और अन्य लोहे का सामान चोरी कर वारदात को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में थाना सिविल लाइन में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं,



जो जल्दी अमीर बनने के लालच में चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले भी चोरी के करीब पांच मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें आरोपी जेल में भी रह चुके है। आरोपियों ने चोरी की अन्य पांच वारदात को कबूल किया है, जिनमें भी आरोपियों की निशानदेही पर बरामदगी की जाएगी।

## तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर झूमे कार्यकर्ता

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
**राजस्थान,** मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत पर रविवार को भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने नाच गा कर और लड्डू बांट कर खुशी व्यक्त की। भाजपा के जिलाध्यक्ष राजू मोर ने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा की बड़ी जीत ने साबित कर दिया गया है कि 2024 में एक बार फिर नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। 2024 में भाजपा की जीत तय हो गई है। भाजपा के जिला महामंत्री डा. राज सैनी ने कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत से स्पष्ट हो गया है कि देश की राजनीति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि इन नतीजों से साफ है कि भारत के मन में मोदी है। मोदी के मन में भारत है।

## बड़ौली गांव में लगे नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 456 लोगों ने करवाई जांच

**राई। टीम एक्शन इंडिया**
**बड़ौली गांव** में रविवार को राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा के द्वारा नि:शुल्क नेत्र जाँच कैम्प आयोजित किया गया। शिविर में गांव के 456 लोगों ने जांच करवाई। जिनमें से 57 लोगों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन के योग्य पाए गए। जिनका आप्रेशन दिल्ली में निशुल्क करवाया जाएगा। संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा ने कहा कि हलके के सभी गांवों में निशुल्क नेत्र जांच शिविरों का आयोजन करवाया जा रहा है। शिविर में जो लोग आप्रेशन योग्य पाए जाते है तो उनकी आंखों का निशुल्क आप्रेशन करवाया जाता है। शर्मा ने कहा कि इसके



अलावा उनकी संस्था समाजसेवा के विभिन्न कार्य कर रही है। इसके अलावा लड़कियों के कालेज जाने के लिए निशुल्क बस की व्यवस्था के साथ पेयजल के लिए आरओ आदि की व्यवस्था की गई है। इस मौके पर डॉ धीरेंद्र सिंह, सुखबीर नंबरदार, सतीश कौशिक, ओमप्रकाश, सुरेश बैरागी, सुभा चंद पंडित, धर्मपाल पंडित, रोहतास, जयभगवान, बनवारी, कृष्ण, मोहनलाल, नरेश, अशोक, रामपाल, महेंद्र आदि शामिल रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व पर फिर लगी जनता की मुहर: जगमोहन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी के कुशल नेतृत्व की वजह से आज भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की है। जीत का यह कर्म यूं ही आने वाले दिनों में हरियाणा में भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में जारी रहेगा। यह शब्द मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने जीत का जश्न मनाते हुए कहे। इस दौरान उन्होंने समस्त भारतीय जनता पार्टी परिवार, प्रदेशवासियों व देशवासियों को इस जीत की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और कुशल



नेतृत्व का असर है कि निरंतर अलग-अलग राज्यों में भाजपा की सरकारें बन रही हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह हरियाणा में भी आगामी नगर निगम चुनावों, लोकसभा चुनावों और विधानसभा चुनावों में जीत का सिलसिला जारी रहेगा और पुनः मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी।

**जीत से स्पष्ट पूरे देश के मन में मोदी:** जगमोहन आनंद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की इस जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पूरे देश के मन में मोदी है। इस चुनाव को लोकसभा चुनाव का सेमी फाइनल माना जा रहा था, जिसमें भाजपा ने जीत दर्ज की है। इस जीत ने साबित कर दिया है कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में कितना विश्वास करती है। यह जीत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल नेतृत्व की जीत है।

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में फिर बनेगी हरियाणा में सरकार:** मीडिया कॉर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। परिवार पहचान पत्र हो या चिरायु योजना, हर योजना से वंचित व पात्र परिवारों को लाभ पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा है। सबका साथ-सबका विकास के साथ.साथ बिना भेदभाव के हरियाणा-एक, हरियाणवी-एक की भावना से मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश के हर कोने में विकास कार्य करवा रहे हैं। इसी के चलते आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा 10 की 10 सीटें पर जीत दर्ज करेगी। इसके साथ-साथ प्रदेश में तीसरी बार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी।

## मोदी की गारंटी के साथ छाई भारतीय जनता पार्टी

**पानीपत ,कमाल हुसैन**
**राज्यसभा** सांसद कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि मोदी की गारंटी के आगे सब फीका है और जिस तरह से आमजन ने उनकी गारंटी पर मोहर लगाई है,आमजन का विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूरी तरह से बन गया है।प्रधान मंत्री ने आज अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक योजनाओं को पहुंचाने का काम किया है।
हरियाणा की मनोहर सरकार ने भी परिवार पहचान पत्र के माध्यम से हरियाणा में योजनाओं के क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का असर अब धरातल पर दिखाई देने लगा है।
मनोहर सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं को गरीब के घर द्वार तक पहुंचाना है। राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विगत 2015 में मतलौडा की अनाज मंडी में आयोजित रैली में इसराना हलके के लिए विकासपरक घोषणाएं की थी। जिनमें सब तहसील से तहसील बनाना ,आईटीआई, महाविद्यालय इत्यादि बनवाए गए थे। यही नहीं इसराना के राजकीय कॉलेज के लिए 27 करोड रुपए नई बिल्डिंग के लिए भी मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए है।
इसराना और मतलौडा में नए बस स्टैंड के लिए जगह चिन्हित जा रही है। इसराना हल्के में विकास कार्यों के लिए कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

## स्कूल बस चालक ने सहायक महिला के साथ किया दुष्कर्म

**कैथल/टीम एक्शन इंडिया**
**शहर** के एक निजी स्कूल के बस ड्राइवर ने सहायक महिला का होटल में ले जाकर रेप किया और उसकी अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी। आरोप है कि चालक ने महिला से वीडियो वायरल ना करने की एवरेज में रूपयों की भी मांग की। पुलिस ने रविवार को बस चालक के खिलाफ रेप व अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। महिला ने पुलिस को शिकायत दी कि वर्ष 2019 में वह शहर के एक निजी स्कूल की बस पर बतौर सहायक कार्य कर रही थी। विकास गौतम नामक युवक उस बस में चालक था। उनकी आपस में जान-पहचान हो गई। दो फरवरी 2019 को आरोपी उसे ढांड रोड स्थित एक होटल में ले गया। आरोपी ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

## मंजिल को पाना है तो रख उसी पे नजर....

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**कुंजपुरा** गांव स्थित रामलीला भवन में रविवार को विकास क्लब साहित्य कला मंच के मासिक सांझा विरासत कार्यक्रम में रचनाकारों ने प्रस्तुतियों के माध्यम से खूब तालियां बटोरी।
सिटीजन ग्रिवेंसिज कमेटी करनाल की चेयरपर्सन अंजु शर्मा ने रचना पेश करते हुए कहा कि मंजिल को पाना है तो रख उसी पे नजर, कोशिश तेरी खुद मील का पत्थर बन जाएगी..। शशि शर्मा ने कहा कि फर्ज सारे निसार दूं तो चलूं, तोतली बातें भी बुलाती हूं, जरा उनको दुलार दूं तो चलूं। सुख



फाउंडेशन की चेयरपर्सन गुरविंद्र कौर ने कहा मैं एक आम औरत हूं, हां हो जाती हूं खास उन सबकी नजर में।
ममता प्रवीण ने कहा कि सब कहा जा चुका अब भी सुन सको तो कहूं, सच लगता है जहर, जहर पी सको तो कहूं। डॉ. एसके शर्मा ने कहा कि हम से इबादतें में कमी रह गई अगर, रह रह के तेरे दर पे सजदा करेंगे हम। मुनिराज शर्मा ने कहा कि रोप दिया बीज खुद के विनाश का, वो तारा भी धुएं में लुप्त है जो स्रोत है प्रकाश का। संजोत सिंह सिमर ने कहा कि आंख से जो खूं टपका किया, यूं अपने मन को हलका किया, आकर बैठे दुश्मन पस-ए-पर्दा, दोस्तों को उस रोज चलता किया। कार्यक्रम के आयोजक प्रेमपाल सागर ने कहा कि हमारे दिल की धडकनों सांसों में आप हैं, प्रेम पूजा साधना उपवासों में आप हैं। कमलेश कुमार पालीवाल कमल्य ने कहा कि पहले अंधा बनाया गया, आईना फिर दिखाया गया। मनोज मधुरभाषी ने कहा कि चलने का हुनर रखता हूं, मगर कहीं पर मैं रुकूंगा नहीं। गुलाब सिंह फक्कर ने अभी जिंद ना कर ए जिंदगी, कभी फुर्सत से लिखेंगे तुझे भी...पंक्तियों पेश की।

## ऐतिहासिक नतीजों ने दिखाया की जनता मोदी के साथ: बड़ौली

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**राई** से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ में भाजपा की हुई ऐतिहासिक जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इन राज्यों के नतीजों ने दिखा दिया कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ी है और निश्चित ही 2024 में तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही बनेंगे।
उन्होंने कहा कि आज का परिणाम केन्द्र सरकार द्वारा गरीबों को समर्पण कल्याणकारी योजनाओं का परिणाम है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीबों के सच्चे हितैषी है उन्होंने हमेशा गरीबों की आवाज को उठाया है उनके हकों की चिंता करते हुए





अंत्योदय उत्थान की अनेक योजनाएं चलाई है चाहे वो आयुष्मान भारत योजना, गरीब कल्याण योजना हो या गरीबों को मुफ्त में राशन बांटने की योजना हो। आज प्रधानमंत्री के कारण ही गरीब व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य की चिंता नहीं है क्योंकि वे भी आयुष्मान कार्ड की मदद से अच्छे अस्पतालों में अपना ईलाज करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना के समय जब पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा था तो प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरा देश एकजुट होकर कोरोना के खिलाफ लड़ा और हमने अपने लोगों की तो सेवा की ही बल्कि दूसरे देशों के लोगों की चिंता करते हुए उन्हें भी कोरोना के टीके, राशन तथा राहत सामग्री भिजवाने का कार्य किया। विधायक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिलकर दिन-रात मेहनत की, जिसका परिणाम आज हमारे सामने हैं।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च किए, जिससे आज विश्व की हर बड़ी कंपनी देश में अपना निवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि आज हर भारतीय ने देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है और हम इस संकल्प को हर हाल में पूरा करेंगे।
गन्नौर से विधायक निर्मल चौधरी ने भाजपा के हक में आए चुनावी नतीजों पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दी गई विकास की गारंटी पर जनता को पूरा विश्वास है।
उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री बनते ही गरीब लोगों को मुफ्त में खाते खुलवाएं ताकि गरीबों का हक उन्हें पूरा मिले। आज अगर उपर से एक रुपए आता है तो वह सीधे गरीबों के खातों में भेजा जाता है, प्रधानमंत्री की इस सोच से बिचौलियों और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है।

## निरंतर मेहनत ही सफलता की असली कुंजी: सुरेंद्र पंवार

**सोनीपत। टीम एक्शन इंडिया**
**विधायक** सुरेंद्र पंवार ने कहा कि खेल में हार-जीत होती रहती है, हार से खिलाड़ी को कभी भी निराश नहीं होना चाहिए। हमेशा खिलाड़ी को अपने लक्ष्य की तरफ अग्रसर रहना चाहिए। निरंतर मेहनत करने वाली टीम व खिलाड़ी हमेशा सफलता होता है। विधायक सुरेंद्र पंवार देवड़ू रोड बाइपास स्थित क्रिकेट स्टेडियम में नैशनल स्पोर्टस क्लब के तत्वावधान में आयोजित प्रथम सोनीपत कारपोरेट प्रीमियर लीग के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने के उपरांत खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि क्लब द्वारा स्पोर्टस लीग



का आयोजन कर खिलाड़ियों को एक उचित मंच मुहैया करवाया है। इस लीग के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का उचित मंच मिलेगा। जब तक खिलाड़ी संकल्पबद्ध होकर नहीं खेलेगा, तब तक सफलता मिलनी बड़ी मुश्किल है। हमेशा खिलाड़ी को एकाग्रता के साथ खेल खेलना चाहिए। खेल में अनुशासन व ईमानदारी हर हाल में निहित होनी चाहिए। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने विजेता टीम को बधाई देते हुए भविष्य में और अधिक मेहनत कर प्रदेश व देश का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी। इस दौरान पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, पार्षद नीतू राजेश दहिया, प्रदीप शर्मा, रविंद्र मलिक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# संपादकीय

## सदन को हंगामा नही चर्चा चाहिए

**पिछले** कुछ सालों से ऐसा लगने लगा है कि संसद और विधानसभा सत्र की लगातार बाधित होती कार्यवाही प्रक्रिया का मूलभूत हिस्सा बन चुका है। हालांकि सैद्धांतिक तौर से ऐसा नहीं है, लेकिन व्यवहार में हम ऐसा ही देख रहे हैं। राज्यसभा और लोकसभा दोनों ही सदनों और राज्यों की विधानसभाओं में सत्र के दौरान हंगामा और अवरोध का ही बोलबाला रहा। हालांकि संसद में ये जो हंगामा हुआ है. इसके पीछे एक पृष्ठभूमि है। दरअसल सरकार की ओर से एक एडवाइजरी जारी की गई कि सदन में कोई भी धरना-प्रदर्शन, नारेबाजी या तख्तियां लेकर हंगामा नहीं होगा। दूसरी वजह है सरकार की ओर से दिशा-निर्देश की एक पुस्तिका जारी करना है। इसमें असंसदीय शब्दों का दायरे में भ्रष्टाचार और तानाशाही जैसे शब्दों को भी शामिल कर लिया गया। विपक्ष ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करता रहा है। कांग्रेस की सरकार में भी ऐसी एडवाइजरी जारी की गई थी लेकिन अनुरोध किया गया था। लेकिन मोदी सरकार ने काफी कड़ा रुख लिया है। विपक्ष की नाराजगी की एक वजह ये भी है। भले ही विपक्ष कमजोर है. लेकिन वह जनता को दिखाना चाहता है कि वह उनके मुद्दों को उठा रहा है। दूसरी ओर सरकार अपने रुख पर अड़ी दिखती हें ? देखिये ऐसी स्थिति में तो फायदा सरकार को हो रहा है। सरकार जो बिल पारित कराना चाहती है करा रही है. इस पर चर्चा नहीं हो रही है। जबकि बिल संसद की आत्मा है। जब बिल पर ही चर्चा नहीं हो रही है तो फिर क्या रह जाता है। ऐसा ही सख्त लहाजा इस बार उत्तर प्रदेश विधानसभा सत्र के दौरान योगी सरकार द्वारा अपनाया जा चुका है। बहरहाल इसका सीधा उदाहरण पिछली अगस्त के मानसून सत्र के दौरान देखा जा चुका है जिसमें सदन में 23 विधेयक पास किए गए और इनमें 20 विधेयक ऐसे थे जिन पर एक घन्टे भी चंचा नही हुई ! इसी तरह इसके पूर्व जुलाई में इण्डिया गठबंधन ने बिना सोचे समझें प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास की पैरोकारी कर डाली और वह औधे मुंह गिर पड़ें। संसद डायलॉग का रास्ता है. आपको बैठ कर बीच का रास्ता निकालना होगा. तभी संसद चल पाएगी और कामकाज हो सकेगाश्श संसद के कामकाज का इस तरह हंगामे की भेंट चढ़ जाना लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं माना जाता है।हमारे और आपके द्वारा चुने गए नेताओं के संसद में शोर और हल्ला करने से देश की इकोनॉमी पर काफी असर पड़ रहा है। देश में रहने वाले करदाताओं का पैसों का नुकसान हर घंटे केवल संसद में नेताओं के हो-हल्ले के कारण हो रहा है।संसद की प्रत्येक कार्यवाही पर करीब हर मिनट में ढाई लाख (2.5 लाख) रुपये खर्च का अनुमान है।आसान भाषा में समझें तो एक घंटे में डेढ़ करोड़ रुपये (1.5 करोड़) खर्च हो जाता है। इसी तरह विधानसभाओं का खर्च है अगर मान लो किसी राज्य की विधानसभा का सालाना बजट 100 करोड़ रुपए है, जिसमें से 15 करोड़ रुपए अनुदान, वेतन और खर्चों के रहते हैं। बाकी 85 करोड़ रुपए सदन की कार्रवाई के संचालन पर खर्च होते हैं। यानी सालभर में तकरीबन 45 बैठकें होती हैं। इस हिसाब से एक दिन की बैठक के दौरान पांच घंटे सदन की कार्रवाई चलती है, जिस पर 2 करोड़ रुपए खर्च होते हैं। एक घंटे की कार्रवाई पर 40 लाख रुपए और 1 मिनट की कार्रवाई पर खर्च 66 हजार रुपए के करीब है। इसके अलावा सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लगाई जाने वाली पुलिस और अन्य सुरक्षा के साथ सदन के आसपास की यातायात व्यवस्था के ध्वस्तीकरण से कोई अनजान नही है।

# इतनी नफरत इतना जहर?

तनवीर जाफरी

"जिस देश की आजादी की लड़ाई में कुर्बान होने वाले लाखों हिन्दू-मुस्लिम-सिख-ईसाई शहीदों के नाम से पोर्ट ब्लेयर जेल की दीवारें तथा नई दिल्ली के इण्डिया गेट की शिलायें पटी पड़ी हों,जिस देश की सेना में शहीद होकर ब्रिगेडियर उस्मान व वीर अब्दुल हमीद जैसे हजारों शहीदों ने अपनी राष्टभक्ति व कर्तव्यपरायणता की मिसाल पेश की हो। जिस देश की मिसाइल व परमाणु सुरक्षा प्रणाली का जनक भारत रत्न मिसाइल मैन ए पी जे अब्दुल कलाम जैसा महान वैज्ञानिक हो, उसी देश में नफरत और जहर से भरा हुआ संकीर्ण मानसिकता रखने वालों का एक छोटा सा वर्ग ऐसा भी है जो न केवल उपरोक्त तथ्यों को नजर अंदाज करने की कोशिश करता रहता है बल्कि इसके विपरीत साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने तथा नफरत के प्रचार प्रसार के काम में भी व्यस्त रहता है"



**हमारे** भारतीय समाज में धार्मिक सद्भावना की जड़ें इतनी गहरी हैं कि दुनिया भारत के इस सद्भावना पूर्ण इतिहास की मिसालें पेश करती है। भारत को 'अनेकता में एकता' रखने वाले देश के रूप में जाना जाता है। जिस देश में हिन्दू देवी देवताओं के प्रशंसक कवि रहीम,रसखान और जायसी जैसे अनेक कवि हों ,जिस देश में अकबर के सेनापति मान सिंह और महाराणा प्रताप के सेनापति हाकिम खान सूर रहे हों ,जिस देश में छत्रपति शिवजी महाराज के कई सेनापति,नेवल कमाण्डर से लेकर उनके गुप्त दस्तावेज पढ़ने व उसका जवाब देने वाले मुस्लिम रहे हों,जिस देश की आजादी की लड़ाई में कुर्बान होने वाले लाखों हिन्दू-मुस्लिम-सिख-ईसाई शहीदों के नाम से पोर्ट ब्लेयर जेल की दीवारें तथा नई दिल्ली के इण्डिया गेट की शिलायें पटी पड़ी हों,जिस देश की सेना में शहीद होकर ब्रिगेडियर उस्मान व वीर अब्दुल हमीद जैसे हजारों शहीदों ने अपनी राष्टभक्ति व कर्तव्यपरायणता की मिसाल पेश की हो। जिस देश की मिसाइल व परमाणु सुरक्षा प्रणाली का जनक भारत रत्न मिसाइल मैन ए पी जे अब्दुल कलाम जैसा महान वैज्ञानिक हो, उसी देश में नफरत और जहर से भरा हुआ संकीर्ण मानसिकता रखने वालों का एक छोटा सा वर्ग ऐसा भी है जो न केवल उपरोक्त तथ्यों को नजर अंदाज करने की कोशिश करता रहता है बल्कि इसके विपरीत साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने तथा नफरत के प्रचार प्रसार के काम में भी व्यस्त रहता है। आश्चर्य की बात तो यह है कि इन स्वयंभू राष्ट्रवादियों के पुरखों का न तो देश के स्वतंत्रता संग्राम में कोई योगदान है न ही देश की आजादी के लिये लाठियां-गोलियां खाने वालों में इनका कोई जिक्र है। परन्तु दुर्भाग्यवश अंग्रेजों की जी हुजूरी करने वाले इसी मानसिकता के लोग नफरत और साम्प्रदायिक दुर्भावना के सहारे, खासकर देश में हिन्दू-मुस्लिम के मध्य खाई गहरी कर सत्ता में जरूर आ गए हैं। और सत्ता में आते ही इनको यह एहसास हो गया है कि चूंकि हमारी सत्ता का आधार ही साम्प्रदायिकता है लिहाजा इसे निरंतर 'धार' देते रहना सत्ता में बने रहने के लिये जरूरी है। इसी मकसद के तहत कहीं जिलों,शहरों, कस्बों व स्टेशन्स के नाम बदले जा रहे हैं,मदरसों के खिलाफ कार्रवाइयां हो रही हैं,हलाल का मुद्दा उठाया जा रहा है,जिहाद,लव जिहाद,अजान और हिजाब जैसे विषय उछाले जाते हैं,इतिहास बदले जा रहे हैं। नये इतिहास गढ़े जा रहे हैं। हद तो यह है कि धार्मिक पहचान देखकर मॉब लिंचिंग की जाती है,ट्रेन में धर्म विशेष के यात्रियों को गोली मार दी जाती है,संतों जैसे दिखाई देने वाले व्यक्ति द्वारा मुस्लिम महिलाओं का बलात्कार करने की धमकी लाऊड स्पीकर पर दी जाती है। पिछले दिनों ऐसी ही रुग्ण मानसिकता के मुट्ठी भर लोगों ने उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर ज़िले के साम्या माता मंदिर में आयोजित शतचंडी यज्ञ के बाद अपनी नफरती हरकतों से विवाद खड़ा कर दिया।

दरअसल उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर ज़िले के बलवा गांव के साम्या माता मंदिर में शतचंडी महायज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस यज्ञ के मुख्य आयोजक पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला थे जिन्होंने यज्ञ में स्थानीय समाजवादी पार्टी विधायक सैय्यदा खातून को यज्ञ आयोजन की मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया था। हालांकि यह आयोजन पूरी श्रद्धा के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ और विधायक सैय्यदा खातून ने भी इसमें पूरी श्रद्धा व सम्मान के साथ शिरकत की। परन्तु आयोजन समाप्ति के एक दिन बाद नियोजित तरीके से इसी आयोजन में नफरत का 'एंगल' साम्प्रदायिकतावादियों द्वारा ढूंढ कर इसे विवादित बना दिया गया। एक स्थानीय छुटभैय्ये भाजपा नेता द्वारा अपनी पार्टी व हिंदू संगठन के अपने चंद साथियों के साथ उसी साम्या माता मंदिर में पहुंचकर मंदिर को गंगाजल से धुलवाया गया। नफरत के इन सौदागरों का कहना था कि " विधायक सैय्यदा खातून और उनके समाज को जब मंदिर से कुछ लेना-देना नहीं हैं तो फिर वह हमारे धार्मिक स्थल पर क्या करने आई थीं? हम लोग हर मंगलवार यहां पर पूजा करते हैं। वो लोग मांस खाने वाले हैं, पता नहीं क्या खाकर यहां आए और मंदिर को अपवित्र कर गए ?" जबकि साम्या माता मंदिर में आयोजित शतचंडी यज्ञ के मुख्य आयोजक और मंदिर प्रमुख पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला का इस विषय पर कहना है कि "वह मंदिर मेरा है, और आज से नहीं सदियों से हिंदू और मुसलमान इस मंदिर में आते जाते थे।

अलग-अलग धर्म के लोग आज भी मंदिर में जाते हैं। ये विवाद किस बात को लेकर फैला रहे हैं हम?" वे सवाल उठाते हैं, "अगर एक मुसलमान के मंदिर जाने पर मंदिर अपवित्र हो जाता है तो हिंदू भी तो मुसलमानों के तीर्थ स्थानों पर जाते हैं। तो उन्हें भी उनके स्थलों पर नहीं जाना चाहिए? " पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला कहते हैं, "हमारे लिए कोई अपवित्र नहीं है. ग्रन्थों में भी यही लिखा है कि मंदिर में जात-पात का कोई भेदभाव नहीं होता है। मंदिर तो धार्मिक स्थल है, वहां कोई भी जाकर के अपना शीश झुका सकता है।" सपा विधायक के निमंत्रण पर "कृष्णदत्त शुक्ला ने बताया कि

"जब मंदिर में हमने शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया तो हमारे डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र में जितने भी प्रत्याशी थे हमने सभी को न्यौता दिया था। सबको न्यौता देने के बाद जो हमारे पास आया उसका हमने स्वागत किया। " पंडित शुक्ला ने स्पष्ट कहा कि -मंदिर हमारा है, हमारा था और हमारा ही रहेगा। वहां आने वालों में हिंदू और मुसलमान का कोई भेदभाव नहीं है। पहले भी जैसे लोग मंदिर आते-जाते थे, आगे भी वैसे ही आएंगे। "उधर विधायक प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश उपाध्याय का इस पूरे मामले पर कहना था कि "साम्या माता के शतचंडी यज्ञ में विधायक को न्यौता दिया गया था। विधायक वहां गईं, वहां के पुजारियों ने विधायक का स्वागत सत्कार किया। फिर वहां कुछ दान करके वह वापस चली आईं। जबकि विधायक सैय्यदा खातून इस विषय पर कहती हैं कि विवाद खड़ा करने वालों की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। सोशल मीडिया में और क्षेत्र की जनता के बीच शोहरत पाने के लिए वह ऐसा करते हैं। " "इन जैसे लोगों की बातों और काम पर मैं ध्यान नहीं देती। ऐसे लोगों को ज्यादा तवज्जो देने की जरूरत नहीं है। " विधायक ने कहा कि "अगर मेरे क्षेत्र की जनता मुझे बुलाएगी तो मैं जरूर जाऊंगी। मेरे लिए मंदिर और मस्जिद, सब खुदा के घर हैं। "

ऐसे साम्प्रदायिकता वादियों और समाज में जहर घोलने वाले नफरत के सौदागरों को उनके इस छिछोरेपन का जवाब देने के लिये बातें तो बहुत की जा सकती हैं। परन्तु क्या यह बता सकते हैं कि 6 नवंबर 2005 को देश के सबसे बड़े मंदिरों में से एक दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर का उद्घाटन जिस समय अक्षरधाम मंदिर के प्रमुख द्वारा देश के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम द्वारा कराया गया था उस समय यह नफरत के सौदागर कहां मुंह छुपाये बैठे थे ?

क्या उनकी अब भी दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर को शुद्ध करने की कोई योजना है ? दूसरी बात यह कि मंदिरों या हवन में प्रवेश करने व शामिल होने के लिये क्या शाकाहारी होना जरूरी है ? यदि जरूरी है,तो फितना फैलाने वाली इसी पार्टी व विचारधारा के तमाम नेता न केवल माँसाहारी हैं बल्कि गोभक्षक भी हैं। देश में सभी धर्मों व जातियों में तमाम मांसाहारी लोग पाये जाते हैं। स्वयं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई माँसाहारी थे। देश के गृह मंत्री किरण रिजिजू तो गोभक्षक हैं। इन सबसे किसी को कोई तकलीफ नहीं ? भाजपाई मुस्लिम नेता किसी भी मंदिर में जाएँ तो कोई आपत्ति नहीं परन्तु सपा मुस्लिम नेता यज्ञ में गयीं तो आपत्तिजनक ? इस अवसरवादी दोहरे चरित्र को देखकर अक्सर यह खयाल आता है कि इतनी नफरत, इतना जहर यह लोग आखिर लाते कहाँ से हैं ?

# कविता

दिल पे इक नक़्श मोहब्बत का
बना आती है
जब नजर मेरी नजर उन से मिला आती है
हो न हो फूलों सा वो जिस्म छुवा है इस ने
इस कदर खुशबू में डूबी जो हवा आती है

मेरे हमराह गुजारे हुए अय्याम की याद
जा के उस शोख की नींदों को उड़ा आती
है
उस के बिन अब कहीं लगता ही नहीं जी
मेरा
उस को दिल मोहने वाली क्या दुआ आती
है
अव्वलन हौले से तुम ने जो पुकारा था मुझे
मेरे कानों तक अभी भी वो निदा आती
है
जा के उस तक मेरी शोहरत के वसाएल की
चमक
मेरा एहसासे - वजूद उस को दिला
आती है
ये मेरे जज्ब-ए-ईसार का सदका है जो
वादि-ए-इश्क से खुशबू-ए-वफा आती है

जकी तारिक बाराबंकवी

# जंगल में चुनाव रिजल्ट आया!

रामविलास जांगिड़

**जंगल में चुनाव** हो गए और सभी नेता मेंढ़कों ने कहा कि हमें तोला जाए। हम तुलने के लिए तैयार हैं। हम बिकने के लिए तैयार हैं। हम गुट-गुट के होकर गुट-गुटा रहे हैं। तालाब की कीचड़-काची में हमारा भी कोई मोल बोला जाए। तालाब की सियासत में मोल-भाव का रंग घोला जाए। शीघ्र ही अपने-अपने स्वार्थ की अपने-अपने ढंग की तरह जुलाई गई। कुर्सी मोल के बोल, सियासी तालाब के पट खोल। मेंढ़कों ने तरह-तरह के सुर में टरार्ना शुरू किया। सांपों ने मीडिया में अपने बयान जारी करने शुरू कर दिए। केकड़ों ने अलग से अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू की। सरकारी तालाब का कीचड़ देखते ही देखते रिसोर्टों होटलों से होते हुए तमाम मीडिया तक पसर गया। अपने-अपने गुटों के अपने-अपने चैनल खरखराने लगे। चॉपर हेलीकॉप्टर हवाओं में मंडराने लगे। अपने-अपने तराजू, अपने-अपने तोलक। मेंढ़कों को तराजू में तोलना, मेंढ़कों का बोलना। मेंढ़क छाप असली नेताओं की यह कस्तानी जगजाहिर है! मेंढ़कों के तोलने में अलादीन के चिराग ने धुआं बन फिर से चिराग में घुसने की होशियारी दिखाई थी। दो बिल्लियों की लड़ाई में तौलक महाराज बंदर का किस्सा सुनकर हातिमताई ने हुस्नबानों से तलाक ले लिया था। इसी तुलाई कार्यक्रम के कारण सिंदबाद जहाजी ने अपनी यात्रा को त्यागपत्र दे दिया था। इस पलड़े से उस पलड़े, इस रिसोर्ट से उस होटल! हेलीकॉप्टर चॉपर में मंडराते रहे मेंढ़क! टरार्ने का मामला भी जगजाहिर है! वे इंस्टाग्राम पर इतने टरार्ये कि फेसबुक खुद ही बहरा हो गया। मेंढ़क इतराते, मुस्कुराते बड़ी अदा से अपनी बोलियां लगवा रहे हैं। जहां राजा महाराजा भी बिकने को उतावले हो जाते हैं, वहां एक छोटे से मेंढ़क की क्या बिसात! मेंढ़क तुल रहे हैं। टर्रा रहे हैं। बिक रहे हैं। इस तालाब से उस तालाब तक। सियासी तालाब के कीचड़ में छप-छपा रहे हैं। छप-छप छई! मेंढ़कों के बीच मार माथा-फोड़ी चल रही है। एक गैंग ने दूसरे गैंगीय मेंढ़कों के पीछे खड़े होकर तीसरे मेंढ़क गैंग को ललकारा। यहां चौथा गैंग सरकारी तालाब में असरकारी ढंग से कुलांचे मार रहा है। इसी समय मेंढ़कों का 10 वां गैंग दूसरे से तीसरे गैंग में फुदकने लगा। तत्काल ही गैंग दल-दल में बदल गया। कुल मिलाकर परिणाम यह हुआ कि सरकारी तालाब का पानी दल-दल हो लिया। यहां चमचों का रूप धारण करके कई केकड़े दल-दल में जगह बनाने लगे। कई बार ऐसा हुआ कि मेंढ़कों की ऑडियोवाणी के साथ केकड़े भी लग गए। कुछ केकड़ों ने अपना वीडियो पाठ भी शुरू कर दिया। बड़े दलाल सांपों ने छोटे चमचा सांपों को अपने साथ लेते हुए इस कीचड़ में अपने फन फैलाने शुरू कर दिए। राजनीति कीचड़ में सरसराने लगी। बड़ी मछली छोटी मछली को षड़यंत्र पूर्वक खाने लगी। मेंढ़क मछलियों को निगलने लगे। मछलियां क्या करे?

# विचार

## करियर और नौकरी पहचानने के आसान तरीके

विजय गर्ग

**कर्मचारी आगे** बढ़ने और प्रगति करने के इच्छुक हैं। लगातार 15, 20 या 30 साल तक एक ही नौकरी करने के दिन गए। आज के कर्मचारी कैरियर में प्रगति और अपने कौशल को बढ़ाने के अवसरों की इच्छा रखते हैं, जेन जेड और सहस्राब्दी सहित युवा कर्मचारी किसी भी पुरानी पीढ़ी की तुलना में अपने अगले नौकरी के अवसर पर विचार करते समय कैरियर की प्रगति और विकास को प्राथमिकता देने की अधिक संभावना रखते हैं। जिपिया के एक अध्ययन से पता चला है कि लगभग 76% कर्मचारी करियर विस्तार के अवसरों की तलाश कर रहे हैं, जबकि 2019 के एक अन्य सर्वेक्षण से पता चला है कि अगर किसी अन्य नियोक्ता के पास प्रगति का मौका दिया जाता है तो 86% कर्मचारी नौकरी बदल लेंगे। और स्थिति को और भी अनुकूल बनाने के लिए उपलब्ध अवसर अनंत हैं। आज कई उच्च-विकास वाले उद्योग हैं जिनमें कई कैरियर पथ और प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य देखभाल, विज्ञान, लॉजिस्टिक्स और फिटनेस सहित एक मजबूत भविष्य का दृष्टिकोण है। जैसे ही आप अपने करियर की यात्रा में अगला कदम उठाते हैं, चुनौती ढेर सारे अवसरों का पता लगाने और यह जानने में होती है कि जो आपके लिए सही है उसे कैसे और कहां खोजें। यदि आप इस आने वाले वर्ष में खुद को चुनौती देना चाहते हैं और अपने करियर के विकास में तेजी लाने के लिए एक नए अवसर को अपनाने के लिए तैयार हैं, तो यहां पांच आसान तरीके दिए गए हैं जिनसे आप करियर और नौकरी के अवसरों की पहचान कर सकते हैं और अपने करियर की संभावनाओं में तेजी ला सकते हैं: 1. रुझानों का अध्ययन करें करियर रुझान के दो मुख्य प्रकार हैं: वैश्विक प्रकार (जिसका विश्वव्यापी प्रभाव होता है और जो आपकी नौकरी या उद्योग को प्रभावित कर सकता है) और उद्योग-विशिष्ट रुझान, जो छोटे पैमाने के होते हैं और केवल उस उद्योग में बदलाव तक ही सीमित होते हैं। इन दोनों प्रवृत्तियों को पहचानना और उनके साथ तालमेल बनाए रखना महत्वपूर्ण है। उदाहरण के लिए, हम पहले से ही जानते हैं कि प्रौद्योगिकी एक तेजी से विकसित होने वाला उद्योग है; लेकिन एआई के वैश्विक प्रभाव पैदा करने के साथ, इस पर आपको विचार करने की जरूरत है, भले ही आप तकनीक में काम नहीं करते हों क्योंकि यह आपकी नौकरी और उसके भविष्य के लिए बड़ा महत्व हो सकता है। श्रम बाजार की जानकारी का अध्ययन करें, विभिन्न उद्योगों और भूमिकाओं में लोगों के साथ लक्षित साक्षात्कार आयोजित करें, और काम की दुनिया में क्या चल रहा है, यह समझने के लिए कुछ खुदाई और विश्लेषण ऑनलाइन करें। इस शोध के माध्यम से आप श्रम की मांग अधिक होने पर कौशल बढ़ाने और जल्दी काम शुरू करने के अवसरों की पहचान कर सकते हैं। 2. मार्केट गैप को पहचानें सतर्क रहें और अपने रचनात्मक समस्या-समाधान कौशल को काम में लगाएं। एक उद्यमी की तरह किसी उद्योग का विश्लेषण करें, और अपने आप से पूछें, "मेरे वर्षों के अनुभव, विविध विशेषज्ञता और अद्वितीय कौशल सेट के साथ, मैं अपने सुविधाजनक दृष्टिकोण से अर्थव्यवस्था में क्या अद्वितीय योगदान दे सकता हूं? 3. परामर्श प्राप्त करें अपनी नौकरी के लिए सक्रिय रूप से एक सलाहकार की तलाश करें, अधिमानत: कोई ऐसा व्यक्ति जो आपके उद्योग में अधिक वरिष्ठ या अनुभवी हो और पहले से ही अपने करियर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पार कर चुका हो। वे आपको आपके द्वारा खोजे जा सकने वाले विभिन्न कैरियर पथों पर सलाह देने में सक्षम होंगे और अपने व्यक्तिगत अनुभव से आपको मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगे। 4. स्व-मूल्यांकन ऑनलाइन करियर मूल्यांकन अमूल्य उपकरण हैं जो आपको अपने मूल मूल्यों, व्यक्तित्व, कामकाजी प्राथमिकताओं और कौशल के अनुरूप करियर के अवसरों का पता लगाने में सक्षम बनाते हैं। प्रशिक्षक की सहायता के साथ ऑनलाइन मूल्यांकन के संयोजन पर विचार करें। सही कैरियर कोच एक उपयोगी संसाधन हो सकता है क्योंकि वे आपको आपके लक्ष्यों के लिए मार्गदर्शन और सशक्त बनाएंगे, और उनके इनपुट और विशेषज्ञता के माध्यम से आप अपनी छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करने, उभरती नौकरी और कैरियर के अवसरों का पता लगाने और बॉक्स के बाहर सोचने में सक्षम होंगे।

5. नेटवर्क यह सिद्ध हो चुका है कि नेटवर्किंग से अत्यधिक लाभ मिलता हैकैरियर विकास और नई नौकरी के अवसर। वास्तव में, 2022 के एक सर्वेक्षण के अनुसार, 18% पेशेवर मानक प्रक्रिया से गुजरने की आवश्यकता के बिना सीधे अपने नेटवर्क तक पहुंचने के लिए अपनी नौकरी खोजने का श्रेय देते हैं, 24% को उनके ऑनलाइन व्यक्तिगत ब्रांडिंग या नेटवर्क रेफरल के कारण परेशान किया गया था, और 55% का मानना ??है कि रेफरल ने उन्हें नौकरी के साक्षात्कार चरण तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कभी भी अपने नेटवर्क की शक्ति को कम मत आंकिए और जब आप सही लोगों तक पहुंचेंगे और उनके साथ संबंध बनाएंगे तो कौन सी नौकरियां और करियर के अवसर उपलब्ध हो सकते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



## वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## विधानसभा चुनाव के नतीजे बताते हैं की लोकसभा में चुनावी ऊंट किस करवट बैठेगा

**हाल** ही सम्पन्न पांच राज्यों में से चार राज्यों के विधान सभा चुनाव परिणाम से स्पष्ट है कि भारतीय जनता पार्टी ने पिछले चुनाव की तुलना में बेहतर परिणाम दिये हैं। वह तीन राज्यों में सरकार बनाने जा रही है और एक राज्य में पहले से अच्छा कर रही है। विधानसभा चुनाव के परिणाम से जनता के मन में क्या चल रहा है,वह किस के पक्ष में है जानने को मिलता है अर्थात वह किस तरह कामों वाली पार्टी की सरकार को पसंद करती है। वस्तुतः मेरी दृष्टि में जिस पार्टी की सरकार बनने जा रही है उसके लिए भी दिशा निर्देश है कि उसे किस दिशा में,किन लक्ष्यों को सामने रख कर आगे बढ़ना चाहिए। विधानसभा चुनावों के इन परिणामों से स्पष्ट है कि जनता उस पार्टी और सरकार को चुनती है जिसकी नीति और नीयत साफ हो, कथनी और करनी में अंतर कम हो और जिसकी नीतियां और कार्यक्रम गरीबों के लिए हों, दीन दुखियों के लिये हो , आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए हो, आरक्षित वर्ग के लोगों के लिए हो,जिसकी मंशा विकास के लिए काम करने की हो,युवा वर्ग के लिए काम करने की हो, बेहतर शिक्षा देने और नये रोजगार सृजन की हो ,जिसके प्रयास महंगाई को कम करने वाले हों,जिसका संकल्प अपराध रहित कानूनी राज्य की स्थापना हो। इन सबसे ऊपर जिसके साथ राष्ट्रवादी विचारधारा हो।इन परिणामों से यह भी स्पष्ट है कि जनता अब समझदार होती जा रही है। वह क्षणिक रूप से, केवल चुनाव के समय किये गए वादों से प्रभावित नहीं होती। वह अब समझदार हो गई है,विचार करने लगे हैं कि कौन सही माने में चुनाव के समय किए गए वादों को धरातल पर उतार सकता है। परिणाम बताते हैं कि जनता के अनुसार सरकारों को ईमानदारी से प्रयास ना सिर्फ करना चाहिए अपितु उसके प्रयास धरातल पर दिखना भी चाहिए, जनता तक पहुंचना भी चाहिए।

## भिखमंगे कटोरे में बेरोजगारी भत्ता

जनता बड़ी समझदार है। उसके सामने घुमा-फिराकर बात करना बेकार है। सीधी सी बात यह है कि फलाने राज्य में चुनाव है। फलाने पार्टी ने जनता को अपने जाल में फांसने के लिए एक तरकीब सोची है। त्यौहारों में ग्राहकों को फांसने के लिए कंपनियाँ जितने रंगीन प्रचार करते हैं, उससे कई गुना ज्यादा प्रचार नेतागण चुनाव के समय करते हैं। दोनों का काम मुनाफा कमाना है। भले इसमें ह्यटू इन वन टाइप ग्राहक-कम-मतदाताह्ल टांय-टांय फिस्स ही क्यों न कर दे। इस बार फलाना पार्टी ने बेरोजगारी भत्ता के नाम पर बेकार, लाचार और हवा के साथ होड़ लेकर फालतू में घूमने वाले लोगों को रिझाने का पैंतरा फेंका। आइए जानने की कोशिश करते हैं कि यह योजना क्या हैङ्क कौन व्यक्ति इसके लिए पात्र हैङ्क योजना के क्या फायदे हैं और योजना का फायदा उठाने के लिए कौन सी प्रक्रिया पूरी करनी होगी-

**क्या है योजना:** वैसे यह योजना बेरोजगारों के लिए है। लेकिन अंदर की बात यह है कि काम-धंधे वाले भी आवेदन कर सकते हैं। बशर्ते कि आपकी पहुँच होनी चाहिए। बेरोजगारी की महामारी कोरोना से भी अधिक है। समय ऐसा आ गया है कि हाथ धोने के लिए साबुन मिले न मिले नौकरी से हाथ धोने वाले अधिक मिल जायेंगे। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए फलाना पार्टी ने ह्यबेरोजगार भत्ता ले और कुछ मत दे' नाम से एक ऐसी योजना शुरू की जिसमें ह्यमतह्ल शब्द का प्रयोग ह्यक्रियाह्ल के रूप में नहीं ह्यसंज्ञाह्ल के रूप में हुई है। इसके लिए पात्र व्यक्ति फलाना पार्टी के ऑफिस में अपना नाम दर्ज करवाकर लाभ उठा सकता है। इसके लिए पात्र व्यक्ति का ह्यअठारह वर्षह्ल का होना जरूरी है। अनिवार्य शर्त यह है कि वे फलाना पार्टी के निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित हों। विशेष बात कि यहाँ पर रंग, जात-पात, धर्म, भाषा, प्रांत के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा।

**योजना की खास बातें:** यह योजना मात्र चुनावों तक खुली है। ह्यपहले आओ पहले पाओह्ल के आधार पर भत्ते के लिए उन बेरोजगारों का चयन किया जा रहा है जो मनुष्य होने से पहले मतदाता हैं। वैसे मनुष्य होना अनिवार्य शर्त नहीं है। ऐसे बेरोजगार जो अपने साथ अधिक मतबल रखते हैं, उनसे पार्टी का मतलब होता है।

**कितनी बार मिलेगा लाभ:** इस योजना के अंतर्गत बेरोजगार पाँच साल में एक बार ही लाभ उठा सकते हैं। उस दिन पार्टी वाले आपके पैरों में गिरेंगे। बाकी दिनों में जनता उनके पैरों में गिरेगी। गिरने की प्रक्रिया दोनों ही संदर्भों में अनिवार्य शर्त रहेगी। एक बार भत्ता मिल जाने पर आप रोजगार कहलायेंगे। यदि पार्टी चुनाव में जीत जाती है तो वह आपको किसी भी कारण से लड़ा सकती है, झुका सकती है, तोड़ सकती है, किंतु आप उन्हें बेरोजगारी के नाम पर डरा-धमका नहीं सकते। अन्यथा यह जघन्य अपराध माना जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### अधजले शव की चार दिन बाद भी नहीं सुलझी गुत्थी, जांच में जुटी पुलिस

टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा

**नारनौल।** राजस्थान सीमावर्ती गांव गोद में हत्या कर आग लगाने वाले आरोपियों तक पुलिस नहीं पहुंच सकी है। घटना को चार दिन बीतने जा रहे हैं, लेकिन अभी भी गुत्थी अनसुलझी बनी हुई है। वहीं परिजनों ने भी किसी व्यक्ति पर शक जाहिर नहीं किया है। अभी भी परिजन व ग्रामीणों में राजेश की हत्या कर अधजले शव को खेतों में फेंकने के कारणों का पता नहीं चल सका है। हालांकि पुलिस हत्या कर आग लगाने वालों की तलाश में जुटी हुई है। ऐसे में उम्मीद है कि जल्द ही आरोपियों को पुलिस पकड़ने में कामयाब होगी।

गांव गोद में मंगलवार सुबह खेतों में काम करने गए एक किसानों को खेत में अधजला शव दिखाई दिया था। जिसकी सूचना गांव के सरपंच हरिओम को दी गई। वहीं सरपंच ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त शुरू की। जिसके बाद मृतक की पहचान गांव गोद के ही 40 वर्षीय राजेश के रूप में हुई। मृतक के परिजनों का कहना है कि राजेश सोमवार को घर पर खेत में जाने की बात कह कर गया था, लेकिन वह सोमवार रात को घर वापिस नहीं आया। इसकी परिजनों ने आसपास तलाश भी की थी, लेकिन मंगलवार सुबह राजेश अधजली हालात में खेत में पड़ा मिला। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि राजेश की पहले किसी ने हत्या की और फिर जला कर शव को गांव के पास खेतों में डाल दिया। वहीं पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चोरी करने की पांच घटनाओं में संलिप्त छह आरोपी किये गिरफ्तार, न्यायालय में किये पेश

सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया

जिले के थाना कुण्डली की पुलिस ने चोरी करने की घटना मे संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आफताब पुत्र मोहम्मद हबीब वासी नरेला दिल्ली का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 02 दिसम्बर को लोकेश कुमार पुत्र यादराम वासी अम्बेडकर नगर हैदरपुर दिल्ली ने थाना कुण्डली में शिकायत दी थी कि दिनांक 1/12/2023 को सुबह 4 बजे तीन लडको ने हमारी बिल्डिग से सैटरिंग की तीन प्लेट चोरी कर ली उन तीन लडकों मे से एक लडके को हमने पकड लिया था जो बाद मे चकमा देकर मौके से भाग गया था हमने उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम आफताब बतलाया वही हमारी लेबर के ठेकेदार तमीज का फोन भी चोरी करके ले गये। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना कुण्डली में अभियोग दर्ज किया गया था। अनुसंधान टीम मे नियुक्त मुख्य सिपाही धर्मेन्द्र सिँह ने अपनी पुलिस टीम के साथ संलिप्त एक आरोपी आफताब पुत्र मोहम्मद हबीब वासी नरेला दिल्ली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से एक लोहे की सैट्रिंग प्लेट भी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

### मादक पदार्थ तस्करों की धरपकड अभियान के अन्तर्गत दो घटनाओं में दो आरोपी किये गिरफ्तार, न्यायालय में किये पेश

सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया

**जिला के** थाना खरखौदा की पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करी की घटना में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी विरेन्द्र उर्फ बिल्लु पुत्र शक्ति सिंह वासी गांव पिपली जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 02 नवम्बर को थाना कुण्डली के अनुसंधानकर्ता सहायक उप निरीक्षक मनीष ने अपनी पुलिस टीम के साथ अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों की खोज में गाँव पिपली के अड्डा से एक नौजवान लङके को शक के आधार नियमानुसार काबू करके नाम व पता पूछा तो उसने अपनी पहचान विरेन्द्र उर्फ बिल्लु पुत्र शक्ति सिंह वासी गांव पिपली जिला सोनीपत के रूप में दी। उनकी नियमानुसार ड्युटी मजिस्ट्रेट के सामने तलाशी लेने पर इनके कब्जा से अवैध गांजा मिला। जिसका बाद में वजन करने पर 470 ग्राम मिला। इस घटना का मादक द्रव्य निरोधक अधिनियम के अन्तर्गत थाना खरखौदा में अभियोग दर्ज किया गया। अनुसंधान टीम में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक मनीष द्वारा घटना में संलिप्त एक आरोपी विरेन्द्र उर्फ बिल्लु पुत्र शक्ति सिंह वासी गांव पिपली जिला सोनीपत को गिरफ्तार किये है। जिससे प्रारंभिक पुछताछ के दौरान अपने अपराध की स्वीकृति करते हुए बतलाया कि मैने इस अवैध गांजा को नाम पता नामालुम राहगीर से उत्तर प्रदेश से लिया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेशानुसार जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

### जुआरियों एवं सट्टेबाजों की धरपकड़ अभियान के अन्तर्गत 34वां सट्टेबाज चढ़ा पुलिस के हत्थे

सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया

**जिले के** थाना शहर सोनीपत की पुलिस ने सट्टेबाजी की घटना में संलिप्त 34वां आरोपी भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अनिल उर्फ जमील पुत्र जिले सिँह वासी ईदगाह कालोनी जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 24.11.2023 को थाना शहर सोनीपत में नियुक्त मुख्य सिपाही राजेश कुमार ने अपनी पुलिस टीम के साथ ईदगाह कालोनी सोनीपत में खाली मकान में आफिस बनाकर सरेआम सट्टेबाजी करते हुये 33 को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मौका से 50240/- रुपए अवैध सटटेबाजी की धनराशी को भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के विरूद्ध जुआं अधिनियम के अन्तर्गत थाना सदर सोनीपत में अभियोग दर्ज किया गया। अनुसंधानटीम में नियुक्त मुख्य सिपाही राजेश कुमार ने अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपियों की खोजबीन करते हुए घटना में संलिप्त 33 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किये जा चुके है। अब अन्य आरोपी की खोजबीन करते हुए घटना में संलिप्त एक और आरोपी अनिल उर्फ जमील पुत्र जिले सिँह वासी ईदगाह कालोनी जिला सोनीपत को भी गिरफ्तार किया है। जो जमानती पेश करने पर आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा किया गया। आरोपी को चालान के साथ न्यायालय में पेश किया जावेगा। पहले से गिरफ्तार आरोपी - 1) मनोज पुत्र देशराज वासी राज मोह्ला सोनीपत, 2) सुभाष पुत्र बनवासी वासी भटगाव सोनीपत, 3) अब्दुला पुत्र इलाउदीन वासी गली न0-4, ईदगाह कालोनी सोनीपत, 4) सुरेश पुत्र ताराचन्द वासी ठरू, 5) भगता पुत्र रामकुमार वासी सहजादपुर, 6) टिन्कु पुत्र सुभाष वासी म0न0-1057 ईदगाह कालोनी सोनीपत, 7) विशाल पुत्र हनीफ वासी ईदगाह कालोनी, 8) मुकेश पुत्र देवीदीन वासी कालुपुर चुगी, 9) नसीम पुत्र श्यामलाल वासी कबीरपुर सोनीपत।

# राष्ट्रीय लोक अदालत सम्बंधित बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** **जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला के माननीय अध्यक्ष सुश्री कंचन माही, जिला एवं सत्र न्यायधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला के निदेर्शाअनुसार सौरभ गुप्ता, सीजेएम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत से सम्बंधित एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विभिन्न बैंको के जिला स्तर पर कार्यरत व प्रतिनिधि को बुलाया गया।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला के सचिव सौरभ गुप्ता, सीजे एम ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के सानिध्य में हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 दिसम्बर को किया जाना है। इस उपलक्ष मे सभी मौजूद जिला स्तर पर कार्यरत व प्रतिनिधि से आहवान किया कि 8 दिसम्बर तक किसी भी कार्य दिवस पर अपने केस को स्थायी लोक अदालत में लगवाए एवं अधिकतर लाभ प्राप्त करें। सौरभ गुप्ता, सीजे एम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला ने बताया कि इस बैठक में अजय कुमार कोहली एवं सर्वेश गुप्ता मैंमबरजन उपयोगी स्थायी लोक अदालत अम्बाला एंव लीड जिला मैनेजर पंजाब नैश्नल बैंक पुनीत कुमार भी मौजूद रहे। गुप्ता ने बताया जिला न्यायालय अम्बाला एंव नारायणगढ उपमंडल में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 दिसम्बर को किया जाना है। और उन्होनें जनसाधारण से अपील की कि यदि कोई भी व्यक्ति अपने केस को लोक अदालत में लगवाना चाहता है। तो वह उसी अदालत मे अपनी दर्खवास्त दे सकता है लोक अदालत का मुख्य उदेश्य दोनो पक्षों को बैठाकर आपसी सहमति से समझौता करवाना होता है। इसमें न किसी की जीत न किसी की हार इस उदेश्य को जारी रखते हुए लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। सौरभ गुप्ता, सीजे एम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला उन्होने बताया कि कोई भी व्यक्ति मुफत कानूनी सलाह व सहायता कि लिए जिला ए डीआरसैंटर, अम्बाला या हैल्पलाइननं. 0171-2532142 व 9991112660 पर संपर्क कर सकता है।

आज की इस बैठक में विभिन्न बैंको जैसे आईडीएफसी बैंक, यूको बैंक, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक, कॉप्रेटिव बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, एक्सीस बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया एवं श्री राम फाइनेंस के अभिवक्ता पुनीत सरपाल मौजूद रहे।

इस मौके पर पहुंचकर डॉ सीमा ने एच आई वी और एड्स से कैसे बचा जा सकता है। इसके बारे मे विभिन्न जानकारी दी। एच.आई.वी. ओर एड्स के साथ जीने वाले लोगो को होने वाले सबसे सामान्य रोगों में से एक टी.बी. रोग भी है। एच.आई.वी.विषाणु के कारण रोग प्रतिरोधक शक्ति में कमी के आने की वजह से टी.बी.का विषाणु आसानी से शरीर में संक्रमण फैला सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि एच.आई.वी. से ग्रस्त व्यक्तियों की टी.बी. की जांच अवश्य करवानी चाहिए और टी.बी. से ग्रस्त व्यक्तियो को एच.आई.वी. की।

## बडी सफलता: आरोपी को न्यायालय में पेश कर, भेजा जेल

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**जिले की स्पै**शल एंटी गैंगस्टर एक्टिवीटी युनिट सोनीपत की पुलिस टीम ने अवैध हथियारों की घटना में संलिप्त एक आरोपी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दीपक पुत्र महावीर वासी खेवडा जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 02 दिसम्बर को स्पैशल एंटी गैंगस्टर एक्टिवीटी युनिट सोनीपत में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक नवीन कुमार ने अपनी पुलिस टीम के साथ अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों की खोज में खेवडा मे सरकारी स्कुल के पास रोङ से एक नौजवान लङके दीपक पुत्र महावीर वासी खेवडा जिला सोनीपत को काबु करके तलाशी लेने पर इसके कब्जा से एक अवैध देशी पिस्तौल व 25 रौंद मिला। गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत थाना बहालगढ में अभियोग दर्ज किया गया। स्पैशल एंटी गैंगस्टर एक्टिवीटी युनिट सोनीपत की अनुसंधान टीम की प्रारंभिक पुछताछ में गिरफ्तार आरोपी दीपक पुत्र महावीर वासी खेवडा जिला सोनीपत ने अपने किये अपराध की स्वीकृति करते हुए बतलाया कि इस अवैध हथियार को कलाहवङ रोहतक से में लिया था।

## जिला के सभी शहरों में चलाया जा रहा सघन सफाई अभियान

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल । मुख्यमंत्री** मनोहर लाल के निदेर्शानुसार जिला के सभी शहरों में नगर परिषद तथा नगर पालिका कर्मियों ने सघन सफाई अभियान चला रखा है। इसका असर भी कई जगह पर देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में आज अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला नगर आयुक्त वैशाली सिंह ने महेंद्रगढ़ नगर पालिका के कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली और उसके बाद सफाई अभियान की अगवानी की। इस दौरान महेंद्रगढ़ के एसडीएम हर्षित कुमार भी मौजूद थे।



इस बैठक में डीएमसी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए की 7 दिसंबर तक सभी शहरों में गलियों व सड़कों से कूड़े के ढेर उठाकर निर्धारित डंपिंग ग्राउंड में पहुंचाया जाए। इस दौरान नगर पार्षदों ने भी प्रशासन की इस पहल को सराहा। इसी प्रकार नगर परिषद नारनौल तथा नगर पालिका अटेली, नांगल चौधरी व कनीना में भी अभियान चलाया गया।

एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक सप्ताह बाद शहरों के किसी भी स्थान, मोहल्ले, गलियों व सड़कों पर कूड़ा दिखाई नहीं देना चाहिए। इसके लिए सभी पार्षदों तथा आम नागरिकों का सहयोग लेते हुए जोरदार तरीके से अभियान चलाया जाए। इसके लिए सभी अधिकारी व कर्मचारी लगातार फील्ड में रहें। वह खुद भी लगातार फील्ड में रहकर सफाई कार्यो का औचक निरीक्षण करेंगी।

गौरतलब है कि 30 नवंबर को रात 9:00 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा के सभी उपायुक्तों व डीएमसी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर तीन महत्वपूर्ण मुद्दों पर दिशा-निर्देश जारी किए थे।

## सोनीपत की टीम ने एक बच्चे को सकुशल परिजनों के हवाले कर किया सराहनीय कार्य

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**पुलिस प्रवक्ता** ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय पुलिस महानिदेशक, हरियाणा श्री शत्रु जीत कपूर के निदेर्शानुसार एवं माननीय अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक क्राइम श्री ओ०पी० सिहँ के निर्देशन में हरियाणा पुलिस ने गुमशुदा/बन्धक/शोषित व्यक्तियों/महिलाओं/बच्चों को ढूंढकर परिजनों तक पहुँचाकर उनकी मुस्कान लौटाने के लिए 01 नवम्बर 2023 से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जिला पुलिस सोनीपत द्वारा भी उक्त ऑपरेशन स्माईल विशेष अभियान चलाया हुआ है। पुलिस आयुक्त सोनीपत श्री बी. सतीश बालन द्वारा सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, प्रबन्धक थाना, पुलिस चौकी इन्चार्ज को निर्देश दिए गए है कि वह थानाधिकार क्षेत्रों में आमजन से बेहतर तालमेल बनाते हुए मानव तस्करी करने वालों, बाल गृहों, बाल मजदूरी करवाने वालों व अन्य किसी भी प्रकार का शोषण करने वालों का पता लगाकर गुमशुदा / बन्धक / शोषित व्यक्तियों/महिलाओं / बच्चों का पता लगाएँ और सम्बन्धित परिजनों को लौटाने और सूचित करने हेतू गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर बाल भवन, शैल्टर होम से सम्पर्क कर सम्बन्धित माता-पिता (परिजनों) को उनकी मुस्कान लौटाने का हर सम्भव प्रयास करें। जिससे पीड़ितों को पुर्नवास प्रदान कर उनकी मुस्कान लौटाई जा सके। इसी अभियान के तहत प्रबन्धक थाना शहर सोनीपत निरीक्षक देवेन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि तिरंगा चौक पर एक लावारिस बच्चा बैठा है।

## सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों के खिलाफ की जाए कार्यवाही

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**पुलिस अधीक्षक** अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा अम्बाला ने सभी प्रबन्धक थाना, चौकी प्रभारी व जिला अम्बाला की सभी यूनिटों को सख्त

निर्देश दिए है कि सभी अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध शराब बेचने वालों, नशे का कारोबार करने वालों या कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुड़दंग मचाकर आमजन मानस को परेशान करता है तो उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाए।

## इंडियन ऑयल ने पैरा-तीरंदाज शीतल देवी का किया स्वागत

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**भारत** की राजधानी में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में, विश्व नं. 1 पैरा-तीरंदाज शीतल देवी का इंडियनऑयल परिवार में आधिकारिक तौर पर स्वागत किया गया, जिससे वह इंडियनऑयल खेल बिरादरी में शामिल होने वाली पहली पैरा-एथलीट बन गईं। इंडियन ऑयल के अध्यक्ष श्री श्रीकांत माधव वैद्य ने पैरा-तीरंदाजी की दुनिया में उनके शानदार सफर का जश ?न मनाते हुए सुश्री शीतल देवी को कार्यकाल-आधारित अनुबंध-पत्र सौंपा। इस अवसर पर अमर ज्योति चैरिटेबल ट्रस्ट की संस्थापक पद्मश्री डॉ. उमा तुली, पद्म श्री और अर्जुन पुरस्कार विजेता दीपा मलिक, इंडियन ऑयल के निदेशक मण्डल वी.सतीश कुमार, निदेशक विपणन सुक्ला मिस्त्री, निदेशक रिफाइनरीज सुजॉय चौधरी, निदेशक पी एंड बीडी अतिरिक्त प्रभार निदेशक (आरएंडडी और एचआर एन. सेंथिल कुमार, निदेशक पाइपलाइन और वरिष्ठ इंडियनऑयल अधिकारी भी उपस्थिति थे। इंडियनऑयल में शीतल का स्वागत करते हुए, वैद्य ने कहा, ह्लइंडियनऑयल की देश में खेल प्रतिभाओं को पोषित करने की एक लंबी परंपरा है और इसने विभिन्न खेल क्षेत्रों में विश्व चैंपियनों के विकास में महत्वपूर्ण



भूमिका निभाई है, जो खेलों के विकास और आकांक्षाओं के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। सुश्री शीतल देवी भी इंडियनऑयल की खेल प्रतिभाओं में एक और चमकता सितारा होंगी।ह्व शीतल के साहस, दृढ़ता और विश्व की प्रथम भुजाहीन महिला तीरंदाज बनने की यात्रा की सराहना करते हुए, श्री वैद्य ने उनके सपनों को साकार करने और देश के लिए और अधिक पुरस्कार जीतने में इंडियनऑयल के निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया। इंडियनऑयल परिवार में शामिल होने पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए, शीतल ने कहा, " विकलांग व्यक्तियों के इस अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर, मुझे परिवार में शामिल करने और नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रोत्साहन देने के लिए मैं इंडियन ऑयल का आभारी हूं।" शीतल ने अपनी चुनौतियों, अपने माता-पिता और कोच के समर्थन और देश के लिए सम्मान जीतने के अपने दृढ़ संकल्प के बारे में भी बात की।

## दिल्ली विश्वविद्यालय ने मुम्बई को हराकर किया सेमीफाइनल में प्रवेश

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**अखिल भारतीय** अंतर विश्वविद्यालय महिला लॉन टेनिस प्रतियोगिता में लॉन टेनिस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दिल्ली विश्वविद्यालय ने मुम्बई विश्वविद्यालय को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एसआरएम, चेन्नई ने सावित्री बाई फुले विश्वविद्यालय को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला लॉन टेनिस प्रतियोगिता दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल में खेली



जा रही है। प्रतियोगिता 4 दिसंबर तक खेली जाएगी।प्रतियोगिता के आयोजक सचिव व खेल निदेशक डा.बिरेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच दिल्ली विश्वविद्यालय,दिल्ली व मुम्बई विश्वविद्यालय के मध्य खेला गया। विश्वविद्यालय,दिल्ली की टीम ने मुम्बई विश्वविद्यालय को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

डा.बिरेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि प्रतियोगिता का तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच एसआरएम, चेन्नई की टीम सावित्री बाई फुले विश्वविद्यालय के मध्य खेला गया। मैच एसआरएम, चेन्नई की टीम सावित्री बाई फुले विश्वविद्यालय को 2-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का चौथा क्वार्टर फाइनल मैच मद्रास विश्वविद्यालय, मद्रास व आईआईटी, भुवनेश्वर के बीच खेला गया।

मद्रास विश्वविद्यालय, मद्रास की टीम केआईआईटी, भुवनेश्वर को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के आयोजक सचिव व खेल निदेशक डा.बिरेंद्र सिंह हुड्डा, प्रो.सुरेंद्र दहिया, , पंजाब विश्वविद्यालय के खेल उपनिदेशक डा. राकेश मलिक, कोच निखिल हुड्डा, कोच बीरबल वढेरा, व कोच राहुल आदि उपस्थित थे।

## अवैध शराब व धोखाधडी की दो घटनाओं में संलिप्त तीन आरोपी किये गिरफ्तार

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**जिले की** क्राईम युनिट प्रथम सोनीपत की पुलिस ने धोखाधडी व अवैध शराब की घटना में संलिप्त तीसरा आरोपी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अनु पुत्र अनिल वासी चरखी दादरी का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गत 02 दिसम्बर को क्राईम युनिट प्रथम सोनीपत में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक अजमेर ने अपनी पुलिस टीम के गुप्त सुचना के आधार पर महालक्ष्मी ढाबा के पास जी टी रोङ पर नाकाबन्दी की हुई थी। कुछ समय बाद एक बन्द बाडी गाडी (कैन्टर) आई जिसको रुकने का इसारा करने पर कैन्टर चालक ने कैन्टर को लापरवाही व गफलत से दिल्ली की और तेज रफतार से भाग लिया। जिसका पिछा करते हुये कामी चौक, नजदीक मौनी बाबा डेरा, सोनीपत के पास सरकारी गाडी कैन्टर के आगे लगाकर कैन्टर चालक व परिचालक को कैन्टर सहित काबू किया। जिन्होने अपना नाम पता अमरजीत पुत्र महासिंह व संजय कुमार पुत्र पालेराम वासी पाढा जिला करनाल बतलाया। जिन्होने गाडी में सर्फ भरा होने बतलाया और कागजात भी पेश किये। जो शक के आधार पर कैन्टर चालक से कैन्टर की बाडी को खुलवाकर चैक किया तो कैन्टर के अन्दर अवैध अग्रेजीं शराब की पेटियां मिली। जिनको चैक किया तो 275 पेटी अवैध अग्रेजी शराब बरामद हुई। इस घटना का भारतीय दण्ड सहिता की धाराओं एवं आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत थाना सदर सोनीपत में अभियोग दर्ज किया गया। अनुसंधान टीम में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक अजमेर ने घटना में संलिप्त दो आरोपियों अमरजीत पुत्र महासिंह व संजय कुमार पुत्र पालेराम वासी पाढा जिला करनाल को पहले ही गिरफ्तार न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेज दिये गये थे।

## जात पात में बांटने वाली राजनीति को जनता ने नकारा

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**तीनो राज्यों** में शानदार जीत प्रधान मंत्री मोदी की नीतियों की जीत है प्रधान मंत्री मोदी विकास के साथ साथ विरासत का संवर्धन भी कर रहे है। देश का नाम रोशन कर रहे है। चंद्र यान मिशन तथा जी ट्वेंटी की मेजबानी कर देश का मान बढ़ाया है ये जीत मोदी के भरोसे की जीत है ये शब्द सांसद संजय भाटिया ने तीन राज्यों में मिली भारी जीत के जश्न को मनाते हुए जन समूह को संबोधित करते हुए कहे। संजय भाटिया ने कहा की जनता जानती है की प्रदेश के विकास के लिए केंद्र के साथ बेहतर समन्वय आवश्यक है इसलिए देश डबल इंजिन की सरकार की और बढ़ रहा है।



संजय भाटिया ने कहा की जनता ने जात पात की राजनीति को नकार दिया है तथा मोदी के सबके साथ सबका विकास का दृष्टिकोण को एक बार फिर प्रमाणित किया। उन्होंने कहा की 2024 मोदी जी पहले कहीं अधिक।बड़े जनादेश से तीसरी बार प्रधान मंत्री बनेंगे। विपक्षी पार्टी यां झूठी गारंटी देती घूम रही है जबकि देश की जनता को मोदी की गारंटियों पर विश्वास है। ये शब्द जिला भाजपा अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ता ने तीन राज्यों छत्तीस गढ़, राजस्थान तथा मध्य प्रदेश में भाजपा को मिली प्रचण्ड जीत का जश्न मनाते हुए जन समूह को संबोधित करते हुए कहे। डा अर्चना गुप्ता ने विपक्षी पार्टियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जहां भी विपक्षी पार्टियों की सरकार है वहां वहां की सरकार मोदी की लोकंकल्याणकारी योजनाओ में रोड अटका कर जनता को उनके हक से महरूम कर रहे है ।अब जनता इनकी चालों को समझ चुकी।तीन राज्यों का जनादेश ये स्पष्ट संदेश दे रहा है की अब विकास विरोधी लोगो के लिए जनतंत्र में कोई स्थान नहीं है। अपने बधाई संदेश में विधायक प्रमोद विज ने कहा की देश प्रदेश में भाजपा की आंधी है ।2024 भाजपा प्रदेश तथा देश में भारी जनमत से तीसरी बार सरकार बनाएगी।जीत का ये सिलसिला प्रदेश तथा देश सरकार की हेड ट्रिक सुनिश्चित करेगा।

प्रमोद विज ने कहा की ये जीत मोदी की नीतियों ,पार्टी के नेतृत्व तथा कार्यकताओं के परिश्रम की जीत है। प्रमोद विज आगे कहा की भाजपा के राष्ट्रवादी तथा विकास वादी सोच पर जनता ने अपना संदेश दिया है।

भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान प्रदेश प्रमुख गजेंद्र सलूजा ने अपने बधाई संदेश में कहा की ये जीत विकास की जीत है तथा भ्रष्टाचार की हार है।उन्होंने कहा की अब देश की जनता सकारात्मक नीतियों ,योजना तथा सोच को चुनती है तथा नकारात्मक राजनीति को ठुकराती है।आज की प्रचंड इसी का परिणाम है।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 04 दिसंबर 2023 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# मुख्यमंत्री योगी ने 242 युवाओं को दिया नियुक्ति पत्र

## सीएम ने कहा कि हमारा परिश्रम ही सबसे बड़ा सर्टिफिकेट है, परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए आपको यूपी के सर्वांगीण विकास में योगदान देना चाहिए



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नियुक्ति पत्र पाने वालों के लिए अवसर है लेकिन हमें जिम्मेदारियां भी समझनी होगी। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि अधिकार की बात हर कोई करता है, लेकिन कर्तव्य के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। अधिकार से अधिक कर्तव्य महत्वपूर्ण है, कर्तव्य का निर्वहन करेंगे तो अधिकार सुरक्षित हो जाएगा।

जब समाज अधिकारों की बात करता है और कर्तव्यों की बात नहीं करता तो वह स्वयं को धोखा देता है। कर्तव्य किया तो बिना सिफारिश, बिना भेदभाव आपका चयन हुआ। पारदर्शी प्रक्रिया के तहत राज्य में साढ़े छह वर्ष में छह लाख लोगों को नौकरी मिली। सीएम ने कहा कि हमारा परिश्रम ही सबसे बड़ा सर्टिफिकेट है। परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए आपको यूपी के सर्वांगीण विकास में योगदान देना चाहिए। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा आयोग द्वारा चयनित 242 सहायक बोरिंग टेक्नीशियन को रविवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरण करते हुए कहीं। सीएम ने नवचयनितों को पीएम मोदी के पंच प्रण की भी याद दिलाई।

**2017 के पहले यूपी में नौकरी नहीं थी और बाहर छंटनी होती थी:** सीएम ने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था, केंद्र-प्रदेश सरकार की योजनाओं व स्वतः रोजगार के जरिए करोड़ों लोगों को रोजगार से जोड़ने में सफलता पाई। हमारी मंशा है कि युवाओं के साथ भेदभाव न हो। जिन्हें विकास अच्छा नहीं लगता, वे हर मुद्दे का राजनीतिकरण करने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोग नहीं चाहते कि विकास की प्रक्रिया में यूपी को आगे बढ़ा सकें।

## 'दिव्यांगजनों के कौशल को पहचानने की है जरूरत'



**सीएम बोले**

8 विश्व दिव्यांग दिवस पर मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य में दिव्यांगजनों के लिए की जा रही हर व्यवस्था।

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री दुनियाभर के दिव्यांगों को आत्म सम्मान प्राप्त करने के लिए उन्हें विकलांग से दिव्यांग शब्द दिया। कोई भी व्यक्ति अपरिपक्व की स्थिति में है तो उसके साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार होना चाहिए। उन्होंने इसी सहानुभूति को दशार्ने के लिए प्रधानमंत्री ने यह शब्द उच्चारण की व्यवस्था की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये बातें कहीं। वह रविवार को विश्व दिव्यांग दिवस पर डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के अटल आडिटोरियम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के कौशल को समय से पहचानने की जरूरत है। यदि समय से पहचान हो जाए तो वे हर जौहर को दिखाने में सफल होंगे। प्रदेश में दिव्यांगजन को बांधा रहित वातावरण दिये जाने की व्यवस्था की जा रही है। इसका प्रयास हर जगह हो रहा है। उप्र परिवहन निगम की बसों में नि:शुल्क यात्रा की व्यवस्था की गयी है। प्रदेश के अंदर दिव्यांगजन की चिकित्सा के लिए 10 हजार रुपये कर दिया गया है। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं तथा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांग हर काम को कर सकता है। उनके प्रयासों को सही दिशा में आगे बढ़ाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने 2016 में दिव्यांगजन अधिनियम लागू किया था। राज्य सरकार ने दिव्यांगजन से जुड़ी व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। हमने अब 300 से 1000 रुपये मासिक पेंशन देने की कार्रवाई की है। पहले 312 करोड़ था, अब 1120 करोड़ रुपये दिव्यांगजन के लिए व्यवस्था की गयी है।

## जनता को मोदी निंदा बर्दाश्त नहीं: सीएम शिंदे



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की निंदा बर्दाश्त नहीं है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री के बारे में जो निंदा की गई थी, उसका जनता ने करारा जवाब दिया है। इसी का परिणाम है कि तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा विजय की ओर बढ़ रही है। मुख्यमंत्री शिंदे रविवार को यहां चार राज्यों की मतगणना पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्य जनता के मन में हैं, इसीलिए इन चुनाव परिणामों से मन-मन में मोदी होना साबित हो गया है।

## भाजपा की बढत कायम, नहीं चली गहलोत की गारंटी



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
राजस्थान विधानसभा चुनाव के शुरूआती रुझान के साथ ही भारतीय जनता पार्टी जीत की ओर अग्रसर होते हुए बहुमत का आंकडा पार करती दिखाई दे रही है। प्रदेश में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की गारंटी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी भारी पड़ती दिख रही है। सुबह ग्यारह बजे तक के रुझानों में भाजपा 115 और कांग्रेस 68 सीटों पर आगे चल रही है। अन्य 16 सीटों पर निर्दलीय व अन्य दलों के उम्मीदवार आगे हैं। सरदारपुरा सीट से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आगे चल रहे हैं। विद्याधर नगर सीट से दीया कुमारी आगे चल रही हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट आगे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी,नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड पीछे चल रहे हैं। आमेर सीट से भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया भी पीछे चल रहे हैं। दोपहर एक बजे तक यह तस्वीर लगभग साफ हो जाएगी कि नई सरकार किसकी होगी।



देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को राष्ट्र ने 139वीं जयंती पर याद किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में डॉ. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## मुख्यमंत्री ने गैस त्रासदी की बरसी पर दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की



**श्रद्धांजलि**

8 ट्वीट कर अपने श्रद्धांजलि संदेश में कहा भोपाल गैस त्रासदी ने कई अनमोल जिंदगियों को हमसे छीना है।

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
भोपाल गैस कांड की आज 39वीं बरसी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल गैस त्रासदी की बरसी पर असमय अपनी जान गंवाने वाले दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री चौहान ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर अपने श्रद्धांजलि संदेश में कहा भोपाल गैस त्रासदी ने कई अनमोल जिंदगियों को हमसे छीना है। इस भीषणतम त्रासदी में असमय प्राण गंवाने वाले सभी दिवंगतों को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि ऐसी काली रात की पुनरावृति फिर कभी न हो और समाज को कभी इस तरह की भयावह त्रासदी का सामना न करना पड़े। सर्वधर्म सभा आयोजन में पहुंचेभोपाल गैस त्रासदी की बरसी पर रविवार को भोपाल के करोंद में स्थित भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में सर्वधर्म सभा का आयोजन किया। चुनावी गहमागहमियों के बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस सर्वधर्म सभा में पहुंचे और गैस कांड में मारे गए लोगों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज भी 2-3 दिसंबर की वो रात याद आती है तो हम कांप उठते हैं।




राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एक्शन इंडिया
वर्ष: 08 अंक: 324 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## भाजपा के एक नेता को खुशी के साथ-साथ गम भी मिला



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**विधानसभा** चुनाव तीन राज्यों में मिली जीत से भाजपा नेता गदगद हैं। वहीं, प्रदेश भाजपा के एक नेता को खुशी के साथ-साथ गम भी दे गया। इस नेता के दो करीबी रिश्तेदारों ने अलग-अलग राज्यों में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे थे। इनमें से उनका एक रिश्तेदार चुनाव हार गए, जबकि दूसरे रिश्तेदार जीतने में कामयाब रहे। हालांकि, पांच साल पहले उनके दोनों रिश्तेदार चुनाव जीते थे। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह के बेटे व पश्चिम दिल्ली से सांसद प्रवेश वर्मा के छोटे जीजा व सास राजस्थान और मध्यप्रदेश में भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में थे। प्रवेश वर्मा के जीजा व निवर्तमान विधायक मंजीत धर्मपाल चौधरी लगातार दूसरी बार राजस्थान के मुंडावर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार थे, मगर वह चुनाव जीत नहीं सकें। उनको कांग्रेस उम्मीदवार ललित यादव ने करीब 34 हजार मतों से हराया। बीते चुनाव में वह जीते थे। इस विधानसभा क्षेत्र से मंजीत के पिता धर्मपाल चौधरी भी विधायक रह चुके हैं।
प्रवेश वर्मा की सास व पूर्व मंत्री विक्रम वर्मा की पत्नी नीना ने मध्य प्रदेश के धार विधानसभा क्षेत्र से एक बार फिर जीत हासिल की। वह इस क्षेत्र से पांच साल पहले भी जीतने में सफल रही थीं। उन्होंने करीब 10 हजार मतों से कांग्रेस के प्रभा बालमुकंद गौतम को हराया। उनके पति विक्रम वर्मा राज्यसभा के सांसद बनने से पहले इस क्षेत्र के विधायक चुने जा चुके हैं। वह मध्य प्रदेश में भाजपा के कद्दावर नेता रहे हैं। भाजपा ने उनको विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी बनाया था।

# राजधानी में प्रदूषण के स्तर में थोड़ा सुधार

## हवा फिर भी बेहद खराब, अगले तीन दिनों तक भी कोई राहत नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रविवार को प्रदूषण के स्तर में थोड़ा सुधार हुआ। इससे दिल्ली के एयर इंडेक्स में पिछले दिन के मुकाबले 39 अंकों की कमी आई। लेकिन इससे हवा की गुणवत्ता में कुछ खास सुधार नहीं हुई। इस वजह से दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में बरकरार रही। दिल्ली के मुकाबले एनसीआर के शहरों में प्रदूषण कुछ कम और एयर इंडेक्स 300 से नीचे होने के कारण हवा खराब श्रेणी में रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार अगले तीन दिन भी दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में ही बनी रहेगी। सीपीसीबी द्वारा जारी रिपोर्ट के





अनुसार दिल्ली का एयर इंडेक्स 314 रहा, जो बेहद खराब श्रेणी में है। एक दिन पहले दिल्ली का एयर इंडेक्स 353 था। सुबह और शाम हवा शांत और दिन में भी हवा की गति दस किलोमीटर प्रति किलोमीटर से कम होने के कारण प्रदूषक तत्व वातावरण में हवा के साथ अधिक ऊपर और दूर तक नहीं जा सके।
**दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब:** इस माह अब तक तीनों दिन दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में रही है। फरीदाबाद का एयर इंडेक्स 295, गाजियाबाद का 240, ग्रेटर नोएडा का 298, गुरुग्राम का 242 और नोएडा का एयर इंडेक्स 277 रहा। इस वजह से एनसीआर के शहरों में हवा खराब श्रेणी में रही।
**दिल्ली में 12 जगहों पर 300 से कम रहा अदक:** दिल्ली के मुंडका का एयर इंडेक्स 370, नेहरू नगर का 362, आनंद विहार का 355, विवेक विहार का 341 और बवाना का एयर इंडेक्स 339 रहा। इस वजह से इन इलाकों में प्रदूषण सबसे ज्यादा रहा। दिल्ली के 35 प्रदूषण निगरानी केंद्रों में से 12 जगहों पर एयर इंडेक्स 300 से कम रहा है।
**44 प्रतिशत है प्रदूषण में वाहनों की भागीदारी:** नजफगढ़ का एयर इंडेक्स सबसे कम 240, आया नगर का 248, शादीपुर का 249, लोधी रोड का 257 और डीटीयू का एयर इंडेक्स 263 रहा।
आर-आसमान पोर्टल के अनुसार दिल्ली के प्रदूषण में वाहनों की भागीदारी 44 प्रतिशत, बायोमास जलने के कारण निकलने वाले धुएं की भागीदारी 35 प्रतिशत, कूड़े जलने के कारण निकलने वाले धुएं की भागीदारी दस प्रतिशत रही।

## डॉक्टर से 5 लाख रुपये रंगदारी मांगने का मामला, पांच गिरफ्त में, दो फरार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उत्तरी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में एक डॉक्टर से 5 लाख रुपये रंगदारी मांगने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में दो अन्य आरोपी फरार हैं, जिन्हें पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं। यह मामला तब प्रकाश में आया, जब सिटी क्लिनिक की तरफ से भजनपुरा के नॉर्थ घोंडा थाने में इस संबंध में केस दर्ज कराया गया। यह शिकायत नदीम अहमद ने दर्ज कराया था। उसने पुलिस को बताया कि 1 नवंबर को चार शख्स मरीज बनकर उनके क्लिनिक पर आए और पिस्टल दिखाकर उन्हें धमकी दी। आरोपियों ने पांच लाख रुपये



की रंगदारी की मांग की। पुलिस उपायुक्त जॉय टिर्की ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस की टीम क्लिनिक में लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगाली। इसके बाद कुछ ही घंटों में एक नाबालिग और दो अन्य आरोपी हैदर उर्फ समीर (18) और एक स्थानीय नागरिक को पकड़ लिया। इससे पूछताछ के बाद पुलिस टीम ने तीन अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में दो अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं।
**कबाड़ी डीलर है अपराध का मुख्य साजिशकर्ता:** तीन अन्य आरोपियों की पहचान सुभाष मोहल्ला निवासी फैशल पठानी (18), साकिब (19) और मोहम्मद जैम के तौर पर हुई है।

## टूटा रिकॉर्ड, पिछले पांच वर्षों में भी नहीं हुआ इतने वाहनों का रजिस्ट्रेशन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
वाहनों से बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने के हो रहे प्रयास के बीच नवंबर में वाहनों के पंजीकरण का रिकॉर्ड टूट गया है। नवंबर में कुल 79 हजार 987 वाहन पंजीकृत हुए हैं। यह संख्या 2023 में ही किसी एक माह में सबसे अधिक नहीं, बल्कि पिछले पांच सालों में किसी एक माह में सबसे अधिक है। इसमें सबसे अधिक 56 हजार 685 दो पहिया व 18253 कारें शामिल हैं।
इस माह में इलेक्ट्रिक वाहन भी 6861 पंजीकृत हुए हैं। स्थिति पर गौर करें तो 2020 में आई कोरोना महामारी में जनता ने भारी परेशानी उठाई थी। कारोबार और काम धंधे चौपट हो गए थे, उसके बाद से दिल्ली में आर्थिक स्थित लगातार बेहतर हो रही है। इन आंकड़ों में भी यह बात साफ हो रही है। क्योंकि दो पहिया और कारों के पंजीकरण ने उछाल मारा है। एक माह में 56 हजार दो पहिया और 18 हजार कारें पंजीकृत हुई हैं। ये वाहन आम जनता द्वारा खरीदे गए हैं। इन आंकड़ों में खास बात यह रही है कि व्यवसायिक वाहनों के पंजीकरण में कोई खास उछाल नहीं देखा गया है।
व्यवसायिक वाहन का पंजीकरण पिछले महीनों की तरह ही रहा है। इस साल की बात करें तो इस साल में नवंबर से पहले जनवरी में 59534, मार्च में 54342 और अक्टूबर 58237 में वाहन पंजीकृत हुए हैं।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने जंतर-मंतर पर शांतिपूर्वक प्रदर्शन की दी अनुमति

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली हाईकोर्ट ने जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति दे दी है। इसके लिए कोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी। कोर्ट ने अनुमति देते हुए याचिकाकर्ता को राहत दी है। याचिकाकर्ता ने संविधान के अनुच्छेद 19 (1)बी के तहत मौलिक अधिकार के उल्लंघन की बात कही थी। उसने अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त द्वारा प्रदर्शन के आवेदन को निरस्त किए जाने को चुनौती दी थी। यह प्रदर्शन 25 से 30 अक्टूबर को सुबह 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे के बीच किया जाना था। तब पुलिस ने इस आवेदन को निरस्त कर दिया था और इसके पीछे यह तर्क दिया था कि




जंतर-मंतर और बोट क्लब सहित सेंट्रल विस्टा के आसपास विरोध प्रदर्शन के लिए जारी दिशा-निर्देश के तहत उनकी मांग अनुकूल प्रतीत नहीं होती है। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए जारी दिशा-निर्देश में कहा गया है कि यहां पर प्रदर्शन की अनुमति देते समय 'कम से कम गड़बड़ी' की संभावना को देखना है। साथ ही यह प्रदर्शन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक ही हो सकता है।
**17 दिसंबर को प्रदर्शन कर सकेंगे याचिकाकर्ता:** न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने स्थिति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए याचिकाकर्ता की याचिका मंजूर कर ली।

## जलवायु परिवर्तन से हो सकता है बड़ा उलटफेर, अस्पतालों के बंद होने पर भी है खतरा


**नई दिल्ली।** अस्पतालों पर एक नया खतरा मंडरा रहा है। यह खतरा लाई है बदलती जलवायु। जी हां, सही पढ़ा। चरम मौसम की घटनाएं अस्पतालों को बंद तक करा सकती हैं। दरअसल, क्रॉस डिपेंडेंसी एनालिसिस द्वारा आज जारी एक नई रिपोर्ट के अनुसार, यदि दुनिया के तमाम देश फोस्सिल फ्यूल एमिशन पर अंकुश लगाने में विफल रहते हैं। 12 अस्पतालों में से 1 पर जलवायु परिवर्तन के चलते है।

## यह भाजपा नहीं, ईवीएम की जीत: जगदीश शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राहुल प्रियंका गांधी सेना के अध्यक्ष पंडित जगदीप शर्मा ने रविवार को चुनावी रूझानों पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि भारतीय जनता पार्टी राज्यों के चुनाव को ईवीएम की मदद से जीतने जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह जीत भाजपा की नहीं बल्कि ईवीएम की है। शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि जब तक देश में ईवीएम से चुनाव होगा, भाजपा कभी नहीं हारेगी। देश का चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं है। राहुल गांधी को जनता प्यार करती है लेकिन वह ईवीएम से हार जाते




हैं।
अगर बैलेट पेपर से चुनाव हो तो कांग्रेस की जीत पक्की है। यह चुनाव छल से हराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पांचों राज्यों में कांग्रेस की सभाओं में खूब भीड़ दिखी थी। राहुल और प्रियंका की सभाओं में बड़ी संख्या में लोग आए थे। जमीन पर कांग्रेस दिख रही थी और चुनाव भाजपा कैसे जीत रही है? यह देश के लिए सोचने का विषय है। यह कांग्रेस की हार नहीं बल्कि भाजपा के छल की जीत है।




# अब देश में कचरे का भी होगा स्मार्ट प्रबंधन

## एनर्जी के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के साथ-साथ मिलेगा करोड़ों लोगों को रोजगार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अभी आप जिसे कचरा समझकर कूड़ेदान में फेंक रहे हैं, वही आपके लिए आय का साधन भी बन सकता है। बस इसके लिए जरूरी है कूड़े की कीमत की पहचान करना और इसे सर्कुलर इकोनॉमी का हिस्सा बनाना। इससे न सिर्फ देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) बढ़ेगा बल्कि कचरे बीनने वाले लगभग ढाई करोड़ लोगों को नया रोजगार भी मिल सकेगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी सहायता मिलेगी। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) ने नेशनल सर्कुलर इकोनॉमी फ्रेमवर्क तैयार किया है। 144 पेज का यह ड्राफ्ट तीन दिन पहले ही केंद्रीय शहरी आवास एवं विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी और केंद्रीय पर्यावरण राज्यमंत्री अश्विनी चौबे को सौंपा गया है। संभावना जताई जा रही है कि केंद्र मंत्रालय से इस पर सकारात्मक रूख मिल सकता है। यदि ऐसा हुआ तो केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) भी जल्द ही इस पर



संज्ञान ले सकता है। गौरतलब है कि जितनी तेजी से कचरा बढ़ रहा है और लैंडफिल पर इसका पहाड़ बनता जा रहा है। इससे पर्यावरण और प्रदूषण का बड़ा खतरा मंडरा रहा है। विशेषज्ञ भी कचरा प्रबंधन के स्मार्ट तरीकों पर अध्ययन कर रहे हैं। सरकारों के पास लगातार नए नए सुझाव पहुंच रहे हैं।
**स्मार्ट तरीके से करना होगा कचरा प्रबंधन**
सीआईआई टास्क फोर्स ऑन वेस्ट टू वर्थ के अध्यक्ष मसूद मलिक ने बताया कि यदि समय रहते स्मार्ट तरीके से कचरा प्रबंधन पर ध्यान नहीं दिया गया तो दिल्ली में भलस्वा और गाजीपुर जैसे कूड़े के पहाड़ हर महानगर में दिखाई देने लगेंगे। दूसरी तरफ यदि स्मार्ट तरीके से कचरा प्रबंधन पर काम किया जाए तो पारंपरिक रूप से कचरा बीनने वाले लगभग दो से ढाई करोड़ लोगों को स्थायी रोजगार मिल सकता है। उनके कौशल विकास के साथ-साथ सामाजिक विकास के भी नए आयामों को छुआ जा सकता है। इसके लिए वाणिज्य, वित्त, शहरी विकास और पर्यावरण मंत्रालय का सहयोग चाहिए होगा।
**इंडस्ट्रियल रिसोर्स रिकवर का फीड स्टॉक**
मसूद ने बताया कि नेशनल सर्कुलर इकोनॉमी का जो ड्राफ्ट तैयार किया गया है, उसका मूल भाव यही है कि जिसे हम आज तक कचरा समझ कर फेंकते रहे हैं, उसे इंडस्ट्रियल रिसोर्स रिकवरी के फीड स्टॉक के रूप में देखा जाए। इसके पहले कि कचरे के बडे-बड़े पहाड़ बन जाएं, इसकी रिकवरी, रिसाइक्लिंग और एनर्जी के रूप में बदलने पर ध्यान किया जाए।
**कचरे के रिकवर के बारे में सोचना होगा**
उन्होंने बताया कि कचरे को मिक्स होने के पूर्व ही रिकवर करना शुरू कर दें और उसके बाद इसकी उपयोगिता के बेहतर उपयोग तलाशें कि इसके रिसाइकिल का सबसे अच्छा उपयोग क्या हो सकता है। तीसरा काम यह करें कि रिकवर और रिसाइकिल से जो प्राप्त हो उसे वापस इकोनॉमी में डाल दें। इसको बड़े पैमाने पर करने की जरूरत है। इससे एक तरफ कचरे की समस्या का समाधान होगा और दूसरी तरफ देश में तेल और खनिज पदार्थों का आयात भी कम होगा।

# अंतिम छोर तक पहुंच रही सरकारी योजनाएं: बड़ौली



**खरखौदा/टीम एक्शन इंडिया**
**केन्द्र और** प्रदेश सरकार की सभी योजनाएं हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे इसी उद्देश्य से देश व प्रदेश में चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को खरखौदा ब्लॉक के गांव पाई व नसीरपुर चौलका पहुंची। जहाँ पर लोगों ने इस यात्रा के अंतर्गत गांव में पहुँची विडियों वैन का ग्रामवासियों ने जोरदार स्वागत किया। यात्रा के अंतर्गत आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने बतौर मुख्यातिथि किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं को लेकर लगाई गई स्टॉलों का अवलोकर कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यक्रम में आने वाले हर पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ प्रदान करें।

विधायक बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है। सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से जरूरतमंद नागरिकों पहुंचे इसके लिए परिवार पहचान पत्र हरियाणा में योजनाओं के क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का असर अब अब धरातल पर पर दिखाई देने लगा है। विधायक बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है। सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से जरूरतमंद नागरिकों पहुंचे इसके लिए परिवार पहचान पत्र हरियाणा में योजनाओं के क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का असर अब अब धरातल पर पर दिखाई देने लगा है।

**विधायक ने कार्यक्रमों में नागरिकों को दिलाई ह्यहमारा संकल्प-विकसित भारतह्ल की शपथः**
इस दौरान विधायक ने नागरिकों से 2047 तक भारत को पूर्ण ह्यविकसित और आत्मनिर्भरह्ल राष्ट्र बनाने के संकल्प की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि आज से ही सभी नागरिक देश को विकसित बनाने के लिए अपनी भूमिका के साथ कार्य करें। अंतिम व वंचित व्यक्ति तक पहुंच रही योजनाएं-विधायक विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं को गरीब के घर द्वार तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य हर एक व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड ?ा है। उन्होंने कहा कि साढ़े नौ सालों में मोदी सरकार और 9 सालों में मनोहर सरकार की जो योजनाएं बनी हैं यदि कोई व्यक्ति उन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है तो उन्हें योजनाओं से जोडक? लाभान्वित किया जा रहा है।

# बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने विभिन्न खेलो में किया बेहतर प्रदर्शन



**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**
**जी टी** रोड स्थित बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि भारत केसरी एवं अर्न्तराष्ट्रीय पहलवान मौसम खत्री, स्कूल के निदेशक बी. बी गुप्ता, बाल भवन दिल्ली की प्रधानाचार्या रचना गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इसके अलावा विशिष्ठ अतिथि नगरपालिका चेयरमैन अरूण त्यागी, द्रोणाचार्य अवार्डी सुरजीत मान ने शिरकत की। सभी अतिथियों का स्कूल में पहुंचने पर खत्री का स्कूल के प्रधानाचार्य जय भारत ने बूके देकर स्वागत किया। स्कूल के नन्हें- मुन्ने छात्रों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अभिभावकों का मन मोह लिया। खेलो की शुरूआत मुख्यातिथियों ने प्रधानाचार्य के सहयोग से मां सरस्वती की फोटो के समक्ष दीप जलाकर की। स्कूल के छात्रों ने बोरी रेस, दौड़, व नन्हें बच्चों की दौड़ के अलावा विभिन्न खेलो में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भारत केसरी एवं अर्न्तराष्ट्रीय पहलवान मौसम खत्री ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल भवन स्कूल शिक्षा के साथ खेलो की तरफ विशेष ध्यान दे रहा है। खेलो में छात्रों के बेहतर प्रदर्शन को देख लगता है कि स्कूल के छात्र खेलो की तैयारियों में लगे हुए है। खत्री ने कहा कि खेलो से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है। इसलिए जीवन में कोई न कोई खेल आवश्य खेलना चाहिए। नगरपालिका चेयरमैन अरूण त्यागी ने कहा कि शिक्षा के साथ खेलो में भी स्कूल ने कम समय में बेहतर पहचान बनाई है। इसके लिए वे संस्था के संचालक की सराहना करते है। स्कूल के प्रधानाचार्य जय भारत ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हर साल स्कूल में खेल उत्सव का आयोजन करते है। अभिभावकों, शिक्षकों ने कार्यक्रम को बेहतर तरीके से सफल बनाया। हमारा प्रयास रहता है कि शिक्षा के साथ खेलो पर ध्यान दिया जाता है। सभी छात्र शिक्षा के साथ खेलो में अपने अभिभावक का नाम रौशन करे। प्रधानाचार्य ने सभी का आभार जताया।

**शिक्षा व खेलो के क्षेत्र में ये मेधावी हुए सम्मानितः** खेल उत्सव के दौरान दसवीं कक्षा में स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त अवनी, द्वितीय स्थान प्राप्त शुभम कुमार, तृतीय स्थान प्राप्त भूमिका को व बाहरवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त सक्षम, द्वितीय स्थान प्राप्त देव देशवाल, तृतीय स्थान प्राप्त हर्ष को मुख्यातिथि ने शिल्ड व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को ट्राफी व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया

## न्यूज फ्लैश

### रक्तदान एक महादान: मनोज रिढाऊ



**सोनीपत/** जनहित अभियान फाउंडेशन के द्वारा गांव तेवड़ी में लगाया रक्तदान शिविर इस अवसर पर मुख्य अतिथि कांग्रेस के जिला प्रेस प्रवक्ता मनोज रिढाऊ ने किया शिविर का उदघाटन और कहा की हर युवा को वर्ष में चार बार रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से हमारे शरीर में कोई कमी नहीं आती। रक्तदान एक महादान हे फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया की आज के रक्तदान शिविर में 55 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर स्टेट अवॉर्डी प्रवक्ता दिलबाग सिंह,मास्टर सुशील, डा अनिल,देवेंद्र मलिक,अनिल लालू,दिनेश, बलू,भूपिंदर मास्टर, सत्यवान, तनवी मलिक,आचल मलिक,राहुल,सचिन,सतीश मास्टर,देवराज , डा सुभाष,अमर , मोनी,दीपक,सतेंद्र , शीला उपस्थित रहे।

### राधा कृष्ण प्रभात फेरी संगठन द्वारा हुड्डा से निकाली गई प्रभात फेरी




**टीम एक्शन इंडिया / नारनौल**
**राधा कृष्ण** प्रभात फेरी संगठन नारनौल द्वारा साप्ताहिक 46वी हुदा सेक्टर से प्रातः 6:30 बजे बड़ी धूमधाम से निकल गई। प्रभात फेरी यजमान श्याम सुंदर गर्ग के निवास स्थान से प्रारंभ होकर हुड्डा सेक्टर में परिक्रमा देकर चमत्कारी बालाजी मंदिर से होते हुए यजमान के निवास स्थान पर ही समाप्त हुई। आज सर्दी की भरी प्रभात में सैकड़ो की संख्या में भारी संख्या में पहुंचे पुरुष, महिलाएं पर बच्चों ने प्रातः काल की बेला में राधा नाम का संकीर्तन किया। भेदभाव मिटाकर भोर के समय ढोल नगाड़ों की थाप पर राधे नाम की गूंज के साथ एक नई सुबह का आगाज बड़े आनंद की अनुभूति करवाते हुए पूरा वातावरण गूंजायमान हो रहा था। नारनौल की गलियां वृंदावन की कुंज गलियों की तरह गूंजायमान हो रही थी। शुद्ध मन के साथ प्रकृति के हर जीव जंतु को भगवान का स्मरण करने में एक नई ऊर्जा प्राप्त हो रही थी। प्रभात फेरी में लोगों ने ढोल-मंजीरे बजाते हुए राधे-राधे के नारो के साथ ऐसा माहौल बना दिया जैसे श्री भगवान कृष्ण की नगरी वृंदावन में लोग झूम-झूम कर नाच-गाकर राधे-राधे को रिझा रहे हो,नारो से सराबोर हो समस्त वातावरण को ऐसा बना दिया लोग घरों से बाहर आकर तालियां बजा बजा कर राधा नाम रात रहे थे।रविवार की प्रातः की पावन बेला पर परिक्रमा मार्ग में लोगों ने भरपूर मात्रा में पुष्प वर्षा की तथा ठाकुर जी के दर्शन किए , घी का दीपक जलाकर आरती की तथा लोगों में प्रसाद बांटा गया।

### शिविर में हुई 136 मरीजों की नेत्र जांच

**टीम एक्शन इंडिया / महेंद्रगढ़**
**स्थानीय** यादव धर्मशाला में यादव सभा व राहत ग्रुप के तत्वाधान में 160 वें नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि डॉ. प्रेमराज यादव की अध्यक्षता में आयोजित शिविर का शुभारंभ हवन-यज्ञ के साथ किया गया। यज्ञ पुरोहित यादव सभा के उप प्रधान भूपेंद्र आर्य, सूबेदार पंडित ब्रहमदेव आर्य व वेदप्रकाश आर्य ने हवन यज्ञ संपन्न कराया। तत्पश्चात डॉ. जितेंद्र यादव व उनंकी टीम के डॉ. आरपी गिरि एवं डॉ. रामपाल यादव ने रोगियों की नेत्र जांच की। डॉ. प्रकाशवीर आर्य ने बीपी और शुगर चैक किया। शिविर में 136 रोगियों के नेत्र जांच की तथा 31 रोगियों को ऑपरेशन के लिए सरदार सिंह की देखरेख में सिविल अस्पताल भिवानी भेजा गया। इस अवसर पर यादव सभा के प्रधान एडवोकेट अभय राम यादव, प्रोफेसर बस्तीराम खैरवाल, एडवोकेट

# अतिरिक्त उपायुक्त ने सीईटी परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अतिरिक्त उपायुक्त** अपराजिता ने हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा 2023 के लेवल-3 के दृष्टिगत गतदिवस कईं परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने परीक्षा से सम्बन्धित व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सम्बन्धित सैंटर सुपरवाईजर से जानकारी भी हासिल की।

अतिरिक्त उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी अपराजिता ने मेजर आर.एन. कपूर व डीएवी रिवर साईड अम्बाला छावनी में बनाए गये परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए सैंटर सुपरवाईजर से परीक्षा के दृष्टिगत किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं है, उस बारे जाना। उन्होंने निरीक्षण के दौरान जैमर व अन्य व्यवस्थाओं की भी जानकारी हासिल की। उन्होने परीक्षा केन्द्रों पर जाकर वहां की भी व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गये हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा के तहत यदि किसी भी प्रकार की कोई परेशानी आती है तो उस बारे तुरंत जिला प्रशासन या पुलिस प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा के दृष्टिगत हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा जो हिदायतें जारी की गई हैं, उसकी अनुपालना के तहत परीक्षा का सफलपूर्वक आयोजन करवाना है। जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि आज आयोजित इस परीक्षा के दृष्टिगत 2159 अभ्यार्थियों ने परीक्षा देनी थी जिनमें से 1903 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचे थे।

# प्रदेश भाजपा नेता अमित बिंदल ने किया बुजुर्गों का सम्मान



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**भाजपा** नेता अमित बिंदल ने कहा हमारे देश के बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं जिस धरोहर को हम सब कहीं ना कहीं पीछे छोड़ रहे हैं। हमें अपने बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए बुजुर्गों के चरणों में ही चारो तीरथ धाम है। आज भाजपा नेता अमित बिंदल ने पूरे समाज को इस कार्यक्रम के माध्यम से एक अच्छा संदेश देने का काम किया है ।हमें अपनी सोच बदलनी होगी और युवा पीढ़ी को आने वाली एक अच्छा संदेश इन कार्यक्रमों के माध्यम से देने का प्रयास करते हैं।

# देश की जनता का कांग्रेस से भरोसा उठ गया है: प्रो .रामबिलास शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया / महेंद्रगढ़**
तीन राज्यों में भाजपा को मिला प्रचंड बहुमत साबित करता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। उक्त बातें हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने स्थानीय भगवान परशुराम/आजाद चौक पर भाजपा को मिले जनादेश पर लड्डू बांट खुशी जाहिर करते हुए भाजपा कार्यकताओं के विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहीं। श्री शर्मा चुनाव परिणामों की स्थिति का समाचार टीवी पर देख विशाल जनसमूह के साथ कार्यकताओं के जुलूस के साथ आजाद चौक पर पहुंचकर कार्यकताओं को लड्डू बांटे। ढ़ोल नगाड़ों पर कार्यकताओं के साथ पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा ने नाच कर भाजपा की जीत पर खुशी जाहिर की। श्री शर्मा ने कहा कि देश की जनता ने मध्यप्र्देश, राजस्थान व छतीशगढ़ में एक बार फिर भाजपा पर भरोसा किया है। कांग्रेस की परिवारवाद नीति के खिलाफ वोट दिया है उन्होंने कहा कि देश की जनता का कांग्रेस से भरोसा उठ गया है यही कारण है कि कांग्रेस सिर्फ एक परिवार की पार्टी है।

# तीन राज्यों में भाजपा को मिली जीत की खुशी में बांटे लड्डू

**टीम एक्शन इंडिया / लालचंद नांगल चौधरी** । आज चार राज्यों के घोषित विधानसभा चुनाव परिणामों में से तीन राज्यों में भाजपा को मिली प्रचंड जीत की खुशी में भाजपा नेता महेंद्र गुर्जर ने लड्डू बांटे। इस मौके पर अशोक , श्यामलाल सैनी , पुष्कर , विक्रम गुर्जर तथा मुकेश रावत सहित अनेकों बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद थे । जीत की खुशी सांझा करते हुए महेंद्र गुर्जर ने कहा कि यह आशातीत सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन , पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा की रणनीति और जमीनी कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है।

# भगवान परशुराम सेवा समिति का मासिक हवन यज्ञ आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**भगवान परशुराम** सेवा समिति रजि ( 1069 ) अम्बाला कैन्ट का मासिक हवन यज्ञ अक्टूबर महीने के पहले रविवार को भगवान परशुराम मंदिर नग्गल करधान अम्बाला कैन्ट में समिति के पुरोहित पंडित दीपलाल जयपुरी द्वारा विधि विधान से विनायक पूजन, वेदी पूजन, एवम 108 भगवान श्री परशुराम गायत्री मंत्र द्वारा यज्ञ करवाया गया। इस हवन में मुख्य यजमान समिति के सदस्य रवि शर्मा ओर उनकी धर्मपत्नी नीरू शर्मा थे। हवन के बाद समिति के महासचिव सुरिंदर राजू शर्मा ने भगवान परशुराम चौक बनने पर ब्राह्मण संगठन का आभार जताया ओर ग्रह मंत्री अनिल विज जी का धन्यवाद किया है जिनके सहयोग से भगवान परशुराम जी का चोंक बना है। इस अवसर पर उन्होंने कहा की भगवान परशुराम जी प्रत्येक ब्राह्मण के ईस्ट है। अतः समस्त समिति के सदस्य इस नेक कार्य से खुश है। इस शुभ अवसर पर समिति के सचिव राजेश गोल्डी ने सभी धार्मिक संस्थाओं से आवाहन किया की आने वाली 25 दिसंबर को सभी ब्राह्मण समाज के लोग एवम सभी भारत वासी तुलसी पूजन करे। सुबह धूप, दीप, मिष्ठान तुलसी जी पर अर्पण करें उसके बाद शाम के वक़्त भी धुप, दीप जलायें तुलसी माता पर। ऐसा करने से हमारे धार्मिक पर्व जाग्रत रहेंगे।

इसके अतिरिक्त सुरिंदर राजू ने बताया कि नग्गल करधान में मंदिर बनने से आस पास के गाँव मे लोगों में पूरा जन समर्थन मिल रहा है ।

# 'देवा सोसायटी ने नई मोटर देकर दूर कराई स्वच्छ पेयजल की समस्या'



**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**
**बादशाही रोड** के साथ लगती बीएसटी कॉलोनी में मोटर खराब होने के चलते काफी समय से स्थानीय लोगों के सामने पेयजल संकट खड़ा हो गया। लोगों की समस्या को देखते हुए देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने करीब ८इ हजार रुपए खर्च कर नई मोटर खरीद कर दी है, ताकि प्रत्येक घर तक स्वच्छ पानी पहुंच सके। इस सराहनीय कार्य के लिए कॉलोनी के लोगों ने समाजसेवी देवेंद्र कादियान का फूलमाला से स्वागत किया और आभार जताया। स्थानीय वासी जितेंद्र कुमार, श्रीराम अवतार, कैलाश, सत्यवान, संजीव सक्सेना, दीपक, पालेराम ने बताया कि बीएसटी कॉलोनी में करीब ६९इ घर बने है। पिछले काफी समय से मोटर खराब होने के चलते पानी की सप्लाई नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। खाना बनाना, नहाने से लेकर कपड़े धोने में पानी की जरूरत होती है। ऐसे में उन्हें पानी खरीद कर अपने रोजमर्रा के काम निपटाने पड़ रहे है। उन्होंने बताया कि पानी की मोटर ठीक करवाने को लेकर उनकी कहीं सुनवाई नहीं होने पर समाजसेवी देवेंद्र कादियान से मिले। उन्होंने एक बार में ही उनकी समस्या सुनने का आश्वासन दिया और करीब ८इ हजार रुपए की लागत की पानी की नई मोटर दी है। उन्होंने बताया कि समाजसेवी देवेंद्र कादियान बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहे है और हर जरूरतमंद व्यक्ति के मुंह पर आज के समय में समाजसेवी देवेंद्र कादियान का ही नाम है, क्योंकि वह हर व्यक्ति के साथ हर समय खड़े है।

समाजसेवी कादियान ने कहा कि बीएसटी कॉलोनी में काफी परिवार रहते है। रोजमर्रा के काम में पानी की सबसे ह्यादा जरूरत होती है। यहां पर पानी का संकट गहराने पर लोगों ने अपनी समस्या से अवगत कराया।

इसके तुरंत बाद ही उनकी देवा सोसायटी की ओर से नई मोटर की व्यवस्था कर समस्या का समाधान किया गया। कादियान ने बताया कि वह हर व्यक्ति के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़े है।

# शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

## कोमल कौर अपने सैकड़ो साथियों के साथ आप आदमी पार्टी में हुई शामिल



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आम आदमी** पार्टी के राज्यसभा सासंद डॉ संदीप पाठक के आदेशानुसार वार्ड-24 मे 21 मेम्बर कमेटी के शपथ ग्रहण एवम सम्मान समारोह किया।

इस सम्मान समारोह में वार्ड 24 की वरिष्ठ महिला नेत्री कोमल कौर ने अपने साथियों के साथ आम आदमी पार्टी को ज्वाइन किया।

आज प्रदेश सह सचिव सुखवीर मलिक ने वार्ड 24 मे सभी 21 मेम्बर उपस्थित का सम्मान किया और उनको परिचय पत्र दिये। आम आदमी पार्टी के नए सदस्य महिला नेत्री कोमलकौर द्वारा अपने सभी नए साथियों को ज्वाइन कराया एवं आइडेंटी कार्ड बनाए एवं वितरित किए। आम आदमी पार्टी के नीतियों पर पानीपत ग्रामीण चुनाव प्रभारी योगेश कौशिक जी ने एव अनील पांडे ने अपनी बात रखी। आम आदमी पार्टी की मूलभूत सुविधाओं पर बारीकी से सभी महिलाओं के साथ चर्चा की।

मलिक ने वार्ड24 मे न्यू नवनियुक्त वार्ड सचिव संजीव गोयल के कार्यालय का उद्घाटन किया। सभी नए जुड़े कार्यकताओं व कमेटी मेंबर को शपथ दिलाई और मौके पर सबके आइडेंटी कार्ड वितरित किए । जिनको सम्मान मिला वह है सुखबीर मलिक कोमल कौर को वार्ड 24 का महिला अध्यक्ष नियुक्त किया जिन साथियों ने कोमल कौर के साथ आम आदमी पार्टी को ज्वाइन किया वह है सुदेश कांति गीता परमजीत सिमरन कौर सुगंधा निशा गुड़िया राजरानी पिंकी शोभा सपना रेखा बाला दिवशी मुकेश पूनम नंद रानी सुदेश रेखा नीलम चंचल कुमारी सुनीता देवी सोनिया सुनीता पुष्पा शालू कृष्णा सुनीता कविता एवं युवा साथी तरुण मंदीप संदीप हरदीप लवली राहुल गुरविंदर मनदीप वर्क सागर दीपांशु व उषा मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर भंडारे का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया / महेंद्रगढ़**
**परमात्मा की** प्राप्ति और गूढ़ तत्व के निरुपण में सद्गुरु की भूमिका और महिमा का बड़ा महत्व है। सद्गुरुजनों के विचारों में संयम, विवेक और तेजस्विता के साथ उनकी शक्ति में अलौकिकता होती है। जब प्राणी माया से मोहित होकर अपने आत्मस्वरुप को भूल जाता है, तब सद्गुरु की कृपा से उसे विवेक दृष्टि मिलती है और वह अपने वास्तविक स्वरूप को जानकर आंतरिक आनंद को अनुभव करता है। सद्गुरु के प्रति जितनी गहरी श्रद्धा, प्रेम, भक्ति भक्त के मन में होती है उतनी ही सद्गुरु की कृपा उस पर बरसती है। श्रद्धालुओं को अपने प्रवचनों में उक्त बातें स्थानीय रामदेई निवास में परमहंस, विरक्त, परम तेजस्वी, योगीराज स्वामी दयानन्द गिरी की 19 वीं पुण्यतिथि पर चल रहे कार्यक्रम के समापन पर उनके शिष्य स्वामी स्वरूपानंद ने बताई। स्वामीजी ने कहा कि सद्गुरु चलते फिरते तीर्थ हैं और मंदिर हैं। वे नर-नारायण का संगम है। सद्गुरु शरीर ही नहीं एक अलौकिक शक्ति भी है।

सद्गुरु से ही मनुष्य के मन में असीम खुशियां प्रकट होती हैं। सद्गुरु हमें अपनी मंजिल ईश्वर प्राप्ति की राह पर लगाते हैं। हमें पूर्ण बनाने की कृपा करते हैं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर हवन, पूजन व विशाल भंडारे का आयोजन धार्मिक भक्त समाज महेन्द्रगढ़ द्वारा किया गया।

# तीनों राज्यों ने मोदी की गारंटी पर लगाई जीत की मोहर: विधायक राजेश नागर

**जीत का जश्न**

**8 पलवल के गांव बामनीखेड़ा में विधायक राजेश नागर ने जनता के साथ मनाया जीत का जश्न**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**
राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलने से एक बार फिर तय हो गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर बात की गारंटी है। जिस पर जनता ने फिर से विश्वास जताया। वह पलवल के गांव बामनीखेड़ा में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर समर्थकों ने उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। तिगांव विधानसभा से भाजपा के विधायक राजेश नागर में कहा कि इन तीनों राज्यों में भाजपा के नेतृत्व की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि मिजोरम में भी उनको भारी जीत मिलेगी। इसके साथ ही तेलंगाना में भी जोरदार नंबर भाजपा ने प्राप्त किए हैं। नागर ने कहा कि आने वाले लोकसभा के चुनाव में इन नतीजों का बड़ा फर्क पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली पर लोगों का भरोसा है और मोदी है तो मुमकिन है, यह बात हर दिन और मजबूत होती जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जो विकास कार्य देश में किए गए हैं, लोगों ने उन्हें देखकर वोट किया है।
इस अवसर पर यहां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया और हजारों लोगों को जीत की खुशी के लड्डू खिलाए गए। यहां कार्यकर्ता और समर्थक ढोल नगाड़ों के घंटों नाचते रहे। इस अवसर पर सुभाष चौधरी पूर्व विधायक, केहर सिंह रावत, विश्व गौरव पुत्र हर्ष कुमार पूर्व मंत्री, अमित भारद्वाज, सुरेंद्र बिधूड़ी, सुधीर नागर, प्रशांत चौधरी फुलवाड़ी, राजेश तंवर पार्षद, मयंक चौधरी, संजय गुर्जर, उमेश गुधराना पार्षद, जवाहर सिंह सोरौत, अजीत पार्षद, विजय भड़ाना, जिले चेयरमेन सिहा, सुनील नागर, रवि पहलवान, टीकरी गुर्जर, सद्दाम सरपंच, शेर मोहम्मद सरपंच, रतन सरपंच, तैयब हुसैन, अशोक सरपंच, राजेश पार्षद, महेश सरपंच, हरवीर सिहा, अजीत सरपंच सिहा, राजेंद्र बैंसला, चन्दर सरपंच आदि मौजूद रहे।

# मोदी पर देश की जनता को है अटूट विश्वास: गोपाल शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**
भाजपा ज़िला कार्यालय अटल कमल पर भाजपा ज़िला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने 3 राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश और छतीसगढ़ में भाजपा की बंपर प्रचण्ड जीत पर जश्न मनाया क कार्यकताओं ने भारत माता की जय के उद्घोष करते हुए मिठाई बाँटी और नरेन्द्र मोदी ज़िंदाबाद के नारे लगाए कइस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, हुकम सिंह भाटी चैयरमैन,बिजेन्द्र नेहरा,ग्यासीराम शर्मा,वजीर सिंह डागर,प्रवीण चौधरी, हरीश धनखड़,भगवान सिंह, नरेश नंबरदार ,विमल खंडेलवाल, कुलदीप सिंघल,



जगदीश कुमार,अमित कुमार, अजय डुडेजा, मनोज नागर, सचिन गुप्ता,हिमांशु मिश्रा, गौरव, हुकम बघेल,अजय यादव, प्रिया सहगल और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे कगोपाल शर्मा ने कहा कि जनता ने भाजपा और मोदी के सुशासन एवं जनकल्याणकारी नीतियों पर विश्वास जताते हुए भाजपा को अपना पूर्ण समर्थन देकर एक प्रचंड जीत प्रदान की है कपिछले नौ सालों में देश का चहुंमुखी विकास हुआ है और देश का किसान, मजदूर, युवा व अंतिम पायदान पर खड़ा जरूरतमंद व्यक्ति सशक्त हुआ है । जनता ने भाजपा और मोदी की नीतियों पर विश्वास जताया है इसविश्वास के लिए जनता जनार्दन व कार्यकताओं की मेहनत के लिए बहुत बहुत आभार, बधाई

## संक्षिप्त खबरें

### क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 ने गौ रक्षक संगठन के साथ मीटिंग लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 प्राभारी शशीपाल ने गौ रक्षक दलों के साथ मीटिंग लेकर कानून को अपने हाथ ना लेने की हिदायत दी है।
पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आज क्राइम ब्रांच सेक्टर प्रभारी ने फरीदाबाद के तीनों जनों के गौ रक्षक संगठनों के कार्यकताओं के साथ मीटिंग कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कानून को अपने हाथ में न लेने की सख्त हिदायत दी। अगर गौ रक्षक दल को कोई गो तस्करी की सूचना मिलती है तो तुरंत संबंधित थाना, पुलिस चौकी व क्राइम ब्रांच टीम को सूचना दें। अगर किसी ने कानून अपने हाथ में लेने की कोशिश की तो उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कानून अपने हाथ में लेने से समाज में अशांति फैल सकती है। किसी भी गैर कानूनी घटना पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### एक कदम नई आशा सोशल वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा पहला विशाल स्वेशिक रक्तदान शिविर पानीपत के देवी मूर्ति स्कूल मे लगाया गया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
रक्तदान शिविर का आयोजन संस्था और रेड क्रॉस सोसाइटी के नेतृव में किया गया जिसमे डॉ पूजा सिंगल,ने लगभग 50 रक्तदाताओं से रक्तदान इकट्ठा किया`
कैंप में रक्तदाताओं को मूमेंटो और संस्था का सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। लोगो मे कैंप को लेकर भारी उत्साह था शिविर मे रक्तदान करने आए लोगों ने कहा रक्तदान महादान होता है जीते जी रक्तदान और मरणोपरांत नेत्रदान करना चाहिए। डॉ पूजा सिंगल ने बताया की रक्तदान करने से शरीर तंदुरुस्त रहता है कई प्रकार की बीमारियां शरीर से खत्म हो जाती है इसलिए रक्तदान जरूर करना चाहिए। संस्था के पदाधिकारी प्रधान दीपक बिंद्रा ने बताया की आगे भी हम इस तरह से कैंप लगाते रहेंगे।
वही रक्तदान शिविर मे विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध समाजसेविका किन्नर गुरु हाजी साधना रही किन्नर हाजी साधना ने कहा इन युवाओं का जोश काबिले तारीफ है इस मौके पर अशोक चौहान,अमित गुप्ता प्रधुमन चिराग गोयल दीपक गर्ग गुलशन ओझा पवन शुक्ला अमन चौक छोटेलाल गुप्ता अंकित कश्यप आदि मौजूद रहे।

### एटीएम में रुपए डालने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
सीआईए टू शाखा की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी धर्म सिंह उर्फ धर्मा पुत्र माडू राम और राजकुमार पुत्र माडू राम वासियान काछवा करनाल, रमेश पुत्र रति राम वासी बस्थली व रवि पुत्र सुखबीर वासी पाल नगर करनाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से चालीस लाख रुपए बरामद किए गए।
इस संबंध में सीएमएस सिस्टम लिमिटेड करनाल ब्रांच के मैनेजर राजीव ने 15 नवंबर को शिकायत दी थी कि उनकी कंपनी करनाल के विभिन्न बैंकों के करीब 33 एटीएम ब्रांच को रुपए डालने का काम करती है।

# राजस्थान, एमपी और छत्तीसगढ़ में मोदी मैजिक पर दिखा जश्न का माहौल

**प्रचंड जीत**

**8 भाजपा की 3 राज्यों में प्रचंड जीत को लेकर बड़खल विधानसभा में पटाखे-फोड़े गए**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**
भाजपा की 3 राज्यों में प्रचंड जीत को लेकर बड़खल विधानसभ में पटाखे-फोड़े गए बजे ढ़ोल,:कार्यकताओं ने जमकर मनाई खुशी, एनआईटी-3 में भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद के कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा के कार्यालय पर जैसे-जैसे चुनाव के परिणाम आने लगे वैसे ही कार्यकताओं का जमावड़ा लगने



लगा। हर कार्यकर्त्ता हाथों में बीजेपी का झंडा लिए भारत माता की जय और हर हर मोदी घर घर मोदी के नारे लगा रहा था। कार्यालय पर आ रहे है लोगों को बीजेपी नेता राजन मुथरेजा लड्डू खिलाकर इस जीत में की खुशी में शामिल होने का न्योता दे रहे थे। इस मौके पर कार्यकताओं में काफी जोश दिखाई दिया। जश्न के बीच कार्यकताओं को अपने सम्बोधन में राजन मुथरेजा ने कहा की लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विधानसभा चुनाव में जीत कर मनोहर लाल खट्टर एक बार फिर मुख्यमंत्री बनेंगे। इसकी आहट अभी से शुरू हो चुकी है अब यह जश्न रुकने वाला नहीं है। सिर्फ बीजेपी कार्यकर्त्ता ही नहीं इस खुशी को मना रहा है बल्कि पूरा देश इस खुशी में शामिल है। देश के विकास के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो किया है उसका ही नतीजा यह चुनाव परिणाम दिखा रहा है।
राजन मुथरेजा ने कहा की यह जनादेश किसी पार्टी के नफा नुकसान की बात नहीं है। यह साफ साफ बात है कि प्रजातंत्र में जो व्यक्ति जमीन से जुड़ा है, जो पार्टी जमीन से जुड़ी हुई है और जमीन के लिए कार्य करती है, उसी पार्टी पर जनता भरोसा करती है। बड़खल विधानसभ में भी हमारे कार्यकर्त्ता जमीन से जुड़कर आम जनता के दुःख सुख का साथी बने हुए है। बड़खल विधानसभा को एक आदर्श और विकसशील विधानसभा बनाना है। आज की इस हैट्रिक जीत में जनता के कल्याण की नीतियां रही हैं। उसका पूरा लाभ बीजेपी को मिला है। केंद्र में हमारी डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में चल रही है। इस त्रिमुर्ति का ही प्रतिफल है कि हम इस स्थिति में हैं।

# 468 ग्राम गांजा सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने गांजा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कर्मवीर उर्फ कल्लू ओल्ड फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने



अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से ओल्ड फरीदाबाद से काबू किया है आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 468 ग्राम गांजा बरामद किया गया है आरोपी के खिलाफ थाना ओल्ड फरीदाबाद में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह गांजा को फुटकर में बेच कर अधिक मुनाफा कमाना के लिए दिल्ली सदर बाजार में किसी व्यक्ति से 4000/-? में खरीद कर लाया था। आरोपी गांजा को पुड़िया बनाकर बेचता है।
आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेशकर जेल भेजा गया।

### जमीन बेचने के नाम पर 4.15 करोड़ की धोखाधड़ी

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
जिले के गांव रामायण में 60 कनाल दो मरला जमीन बेचने के नाम पर 4.15 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। साइबर थाना पुलिस ने अर्बन एस्टेट-टू हिसार निवासी संजय गोयल की शिकायत पर दिल्ली निवासी अभिजीत सिंह व उसकी मां निरुपमा के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में संजय गोयल ने रविवार को बताया कि नई दिल्ली साउथ एक्सटेंनशन निवासी अभिजीत सिंह व निरुपमा ने एक प्रोपर्टी डीलर पवन कुमार मार्फत अपनी 60 कनाल दो मरला जमीन बेचने को लेकर उससे संपर्क किया।

# सैन्य एवं अर्धसैनिक बल कल्याण ट्रस्ट ने नवनियुक्त ईएसएम सीएसडी कैटीन मैनेजर को ज्ञापन सौंपा




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
सैन्य एवं अर्धसैनिक बल कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष सतिंदर दुग्गल, पूर्व सैनिक, विंग कमांडर ने अन्य पूर्व सैनिको जिसमें कैप्टेन सुमेर सिंह ,सूबेदार फिरे सिंह,सार्जेंट बीरेन्दर,सूबेदार धरम पाल शर्मा,सूबेदार सतीश,सूबेदार मेजर सालिगराम,सूबेदार उदय सिंह,सूबेदार त्रिलोक अधाना,सूबेदार पूह सिंह,सूबेदार किरण चंद नागर , हवलदार करतार सिंह नागर के साथ मिलकर कैंटीन मेनेजर ईएसएम सीएसडी सेक्टर-16 की पोस्ट पर पदस्थ होकर आए पूर्व कर्नल भगवानदास का स्वागत किया और उन्हें अपनी मांगों का एक ज्ञापन सौंपा।
इस मौके पर सतिंदर दुग्गल ने कहा हम नए कैंटीन मेनेजर की पोस्ट पर पदस्थ होकर आने पर उनका स्वागत करते है व साथ ही दिल्ली एरिया के प्रशासन का भी धन्यवाद जिनके प्रयासों से आप यहाँ पदस्थ हुए. आपसे कुछ अपेक्षाए है जिन्हें आपके समक्ष रखने के लिए हम उपस्थित हुए हैं. जब भी कैंटीन में ग्रोसरी ० शराब के नए स्टॉक के आने पर बिक्री शुरू होती है तो उसके एक या दो दिन पहले कृपया कुछ नंबर्स पर यह मेसेज डाल दे ताकि दूर दूरस्थ सेक्टर्स,कालोनियों व गावों से आने वाले लोगों को असुविधा न हो. इसके लिए आप 96432 68316 ० ऐसे कई और साथियों द्वारा चलाये जा रहे सोशल मीडिया ग्रुप पर मेसेज डाल दे ताकि वो इसे आगे भेज सके. अगर ईएसएम सीएसडी कैटीन का इस उदेश्य के लिए कोई ऐसा ग्रुप है (जैसा की हमें मालूम हुआ है) तो उसमे सभी आर्म्स,रैक, एरिया के साथियों को बिना भेद भाव, दवेष, पूर्वाग्रह इत्यादि की भावना के जोड़ा जाये ० ऐसे कई ग्रुप बनाये जाये क्यूंकि अब एक वाटस एप ग्रुप में 1024 सदस्य तक हो सकते हैं ० अब तो कम्यूनिटी भी बनाई जा सकती है।
आप ईएसएम सीएसडी का फेसबुक पेज भी बनाकर उसमें जानकारी डाल सकते है

# डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन ने नशे के प्रति किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
गणमान्य व्यक्तियो के साथ मीटिंग की गई जिसमें उनके संबंधित एरिया में सामने आ रही कानून व्यवस्था संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई व समस्याओं के समाधान के लिए उचित कदम उठाए। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आज डीसीपी एनआईटी ने अपने कार्यालय में सीनियर सिटीजन लोगों के साथ उनकी समस्याएं जानी और उनका निवारण करने की उचित कदम उठाए साथी ही नशे के दुष्परिणाम, महिला विरुद्ध अपराध के प्रति जागरूक करते हुए उन्होंने समझाया कि नशा विनाश की जड़ होता है।



जो व्यक्ति नशा करता, खरीदता या बेचता है वह अपनी बबार्दी की तरफ पहला कदम बढ़ाता है और आगे चलकर वह इसके चंगुल में इतना फंस जाता है कि वहां से बाहर निकलना लगभग नामुमकिन हो जाता है और इस के चक्कर में वह अपनी सारी संपत्ति, घर परिवार, बालक बच्चों को खो देता है। इसलिए नशे के चंगुल से बचकर रहें और अपने बच्चों और साथियों को इसके बारे में जानकारी दें ताकि वह नशे की चपेट में आने से बच सकें और अपने साथियों को भी इससे बचा सकें।
इसके साथ ही उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जानकारी दी तथा साथ ही समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि समाज में नशे के प्रति जागरूकता अभियान चलाई हैं।

# हथियार के बल पर गाडी क्रेटा लूटने की वारदात में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार

**वारदात**

**8 दोनों आरोपियों पर पूर्व में लड़ाई, स्नैचिंग, लूट, हत्या के प्रयास, अवैध हथियार के 11 मामले दर्ज है।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
बता दे कि 30 अक्टूबर को पाखल टोल टैक्स सोहना रोड पर हथियार के बल पर गाडी क्रेटा लूटने की वारदात को चार आरोपियो ने अंजाम दिया था। वारदात के संबंध में शिकायत मिलने पर थाना धौज में लूट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में डीसीपी क्राइम हेमेंद्र




कुमार मीणा के द्वारा लूट के मामले में तुरंत कार्रवाई के दिए गए दिशा निर्देश एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्ग दर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने लूट के मामले में 2 और आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में आरोपी विकास उर्फ मुन्ना और आकाश का नाम शामिल है। दोनों आरोपी डबुआ गाजीपुर के उत्तम नगर के रहने वाले है। मामले में पहले आशू और विशाल उर्फ विष्णु को गिरफ्तार किया जा चुका है।
शिकायतकर्त्ता रविन्द्र जैन के द्वारा बताया गया है कि ड्राइवर मुकेश क्रेटा कार को चार लडको के द्वारा सिर पर पिस्टल लगाकर गाडी लूटने की वारदात को अंजाम दिया था।
दोनों आरोपियो को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर वारदात में प्रयोग मोटरसाईकिल व लूटी हुई गाडी के ड्राईवर का ड्राईविंग लाईसेंस वा गाडी की आर.सी को बरामद किया गया। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपियों पर पूर्व में लड़ाई झगड़ा, स्नैचिंग, लूट, हत्या के प्रयास, अवैध हथियार के 11 मामले दर्ज है। जिसमें 9 मामले थाना डबुआ के, एक मुजेसर और एक सराय ख्वाजा का शामिल है। दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत पर जगदीश भाटिया ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदीश भाटिया ने बधाई दी है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जादू लोगों पर कायम है और देश की जनता जानती है कि उनके नेतृत्व में ही विकास संभव है. श्री भाटिया ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों का सुपड़ा साफ हो जाएगा तथा नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश की सत्ता संभालेंगे. उन्होंने कहा कि



इन तीन राज्यों में भाजपा की बंपर जीत ने साबित कर दिया है कि देश में विपक्ष नाम की कोई चीज नहीं रह गई है. कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कोशिश के बावजूद उन्हें भारी हार मिली है तथा देश की जनता ने तय कर लिया है कि भाजपा के अलावा किसी अन्य दल को वह जन समर्थन नहीं देगी.
श्री भाटिया ने कहा कि अब देश की जनता को 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव का इंतजार है ताकि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना कर एक रिकॉर्ड कायम किया जा सके. उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी भाजपा तीसरी बार अपनी हैट्रिक बनाने जा रही है. इन तीन चुनाव में भाजपा की जीत ने हरियाणा को जीतने का रास्ता भी साफ कर दिया है. भाजपा नेता श्री भाटिया ने कहा कि हरियाणा में मनोहर लाल तीसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे और भाजपा भारी मतों से प्रदेश में अपनी सरकार बनाएगी

# भाजपा की प्रचंड जीत पर पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी ने बांटी मिठाई







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** केवल पार्क स्थित भाजपा कार्यालय पर सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी ने भाजपा की प्रचंड जीत पर लोगों में मिठाई का वितरण किया और इस दौरान ढ़ोल-नगाड़े भी बजाये गये। इस मौके पर ओम प्रकाश कौशिक, देवराज गुप्ता, सुनील अवस्थी शाह, वरूण त्यागी, हरीश भारद्वाज, चेतन भारद्वाज, कपूर सिंह दहिया, सुभाष राणा, निरंजन गुप्ता, तरूण शर्मा, उज्जवल त्यागी, अदित्य त्यागी, अर्चना त्यागी, कविता गुप्ता, मंजू गुप्ता, अनिता गांधी, श्रीकृष्ण गोपाल सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी ने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा की बड़ी जीत ने साबित कर दिया गया है कि 2024 में एक बार फिर नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। 2024 में भाजपा की जीत तय हो गई है। उन्होंने कहा कि कमल खिलने का मतलब सुशासन और विकास की गारंटी है। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व का पूरे देश की राजनीति में डंका बज रहा है। आज पूरे आत्मविश्वास से हम कह सकते हैं कि भारत के मन में मोदी हैं और मोदी जी के मन में भारत है।



निमड़ी कॉलोनी गुरुद्वारा द्वारा श्री गुरु नानक देव जी के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर आयोजित नगर कीर्तन के दौरान निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

## भगवंत मान और केजरीवाल ने नोटा से भी कम वोट हासिल किए : सिरसा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा के राष्ट्रीय** सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के सरकारी खजाने से सैकड़ों करोड़ रुपये बर्बाद कर दिए लेकिन उन्हें चार राज्यों के घोषित हुए चुनावी नतीजों में नोटा से भी कम वोट हासिल हुए। यहां जारी एक बयान में सरदार सिरसा ने कहा कि भगवंत मान ने अपने बॉस अरविंद केजरीवाल के इशारे पर पंजाब के सरकारी खजाने का दुरुपयोग किया तथा केजरीवाल ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में प्रचार करने के



लिए विशेष विमान किराये पर लिया। इन चुनावी राज्यों में आम आदमी पार्टी के विज्ञापन पर सैकड़ों करोड़ रुपये बर्बाद किए गए ठीक इसी प्रकार सोशल मीडिया पर भी प्रचार के लिए खूब पैसा खर्च किया इसके अलावा चुनावी राज्यों में विशेष टीमें भी रखी गईं। सरदार सिरसा ने कहा कि पंजाब के करदाताओं का पैसा बर्बाद करने के बाद आप पार्टी को इन चुनावी राज्यों के नतीजों में नोटा से भी कम वोट मिले, आम आदमी पार्टी को इन राज्यों में एक प्रतिशत भी वोट नहीं मिला व उसके हिस्से में 0.4 प्रतिशत से भी कम वोट आये। भाजपा नेता ने कहा कि हालांकि आम आदमी पार्टी अपने झूठे और खोखले वादों से पंजाबियों को बेवकूफ बनाने में सफल रही है, लेकिन देश के लोग अब अरविंद केजरीवाल के काम करने के तरीके को समझ चुके हैं और जानते हैं कि अरविंद केजरीवाल देश के सबसे भ्रष्ट नेता हैं।

## राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रचंड जीत: वत्स

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय लोकतांत्रिक** मतदाता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने राजस्थान मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रचंड जीत को 2024 में भाजपा की सरकार बनाने को जनता की हरी झंडी बताया है। वत्स ने तीनों राज्यों में मिली ऐतिहासिक विजय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक्स पर पोस्ट कर उन्हें इस अभूतपूर्व जीत पर 140 करोड देशवासियों की और से अपनी हार्दिक बधाई दी है।
वत्स ने कहा कि देशवासियों ने अब मन बना लिया है कि 2024



के लोकसभा चुनावों में भाजपा को ही चुनना है। मोदी जी जो कहते हैं वह पूरा करते हैं। जनता को उनकी गारंटी पर पूरा विश्वास हो गया है। देश की आधी आबादी महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और उनके सशक्तिकरण की दिशा में मोदी सरकार संकल्पबद्ध है।

## आज से शुरू होगो15वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नई दिल्ली के राजघाट** स्थित गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति में नेहरू युवा केंद्र पश्चिम दिल्ली (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा आदिवासी युवाओं के विकास और सशक्तिकरण के साथ राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए आदिवासी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का आयोजन गृह मंत्रालय भारत सरकार के माध्यम से 4 से 10 दिसम्बर 2023 के बीच आयोजित किया जा रहा है। यह कहना था दिल्ली के डॉ. अजीम अंसारी जिला युवा अधिकारी का । जिन्होंने कार्यक्रम से पूर्व पत्रकार सम्मेलन में बताया कि आदिवासी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम में दो राज्य जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के




जिलों सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर कांकेर और राजनांदगांव और मध्य प्रदेश राज्य के बालाघाट जिले से 200 युवा और एनवाईकेएस, सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी के 20 एस्कॉर्ट अधिकारी भाग ले रहे हैं।
इस कार्यक्रम में युवाओं के लिए शैक्षिक सत्र जिसमें विभिन्न विषयों जैसे कि कौशल विकास एवं प्रबंधकीय कौशल,आत्म-विश्वास निर्माण एवं कैरियर मार्गदर्शन उद्यमिता एवं व्यवसाय, सोशल मीडिया एवं साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वतंत्रा संग्राम एवं स्वतंत्रता सेनानियों के ऊपर संवाद स्वास्थ्य के ऊपर चर्चा भाषण एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता, वित्तीय साक्षरता एवं धोखाधड़ी बैंकिंग से जुड़ी योजनाओं एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं पर शैक्षणिक सत्र के माध्यम से उन्हें जानकारी दी जायेगी। साथ ही इन युवाओं को सीआरपीएफ कैम्प का दौरा दिल्ली भ्रमण, जिसमें अक्षर धाम, राजघाट, स्वच्छता केन्द्र, गांधी स्मृति 30 जनवरी मार्ग, इंडिया गेट, युद्ध स्मारक, पुलिस स्मारक, कुतुब मीनार, लोटस टैंपल, प्रधानमंत्री संग्रहालय इत्यादि एक्सपोजर के लिए रिसर्च प्रौद्योगिकी अनुसंधान और औद्योगिक आधुनिकीकरण व स्वचालन के लिए मदर डेरी आदि का दौरा करवाया जायेगा।



वार्ड-18 जहांगीर पुरी में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के नेतृत्व में 'मैं भी केजरीवाल' अभियान डोर टू डोर चलाते हुए आप कार्यकर्ता।

## सुल्तानपुरी: जनता मंहगाई से त्रस्त, भाजपा झूठे बखानों में मस्त: खान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जहां एक ओर देश** का युवा वर्ग बेरोजगारी की मार झेल रहा है वहीं दूसरी ओर बढ़ती महंगाई से लोगों को दो वक्त की रोटी भी खानी भारी पड़ रही है। सुल्तानपुर माजरा विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले सुल्तानपुरी विधानसभा उपाध्यक्ष रीयाजूद्दीन खान ने कहा कि रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है। लेकिन केंद्र सरकार महंगाई कम करने की ओर तनिक भी ध्यान नहीं दे रही है, वहीं बढ़ती हुई मंहगाई ने जहां



एक ओर तो लोगों का बजट हिला दिया है। वहीं महंगाई ने आमजनो की कमर तोड़ रखी है। खान ने बताया कि साल में कई बार तो दूध के दामों के साथ-साथ अन्य चीजों के दाम भी बढ़े है। जिससे लोग परेशान हो रहे है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में आप का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए।

## शालीमार बाग में बैठक का आयोजन, पहुंचे विजय गोयल





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गांधी दर्शन** के उपाध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल द्वारा 10 दिसंबर को दलित भाई-बहनों का सम्मान व सहभोज कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली के सत्याग्रह मण्डप, गांधी दर्शन राजघाट, नई दिल्ली पर कराया जाएगा। जिसके उपलक्ष्य में वार्ड नंबर-55, शालीमार बाग ए, हैदरपुर नेहरु कैंप, वार्ड नंबर-57, एकता कैंप, दुर्गा मंदिर, पीतमपुरा व वार्ड नंबर 56, सेवा बस्ती शालीमार बाग में सेवा बस्ती के लोगों के साथ पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल की मीटिंग हुई। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने किया। इस मौके पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल ने सभी को गांधी दर्शन म्यूजियम देखने व सह भोज के लिए 10 दिसंबर को आने के लिए आग्रह किया।
इस मौके पर प्रमुख कार्यकर्ता और पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण यादव, महामंत्री वीरेंद्र सिंह पिंटू, बब्लू राय, शम्भू चौधरी, सुनिल ठाकुर, सतीश कालीरमन, सतीश वमा, रोशन सिंह, पिंकी ठाकुर, अनिल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रोहिणी में कैंसर परीक्षण एवं परामर्श शिविर का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**श्रीराम एजुकेशनल** एंड वेलफेयर ट्रस्ट, इंडियन कैंसर सोसायटी, लायंस क्लब दिल्ली एक्टिव, श्री खाटू श्याम परिवार रोहिणी दिल्ली के सौजन्य से श्रीराम इंस्टीट्यूट आफ प्रोफेशनल एंड वोकेशनल स्टडीज में कैंसर परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। इस शिविर में करीब 115 लोगों ने अपना कैंसर चेकअप कराया एवं परामर्श किया। श्रीराम एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट समय-समय पर सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में हमेशा अग्रणी रहता है। श्रीराम एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट एवं श्रीराम इंस्टिट्यूट ऑफ प्रोफेशनल एंड वोकेशनल



स्टडीज समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैंप, दवाई वितरण कैंप, स्कॉलरशिप वितरण कैंप व अन्य सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर करता रहता है। श्रीराम एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की उप-प्रधान रचना गोयल ने बताया कि इस तरह के आयोजन समय-समय पर किए जाते रहते हैं ,जिसका मुख्य उद्देश्य समाज को



लाभ पहुंचाना है। उन्होंने बताया की इस शिविर का उद्देश्य सभी का कैंसर मुक्त करना भी है। श्रीराम इंस्टीट्यूट आफ प्रोफेशनल एंड वोकेशनल स्टडीज के एकेडमिक काउंसिल के चेयरमैन ललित गोयल ने बताया कि संस्थान समय-समय पर जरूरतमंद बच्चों को स्कॉलरशिप के माध्यम से कम फीस में कौशल विकास प्रशिक्षण देकर



उनके उज्जवल भविष्य को बनाने में सहयोग करता रहता है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक महेंद्र गोयल, निगम पार्षद सुरेंद्र सोलंकी, निगम पार्षद नरेंद्र सोलंकी, पूर्व निगम पार्षद हेमराज गर्ग एवं दिनेश बतरा लायंस क्लब सेकंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, सुनील कुमार गोयल, सुनील चौधरी, पंकज गुप्ता, विकास चौहान, सचिन माथुर, नीतू माथुर के साथ संस्थान की पूरी टीम अनु शर्मा, आकाश शर्मा, पूजा शर्मा, मोनिका शर्मा, नीलू, चेतना शर्मा, कविता रोहिल्ला, रोहित भारद्वाज, सोनम शर्मा, सुमिता ठकराल, निशा अग्रवाल, जितेंद्र, आदि मौजूद रहे।
यह शिविर कैंसर परीक्षण एवं परामर्श के लिए संपूर्ण रूप से निःशुल्क रहा। इसके लिए सभी परिक्षण कराने वालों से किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया गया। परीक्षण संपूर्ण रूप से निःशुल्क रहा। आमतौर पर इस परीक्षण का खर्च करीब 10,000 से 15,000 रूपये तक का आता है जोकि इस शिविर के माध्यम से निःशुल्क रहा।